4 रायपुर संभाग
पीडब्ल्यूडी विभाग के गुणवत्ताहीन सड़क चौड़ीकरण...

6 फिल्मी
मैं फिल्म में क्रिएटिवली ज्यादा...

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
स्वर्णप्राशन एवं बाल रक्षा किट के लिए आयुर्वेद महाविद्यालय...

10 संस्कारधानी
अवैध शराब का रैकेट सक्रिय... शासकीय दुकानों ...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 28 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-68 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक आज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज दोपहर 12 बजे राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर में आयोजित की गई है। राज्य सरकार कैबिनेट में कई अहम फैसले लेने जा रही है। वहीं राज्योत्सव से संबंधित विषय पर भी कैबिनेट में चर्चा होगी।

### मजदूरों से भरी ट्रैक्टर टॉली पलटी, दो की मौत पंद्रह घायल

**बैतूल/भोपाल।** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र स्थित एक पहाड़ी में एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गयी, जिससे उसमें सवार दो मजदूरों की घटना स्थल पर मौत हो गयी और पंद्रह अन्य घायल हो गए। घायलों में दो को गंभीर हालत में भोपाल भेजा गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मक्का बेचकर बैतूल से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली रानीपुर थाना क्षेत्र स्थित पहाड़ी में अनियंत्रित होकर पलट गयी।

### मंत्री इरफान अंसारी को हटाएं : शिवराज

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस नेता और मंत्री इरफान अंसारी के सीता सोरेन पर विवादित बयान को लेकर भाजपा आक्रामक है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में बहन सीता सोरेन का अपमान हुआ है। उन्होंने झारखंड सरकार और मंत्री इरफान अंसारी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बयान सरकार की महिला-विरोधी मानसिकता को दिखाता है।

### अजित पवार ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की

**मुंबई।** अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपने चार उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की।



पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। राकांपा ने इससे पहले 23 और 25 अक्टूबर को 45 उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की थी और चार उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की। सूची के अनुसार, गेवराई निर्वाचन क्षेत्र से विजय सिंह पंडित, फलटन से सचिन पाटिल, निफाड़ से दिलीपकाका बुनकर और पारनेर से काशीनाथ दाते चुनाव लड़ेंगे।

# भारतीय संस्कृति विश्व को अपनी ओर आकर्षित कर रही : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व को अपनी ओर आकर्षित कर रही है जिसकी वजह से आज दुनिया भर के लोग भारत को जानना चाहते हैं, भारत के लोगों को जानना चाहते हैं ।मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में कहा सुलेख के जरिए हमारी लिखावट साफ सुंदर और आकर्षक बनी रहती है । जम्मू-कश्मीर में इसका उपयोग स्थानीय संस्कृति को लोकप्रिय बनाने के लिए किया जा रहा है। अनंतनाग की फ़िरदौसा बशीर को कैलीग्राफ़ी (सुलेख) में महारत हासिल है, इसके जरिए वह स्थानीय संस्कृति के कई पहलुओं को सामने ला रही हैं । ऐसा ही एक प्रयास उधमपुर के गोरीनाथ भी कर रहे हैं । एक सदी से भी अधिक पुरानी सारंगी के जरिए वह डोगरा संस्कृति और विरासत के विभिन्न रूपों को सहेजने में जुटे हैं। सारंगी की धुनों के साथ वह अपनी संस्कृति से जुड़ी प्राचीन कहानियां और ऐतिहासिक घटनाओं को दिलचस्प तरीके से बताते हैं। देश के



अलग-अलग हिस्सों में भी आपको ऐसे कई असाधारण लोग मिल जाएंगे जो सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए आगे आए हैं । डी. वैकुन्ठम करीब 50 साल से चेरियाल फोक आर्ट को लोकप्रिय बनाने में जुटे हुए हैं । तेलंगाना से जुड़ी इस कला को आगे बढ़ाने का उनका यह प्रयास अद्भुत है ।

### प्रधानमंत्री ने मन की बात में नारायणपुर के बुटलूराम माथरा को सराहा

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चर्चित रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 115वें एपिसोड में जब छत्तीसगढ़ के नारायणपुर के बुटलूराम माथरा का जिक्र किया, तो लोक कला को बचाने और उसे आगे बढ़ाने के लिए वर्षों से की जा रही उनकी मेहनत राष्ट्रीय मंच पर चमक उठी। यह पल था छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उसे संजोने वाले उन गुमनाम नायकों को सलाम करने का, जिनके प्रयासों ने इस धरोहर को जीवित रखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में बुटलूराम जी की कहानी साझा करते हुए बताया कि वे पिछले चार दशकों से अबूझमाड़िया जनजाति की अनूठी लोक कला को बचाने और आगे बढ़ाने के लिए सतत प्रयासरत हैं। बुटलूराम ने लोक कला की उन धरोहरों को सहेज कर रखा है, जिनमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति की गूंज है। उनकी लगन और निष्ठा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। प्रधानमंत्री की यह सराहना, उस समर्पण की गवाही थी, जो बुटलूराम जी ने अपनी संस्कृति को संरक्षित करने के लिए दी है, जिससे न केवल छत्तीसगढ़ का नाम रोशन हुआ है, बल्कि पूरी दुनिया के सामने उसकी विशिष्टता भी उभरी है।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा- माथरा के प्रयासों को बढ़ावा देगी छत्तीसगढ़ सरकार

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोक कला के संरक्षण



और संवर्धन में जुटे नारायणपुर के बुटलूराम माथरा की सराहना किए जाने पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री ने लोक कला के क्षेत्र में अच्छा काम कर रहे कलाकारों की प्रशंसा की है। बुटलूराम माथरा ने लोक कला को संरक्षित करने की दिशा में बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ तथा स्वच्छ भारत को आगे बढ़ाने की दिशा में बड़ा काम भी किया है। नारायणपुर में आदिवासी संस्कृति अपने सबसे मूल रूप में है। हमारी सरकार माथरा के प्रयासों को बढ़ावा देगी।

### साइबर फ्रॉड के प्रति आगाह किया प्रधानमंत्री मोदी ने

पीएम मोदी ने आम जनता को साइबर फ्रॉड के प्रति आगाह करते हुए कहा कि इससे निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर काम कर रही हैं। पीएम ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था कानून में नहीं है। यह सिर्फ धोखाधड़ी, फरेब और झूठ है। उन्होंने कहा कि यह बदमाशों का गिरोह है और ऐसा करने वाले समाज के दुश्मन हैं। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर जो फरेब चल रहा है, उससे निपटने के लिए तमाम जांच एजेंसियां, राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। इन एजेंसियों में तालमेल बनाने के लिए 'राष्ट्रीय साइबर कॉर्डिनेशन सेंटर की स्थापना' की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एजेंसियां काम कर रही हैं, लेकिन डिजिटल अरेस्ट के नाम पर हो रही धोखाधड़ी से बचने के लिए हर किसी की जागरूक रहना जरूरी। जो लोग भी इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, उन्हें ज्यादा-से-ज्यादा लोगों को इसके बारे में बताना चाहिए। उन्होंने कहा, आप जागरूकता के लिए हैशटैग सेफ़डिजिटलइंडिया का प्रयोग कर सकते हैं। मैं स्कूलों और कॉलेजों को भी कहूँगा कि साइबर अपराध के खिलाफ मुहिम में छात्रों को भी जोड़ें। समाज में सबके प्रयासों से ही हम इस चुनौती का मुकाबला कर सकते हैं।

### फिट इंडिया जनांदोलन बन गया है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता की सराहना करते हुए रविवार को कहा कि फिट इंडिया अब जनांदोलन बन गया है। मोदी ने रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 115वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि देश के बड़े हिस्से में ठंड का मौसम शुरू हो गया है, लेकिन फिटनेस का जुनून, फिट इंडिया की भावना पर मौसम से फर्क नहीं पड़ता। जिसे फिट रहने की आदत होती है, वह सर्दी, गर्मी, बरसात कुछ भी नहीं देखता है। उन्होंने कहा कि भारत में अब लोग फिटनेस को लेकर बहुत ज्यादा जागरूक हो रहे हैं। पार्कों में लोगों की संख्या बढ़ रही है। पार्क में टहलते बुजुर्गों, नौजवानों, और योग करते परिवारों को देखा जा सकता है। उन्होंने जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में योग दिवस समारोह का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रीनगर मैराथन में भी फिट रहने का उत्साह दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया की यह भावना अब एक जनांदोलन बन रही है । मोदी ने कहा कि स्कूल में बच्चों की फिटनेस पर अब और ज्यादा ध्यान दिया जा रहा हैं। फिट इंडिया स्कूल आवर्स भी एक अनोखी पहल है। स्कूल अपने पहले घंटे का इस्तेमाल अलग-अलग फिटनेस गतिविधियों के लिए कर रहे हैं । अनेक स्कूलों में एक दिन बच्चों को योग, एयरोबिक्स , खेल - खो-खो और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसका लाभ भी हो रहा है और परिवार भी फिटनेस का महत्व समझ रहे हैं।

## भारत अफ्रीका का समर्थन जारी रखेगाा : सीतारमण

वार्ता ◄ वाशिंगटन
www.dailypioneer.com



केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी7 और जी20 से अफ्रीका के लिए समर्थन बढ़ाने का आग्रह करते हुये कहा है कि बुनियादी ढांचे के विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में अफ्रीका को तकनीकी विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की पेशकश करते हुए भारत अफ्रीका को हर तरह से समर्थन करना जारी रखेगा। सीतारमण ने विश्व बैंक और अतंरराष्ट्रीय मुद्रा कोर्ष (आईएमएफ) के अवसर पर अफ्रीका में विकास के लिए जी7 पहलों और विकास वित्त चुनौतियों के लिए देश-विशिष्ट समाधानों पर चर्चा करने के लिए जी7 अफ्रीकी मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। भारत और अफ्रीका के बीच गहरी साझेदारी को देखते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 मार्गदर्शक सिद्धांतों के साथ इस साझेदारी को फिर से परिभाषित किया है।

## बेमेतरा सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले के ग्राम ढोलिया के समीप दर्दनाक सड़क हादसे मे दो युवकों की मौके पर मौत हो गई और एक बच्चे की हालत गंभीर है। घटना बेमेतरा थाना क्षेत्र के ग्राम ढोलिया बाईपास रोड सेंट्रल बैंक के पास की है। धान से भरी ट्रक और मोटरसाइकिल की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। मौके पर पहुंची सिटी कोतवाली पुलिस की टीम और 108 एम्बुलेंस वाहन की मदद से बेमेतरा जिला अस्पताल भिजवाया गया। बताया जा रहा है कि तीनों ग्राम मुगवाय के निवासी है। तीनो बाइक में सवार होकर बेमेतरा से वापस अपने गांव मुगवाय जा रहे थे। वहीं घटना के बाद से ट्रक चालक फरार है।

## कोई न्यायालय सबऑर्डिनेट नहीं : जगदीप धनखड़

पायनियर संवाददाता ◄ जयपुर
www.dailypioneer.com



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका को देश का सबसे महत्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा है कि इसमें सबऑर्डिनेट शब्द की कोई जगह नहीं है और कोई भी न्यायालय सबऑर्डिनेट नहीं है, प्रचलित शब्दों में बदलाव होना चाहिए। धनखड़ जयपुर में एआईआर पुस्तकालय के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता संघ को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी न्याय प्रणाली के सबसे महत्वपूर्ण अंग को हम सबआर्डिनेट क्यों कहते हैं। दोनों शब्दों में बदलाव होना चाहिए, और ऐसा ही बदलाव सोच में भी होना चाहिए, कोई भी अदालत 'सबआर्डिनेट' नहीं है।

## पीएम मोदी करेंगे सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल सिम्स का लोकार्पण और केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान का शिलान्यास

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के चतुर्मुखी विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में सर्वोपरि कार्य हैं। छत्तीसगढ़ राज्य के पहले डिटिजल बजट में भी राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के सुदृढ़िकरण की बडी झलक दिखी थी जो वास्तविकता का रूप लेती जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए प्रयोग और राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों को खोलने के लिए केंद्रीय स्तर पर लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में 29 अक्टूबर को राज्य के बिलासपुर में 200 करोड़ रूपए की लागत से तैयार सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल सिम्स का लोकार्पण होने जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वचुअल माध्यम से इस अस्पताल का लोकार्पण करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित रहेंगे। यह अस्पताल तीन चरणों में प्रारंभ होगा। पहले चरण में ओपीडी, दूसरे चरण में वार्ड और आईसीसीयू, डायलिसिस यूनिट व लैब तीसरे चरण में कैथ लैब, ओटी, हार्ट व लंब की मशीनें शुरू होंगी और चौथे चरण में अस्पताल पूरी तरह से काम करने लगेगा। बिलासपुर में इस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के शुरू हो जाने से सरगुजा और बिलासपुर संभाग के मरीजों को रायपुर आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और उन्हें पास में ही इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इसी तरह से 29 अक्टूबर को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से रायपुर में 100 बिस्तरों वाले केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान का शिलान्यास करेंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया है कि 90 करोड़ रूपए की लागत से इस संस्थान का निर्माण 24 माह में पूरा होगा। राज्य सरकार ने इस संस्थान के लिए 10 एकड़ की भूमि आयुष विभाग को उपलब्ध करा दी है। यह छत्तीसगढ़ का पहला योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र और अस्पताल होगा जो गैर संचारी रोगों के उपचार की सुविधा प्रदान करेगा। केंद्र में वेलनेस थिरेपी में प्रशिक्षण प्रमाणन पाठ्यक्रम और अनुसंधान में फेलोशिप पाठ्यक्रम का भी संचालन होगा। इस संस्थान के शुरू होने से योग और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रभावों के बारे में नए ज्ञान और अंतदृष्टि का विकास होगा।

## कांग्रेस ने की बलरामपुर कांड की न्यायिक जांच कराने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कानून व्यवस्था विशेषकर बलरामपुर में पुलिस हिरासत में मौत की नैतिक जिम्मेदारी लेकर मुख्यमंत्री से इस्तीफा देने और इस मामले की उच्च न्यायालय के जज की निगरानी में जांच कराने की मांग की है। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में कोतवाली में हुई गुरुचरण मण्डल की मौत की आग थमने का नाम नही ले रही है। कांग्रेस इस मुद्दे पर लगातार अपने वरिष्ठ नेताओं के माध्यम से सरकार को घेर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि बलरामपुर में पुलिस की कस्टडी में एक युवक गुरुचरण मंडल की मौत हो गयी। पुलिस का दावा है कि मृतक गुरुचरण की मौत बाथरूम में फांसी लगाने से हुई है। बैज ने कहा कि सारे तथ्य बताते हैं कि बलरामपुर में युवक गुरुचरण मंडल की मौत पुलिस की पिटाई से हुई है। मृतक की पत्नी 29 सितंबर को लापता हो गई थी। गुरुचरण को उसके पिता के साथ उसकी पत्नी के लापता होने के संबंध में पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन बुलाया गया था। मृतक के परिजनों का कहना है कि पुलिस ने चार दिनों से उसे तथा उसके पिता को थाने बुलाया था तथा इस दौरान उसे थाने में हिरासत में रखा गया था। गुरुचरण के पिता ने कहा, पिछले 20 दिनों से मेरी बहू लापता है और मैं अपने बेटे के साथ तीन दिनों से हिरासत में हूं।

## हर पात्र व्यक्ति को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ : योगी

पायनियर संवाददाता ◄ गोरखपुर
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए उन्होने कहा कि जिनके पास आवास नहीं है, उन्हें पीएम-सीएम योजना के तहत पक्का आवास दिलाया जाए और जो किसी सामाजिक पेंशन योजना के दायरे में आने की अर्हता रखते हैं,उन्हें इसका लाभ दिलाया जाए। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक योगी खुद पहुंचे और एक एक करके सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया कि हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला की समस्या को संवेदनशीलता से देखें। पात्रता के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए।

### भाजपा ने यमुना नदी की सफाई को लेकर आम आदमी पार्टी पर बोला हमला

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने यमुना नदी की सफाई को लेकर आम आदमी पार्टी और प्रदेश सरकार पर हमला बोला है और कहा है कि छठ पूजा नजदीक है और हमारी माताएं और बहनें यमुना जी में भगवान सूर्य की आराधना करने या अर्घ्य देने आएंगी, वो यमुना जी में कैसे डुबकी लगा पाएंगी। सचदेवा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स 'पर कहा , ' दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने मेरे स्वास्थ्य की कामना की है। मैं उनका धन्यवाद देता हूँ, लेकिन मैं उनसे कहना चाहता हूँ कि मेरे लिए मेरे स्वास्थ्य से ज्यादा ज़रूरी है यमुना जी की सफाई। छठ पूजा नजदीक है, और हमारी माताएँ-बहनें जो यमुना जी में भगवान सूर्य की आराधना करने या सूर्य को अर्घ्य देने जाएँगी, वे किस तरह से माँ यमुना में डुबकी लगा पाएँगी? उन्होंने कहा, मेरी एक डुबकी ने बता दिया कि आप की भ्रष्ट सरकार ने माँ यमुना का क्या हाल कर रखा है।

**भाजपा की सरकार बनते ही बंगलादेश से घुसपैठ रोक दी जाएगी**

## अमित शाह ने लोगों से 2026 में ममता शासन को समाप्त करने का किया आग्रह

एजेंसी ◄ कोलकाता
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल में सत्ता परिवर्तन का आह्वान किया और कहा कि वर्ष 2026 के राज्य विधानसभा चुनावों के बाद भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने पर शांति बहाल की जाएगी। शाह ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही बंगलादेश से घुसपैठ रोक दी जाएगी और अवैध रूप से बसे लोगों को निर्वासित किया जाएगा। वह उत्तर 24 परगना जिले में बंगलादेश के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा के भारतीय हिस्से पेट्रापोल में बीएसएफ के एक कार्यक्रम के बाद एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री ने पेट्रापोल में एक एकीकृत चेक पोस्ट, यात्री टर्मिनल और मैत्री द्वार का अनावरण किया। अमित शाह ने कहा कि घुसपैठ रुकने पर ही राज्य में शांति लौटेगी। उन्होंने कहा, आप सबसे पहले वर्ष 2026 में पश्चिम बंगाल में बदलाव लाएं और देखें कि भाजपा राज्य में अवैध घुसपैठ को कैसे रोकेगी। केंद्रीय मंत्री ने राज्य में जीवन के हर पहलू में कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार की भी आलोचना की। उन्होंने आश्चर्य जताया कि बनर्जी सरकार ने बंगाल के विकास के लिए क्या किया है।उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आंकड़ों पर पलटवार करते हुए शाह ने कहा, पिछले 10 वर्षों में बंगाल को 7.74 लाख करोड़ रुपये का केंद्रीय कोष मिला है, जो पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबन्धन (संप्रग) सरकार के दौरान राज्य को मिले फंड से अधिक है। लेकिन दुर्भाग्य से, राज्य में केंद्रीय धन के उपयोग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है।' उन्होंने यह भी दावा किया कि मनरेगा और पीएमएवाई जैसी विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत प्रदान की गई धनराशि लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पाई।

उन्होंने आरोप लगाया, 'केवल तृणमूल कांग्रेस से जुड़े लोगों को ही ये धनराशि मिली है।'

## बिरसा मुंडा और सरदार पटेल की 150 वीं जयंती मनायेगी सरकार

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और लौह पुरुष सरदार पटेल की 150 वीं जयंती मनायी जायेगी। मोदी ने रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 115वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में हर युग में कुछ चुनौतियाँ आई और हर युग में ऐसे असाधारण भारतवासी जन्में हैं जिन्होंने इन चुनौतियों का सामना किया। उन्होंने कहा, की 'मन की बात' में, मैं, साहस और दूरदृष्टि रखने वाले ऐसे ही दो महानायकों की चर्चा करूंगा। इनकी 150वीं जन्म जयंती को देश ने मनाने का निश्चय किया है। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर से सरदार पटेल का 150वीं जन्म जयंती का वर्ष शुरू होगा। इसके बाद 15 नवम्बर से भगवान बिरसा मुंडा का 150वाँ जन्मजयंती वर्ष शुरू होगा। इन दोनों महापुरुष ने अलग-अलग चुनौतियाँ देखी, लेकिन, दोनों का दृष्टिकोण 'देश की एकता' था। मोदी ने कहा कि पिछले साल 15 नवंबर को वह भगवान बिरसा मुंडा की जन्मजयंती पर उनकी जन्मस्थली झारखंड के उलिहातू गाँव गये थे। उन्होंने कहा, मैं देश का पहला प्रधानमंत्री हूँ, जिसे इस पवित्र भूमि की मिट्टी को अपने मस्तक से लगाने का सौभाग्य मिला। उस क्षण, मुझे न सिर्फ स्वतंत्रता संग्राम की शक्ति महसूस हुई, बल्कि, इस धरती की शक्ति से जुड़ने का भी अवसर मिला। मुझे ये एहसास हुआ कि कैसे एक संकल्प को पूरा करने का साहस देश के करोड़ों लोगों का भाग्य बदल सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में देश ने ऐसे महान नायक-नायिकाओं की जन्म जयंतियों को नई ऊर्जा से मनाकर, नई पीढ़ी को, नई प्रेरणा दी है।

## भारतीय सेना के अधिकारियों के लिये आयोजित की गयी अमरन की विशेष स्क्रीनिंग

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय सेना के अधिकारियों और उनके परिवारों के लिए मेजर मुकुंद वरदराजन के जीवन पर आधारित आने वाली फिल्म अमरन की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गयी। राष्ट्र के नायकों को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए, फिल्म अमरन की टीम ने राजधानी दिल्ली में भारतीय सेना के अधिकारियों और उनके परिवारों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग की मेजबानी की। स्क्रीनिंग में फिल्म अमरन के मुख्य कलाकार शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी के साथ-साथ निर्देशक राजकुमार पेरियासामी भी मौजूद थे, जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से फिल्म देखने के लिए समय निकालने के लिए सैनिकों और उनके प्रियजनों का आभार व्यक्त किया। शिवकार्तिकेयन ने कहा, फिल्म अमरन भारतीय सेना में सभी को एक बड़ा सलाम है। मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि यह फिल्म सभी के लिए एक बड़ी श्रद्धांजलि होगी और यहां आने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। साई पल्लवी ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो आप सभी असली हीरो हैं, हम केवल आपके महान काम को बड़े दर्शकों तक पहुंचाने के साधन हैं। राजकुमार पेरियासामी ने कहा, अमरन मेरे लिए एक बहुत ही निजी फिल्म है। इसे देखना एक ऐसा अनुभव होगा जो हमेशा आपके साथ रहेगा। फिल्म अमरन का निर्माण दिग्गज अभिनेता कमल हासन ने आर. महेंद्रन और सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शन के साथ मिलकर किया है। राजकुमार पेरियासामी ने इसे लिखा और निर्देशित किया है। यह फिल्म 31 अक्टूबर को दुनियाभर में रिलीज होगी।

## दिया कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को किया पुरस्कृत



**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर के विश्व प्रसिद्ध मेयो कालेज गर्ल्स स्कूल के 36वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दियाकुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। कालेज परिसर पहुंचने पर दियाकुमारी की गर्मजोशी से अगवानी की गई और घुड़सवार छात्राएं उन्हें समारोह स्थल पर लाई। जहां उन्होंने वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया और छात्राओं को सम्मानित किया। उपमुख्यमंत्री दियाकुमारी ने कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से कहा कि मेयो की छात्राओं ने न केवल देश-प्रदेश बल्कि विदेशों में भी देश का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा, छात्राओं के श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मैं स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों को भी बधाई देती हूं और भविष्य के लिए छात्राओं को शुभकामनाएं देती हूं। इस मौके पर मेयो गर्ल्स प्राचार्य नीति भल्ला और मेयो प्रबंध निदेशक मंडल सदस्य महाराज गजसिंह भी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात का सीएम यादव ने सतना में किया श्रवण


पायनियर संवाददाता ◂ सतना
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशवासियों से संवाद के लिए प्रसारित मन की बात कार्यक्रम का मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सतना के सरस्वती विद्यापीठ में श्रवण किया। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल, सतना महापौर योगेश ताम्रकार सहित जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री मोदी ने त्यौहारों के समय में वोकल फोर लोकल के मंत्र का अनुसरण करते हुए देशवासियों से स्थानीय दुकानदारों से खरीदारी को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य के लिए परिवार सहित वैलनेस पर ध्यान देने, परंपरागत खेलों को अपनाने और व्यायाम को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की बात भी कही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सायबर फ्राड से बचने के लिए जागरुक रहने और सेफ डिजीटल इंडिया में योगदान देने के लिए भी सक्रिय रहने का देशवासियों से आहवान किया। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से लौह पुरुष सरदार पटेल तथा धरती-आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए इन गतिविधियों को विरासत से विकास का उत्सव बनाने का आह्वान किया।

## छात्रों के हित में शिक्षा प्रणाली में किए जा रहे परिवर्तन: सुखविन्द्र सुक्खू

एजेंसी ◂ शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोलन के धर्मपुर स्थित पाइनग्रोव स्कूल में वार्षिक समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की क्षमता का विकास कर उन्हें उत्तरदायी नागरिक बनाना है। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी स्तरों पर विद्यार्थियों का सर्वागींण विकास सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वित्त वर्ष 2024-25 में शिक्षा बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने के लिए सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा आरम्भ की गई है और उनके समग्र विकास के दृष्टिगत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी राजकीय डे-बोर्डिंग विद्यालय खोले जा रहे हैं। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार छात्रों को सुशिक्षित एवं संवेदनशील बनाने के लिए प्रयासरत है। छात्रों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए डे-बोर्डिंग विद्यालयों में वर्षा जल संग्रहण प्रणाली और ग्रिड से जुड़े 'रूफटॉप संयंत्र' स्थापित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा समाज के गरीब वर्ग के मेधावी छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए 200 करोड़ रुपए की महत्वकांक्षी डॉ. वाई.एस. परमार विद्यार्थी ऋण योजना आरम्भ की है। प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि इस योजना के तहत विदेशों के शैक्षणिक संस्थानों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए इच्छुक पात्र छात्रों को योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। प्रदेश में ग्राम स्तर तक छात्रों को बेहतर शिक्षा और गुणात्मक पठन सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पुस्तकालय स्थापित किए जा रहे हैं। प्रथम चरण में 493 पुस्तकालय स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 850 शिक्षण संस्थानों को उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को भविष्य की मांग के अनुरूप बेहतर स्वरोजगार एवं रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से तकनीकी शिक्षण संस्थानों कृत्रिम मेधा, डाटा विज्ञान, मशीन लर्निंग और ड्रोन प्रशिक्षण जैसे पाठ्यक्रम आरम्भ किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों में रोजगार मेले और कैंपस साक्षात्कार भी आयोजित किए जा रहे है ताकि युवाओं को उनकी क्षमता के अनुरूप रोजगार मिल सके।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 12 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

वार्ता ◂ नागपट्टिनम (तमिलनाडु)
www.dailypioneer.com

श्रीलंका की नौसेना ने कथित तौर पर अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप लगाकर तमिलनाडु के नागपट्टिनम जिले के 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली ट्रॉलर को जब्त कर लिया। श्रीलंकाई नौसेना ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर दावा किया है कि उसने जाफना के प्वाइंट पेड्रो के पास चलाए गए एक विशेष अभियान के दौरान मछली पकड़ने वाली भारतीय नाव को जब्त किया और 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया। श्रीलंकाई नौसेना के मुताबिक पकड़े गए मछुआरे अवैध रूप से श्रीलंकाई जलक्षेत्र में मछली पकड़ रहे थे। नौसेना स्थानीय मछुआरों की आजीविका पर उन प्रथाओं के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए विदेशी मछली पकड़ने वाली नौकाओं की अवैध मछली पकड़ने की कोशिशों को रोकने के लिए श्रीलंकाई जलक्षेत्र में गश्त और अभियान चलाती रहती है। श्रीलंकाई नौसेना ने कहा कि इन अभियानों के विस्तार के रूप में उत्तरी नौसेना कमान ने मछली पकड़ने वाली भारतीय नौकाओं के एक समूह को वापस भेजने के लिए अपने फास्ट अटैक क्राफ्ट को तैनात किया, क्योंकि उन्हें पता चला कि वे प्वाइंट पेड्रो के पास श्रीलंकाई जल में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे हैं। इस अभियान के कारण एक भारतीय नाव को जब्त कर लिया गया और 12 भारतीय मछुआरों को हिरासत में ले लिया गया, जो अभी भी श्रीलंकाई जल में ही हैं। जब्त की गई नाव और भारतीय मछुआरों को कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया और उन्हें आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए मैलाडी मत्स्य अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा। इस गिरफ्तारी के साथ ही श्रीलंकाई नौसेना ने इस साल अब तक 462 भारतीय मछुआरों और 62 मछली पकड़ने वाली भारतीय नौकाओं को हिरासत में लिया है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

## दयानंद सरस्वती के निर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर में आर्यसमाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती के 141 वें निर्वाण दिवस पर वृहद यज्ञ एवं श्रद्धांजलि का आयोजन किया जायेगा। अजमेर स्थित महर्षि दयानंद निर्वाण स्मारक न्यास के मंत्री सोमरत्न आर्य ने बताया कि स्वराज के प्रथम मंत्रदृष्टा एवं सामाजिक क्रांति के अग्रदूत स्वामी दयानंद सरस्वती का निर्वाणोत्सव एक नवम्बर को सुबह दस बजे वृहद् यज्ञ एवम् श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करके भिनाय कोठी में मनाया जाएगा ।

उन्होंने बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यास के प्रधान एवं पूर्व विधायक डॉ.श्रीगोपाल बाहेती करेंगे और मुख्य यजमान न्यास के मंत्री सोम रत्न आर्य होंगे। इससे पहले 31 अक्टूबर को सायं गुरूकुल ऋषि उद्यान के ब्रह्मचारियों की ओर से संध्या उपासना होगी। उल्लेखनीय है कि 30 अक्टूबर 1883 को अमावस्या के दिन दीपावली पर इसी भिनाय कोठी में महर्षि दयानंद सरस्वती ने 'ईश्वर तेरी इच्छा पूर्ण हो' कह करके अपनी नश्वर देह को त्याग दिया था।


## अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में पंचतीर्थ स्नान चार दिन का ही रहेगा

एजेंसी ◂ अजमेर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में अजमेर के पुष्कर में 15 दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में धार्मिक मेला 'पंचतीर्थ स्नान' पांच दिन के बजाय चार दिन का ही रहेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुष्कर मेले में पंचतीर्थ स्नान कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी 12 नवंबर से कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा 15 नवम्बर तक ही होगा। यहां एक तिथि क्षय होना बताया जा रहा है, जिसके कारण पंचतीर्थ स्नान चार दिन के ही रहने वाले हैं। पुष्कर के पं. कैलाश नाथ दाधीच के अनुसार इस बार धार्मिक स्नान भीष्म पंचक स्नान न होकर भीष्म चतुर्थ स्नान ही रहेंगे। बताया जा रहा है कि इस बार ब्रह्म चतुर्दशी तिथि के क्षय होने से धार्मिक स्नान चार दिन का ही रहेगा । यूं पवित्र पुष्कर सरोवर में धार्मिक स्नान पूरे साल चलते हैं, लेकिन कार्तिक महीने में एकादशी से पूर्णिमा तक 33 करोड़ देवी देवताओं का वास यहां माना जाता है। इसलिए कार्तिक स्नान का अपना विशेष धार्मिक महत्व ग्रंन्थों में बताया गया है।

## तमिलनाडु में बिजली की कोई कमी नहीं : खट्टर

**चेन्नई।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि तमिलनाडु में बिजली की कोई कमी नहीं है। खट्टर ने राज्य में बिजली परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए शनिवार शाम यहां एक बैठक की अध्यक्षता करने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान राज्य सरकार से पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने और उन्हें मुफ्त बिजली सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जीवाश्म ऊर्जा पर निर्भरता कम करके अक्षय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है।



तमिलनाडु के विद्युत, निषेध एवं उत्पाद शुल्क मंत्री वी. सेंथिल बालाजी और विभाग के अधिकारी भी इस बैठक में मौजूद थे। इस दौरान तमिलनाडु में चल रही ताप विद्युत परियोजनाओं जैसे 800 मेगावाट उत्तर चेन्नई ताप विद्युत परियोजना-III (चरण-III), 2×660 मेगावाट उदंगुडी ताप विद्युत परियोजना (चरण-द्व), 2×660 मेगावाट एन्नोर एसईजेड ताप विद्युत परियोजना और 600 मेगावाट एन्नोर विस्तार ताप विद्युत परियोजना पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में घाटे को कम करने के लिए 8,932 करोड़ रुपये की लागत से बेहतर विद्युत वितरण योजना के तहत चल रहे विभिन्न कार्यों पर भी चर्चा की गई। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि मंत्रियों ने केंद्र और राज्य के अधिकारियों को इन कार्यों को पूरा करने में तेजी लाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में तमिलनाडु के ऊर्जा विभाग की प्रधान सचिव डॉ. बीला वेंकटेशन, तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (टीएएनजीईडीसीओ) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के. नंदकुमार और केंद्र तथा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

## अमृतसर में 105 किलो हेरोइन व छह हथियारों समेत दो गिरफ्तार

एजेंसी ◂ अमृतसर
www.dailypioneer.com

पंजाब पुलिस ने तुर्की-आधारित ड्रग तस्कर नवप्रीत सिंह उर्फ नव भुल्लर के दो सहयोगियों को 105 किलो हेरोइन और पांच विदेशी पिस्तौल एवं एक देशी पिस्तौल समेत छह हथियारों के साथ गिरफ्तार करके सीमा पर तस्करी रैकेट का पर्दाफाश किया है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान नवजोत सिंह निवासी बाबा बकाला, अमृतसर और लवप्रीत कुमार निवासी काला संघिया, कपूरथला के रूप में हुई है। यादव ने बताया कि हेरोइन की बड़ी खेप बरामद करने के अलावा, पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से 31.93 किलो कैफीन एनहाइड्रस और 17 किलो डेक्स्ट्रोमेथॉर्फन (डीएमआर) सहित बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं भी बरामद की हैं। उन्होंने आगे कहा कि जांच में पता चला है कि आरोपी व्यक्ति हेरोइन की मात्रा को चार गुना बढ़ाने के लिए इन प्रतिबंधित दवाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। इस ऑपरेशन की जानकारी देते हुए डीजीपी ने बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर की टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि विदेशी तस्कर नवप्रीत सिंह उर्फ नव भुल्लर अपने साथियों के जरिए पाकिस्तान आधारित सीमा पार से ड्रग तस्करी का रैकेट चला रहा है।

## विजय के पहले टीवीके राजनीतिक सम्मेलन के शुरू होते ही लाखों लोग उमड़े

एजेंसी ◂ अमृतसर
www.dailypioneer.com

अभिनेता से राजनेता बने विजय की राजनीतिक पार्टी तमिलागा वेट्री कड़गम (टीवीके) के पहले सम्मेलन की शुरुआत विल्लुपुरम जिले के विक्रावंडी में बड़े उत्साह के साथ हुई। इस सम्मेलन में तमिलनाडु और पड़ोसी राज्यों के कई जिलों से लाखों की संख्या में प्रशंसक और कार्यकर्ता शामिल हुए। विजय ने टीवीके की स्थापना ने दो फरवरी 2024 को की थी, और इसका मुख्यालय चेन्नई में स्थित है। पार्टी का नारा है पिरप्पोकम एल्ला उयिरकम, जिसका अर्थ है सभी जन्म से समान हैं। टीवीके ने अपनी विचारधारा के रूप में अम्बेडकरवाद, मार्क्सवाद और पेरियारवाद को अपनाया है, और वह वर्तमान शासन में विरोधी दलों के रूप में द्रविड मुन्नेत्र कषगम(द्रमुक) और भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के खिलाफ खड़ी होगी। पार्टी के संस्थापक विजय टीवीके की विचारधारा और वर्ष 2026 के विधानसभा चुनावों के रोडमैप का अनावरण करेंगे और सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में कई राजनीतिक प्रस्तावों को अपनाए जाने की उम्मीद है, जिसके नतीजे पर राजनीतिक पंडितों की उत्सुकता से नजर रहेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, राज्य सम्मेलन की शुरुआत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम से होगी जिसमें विजय द्वारा पार्टी का झंडा फहराया जाएगा। पुलिस ने इस भव्य आयोजन के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये हैं। इससे पहले, परिवहन के सभी साधनों से सैकड़ों और हजारों टीवीके कैडर सुबह से ही सम्मेलन स्थल पर एकत्र होने लगे। विल्लुपुरम-त्रिची राजमार्ग पर कई किलोमीटर तक यातायात जाम हो गया और प्रतिभागियों को अपने वाहन को तीन से चार किलोमीटर दूर पार्क करने के बाद सम्मेलन स्थल तक पैदल जाना पड़ा। विशाल पार्किंग क्षेत्र भरा हुआ था और कार्यक्रम स्थल पर आने वाले लोगों ने सड़कों के दोनों ओर पार्किंग की थी। सभा स्थल के हर दल और सम्मेलन स्थल की ओर जाने वाली सड़कों पर पार्टी के झंडे लहरा रहे थे, जैसे ही श्री विजय मंच पर पहुंचे, तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया गया। राजनीतिक नेताओं ,साथी अभिनेताओं, निर्देशकों, निर्माताओं और फिल्म कलाकारों सहित सभी वर्गों ने विजय उनके पहले सम्मेलन के लिए बधाई दी। वह थलापथी' (कमांडर) के नाम से लोकप्रिय हैं। तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री एवं सत्तारूढ़ द्रमुक के युवा विंग के आइकन उदयनिधि स्टालिन ने अपने अच्छे दोस्त एवं अभिनेता को उनके नए प्रयास के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, विजय मेरे पुराने अच्छे दोस्त हैं। मैं उनके नए प्रयास में सफलता की कामना करता हूं। यह वास्तव में अभिनेता के लाखों प्रशंसकों और कैडरों के लिए शुरुआती दीपावली समारोह जैसा था क्योंकि टीवीके मिलन स्थल एक पारिवारिक पिकनिक स्थल में बदल गया है।

## हिमाचल में भीषण सड़क हादसा, पांच युवकों की मौत, सुक्खू ने जताया शोक

एजेंसी ◂ मंडी
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला की चौहारघाटी के वरधाण में एक मारुति कार गहरी ढांक में लुढ़क गई जिससे कार में सवार पांच युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह भयानक हादसा शनिवार देर रात को होने का समाचार मिला है। कार में सवार युवक धम च्याण गांव के रहने वाले थे। वे बरोट में शादी समारोह में गए थे। देर रात को वापिस घर लौटते समय यह हादसा हो गया। जिसकी सूचना रविवार प्रातः उस समय मिली,जब एक भेड़पालक ने सड़क से करीब 700 मीटर नीचे खेतों में लुढ़की कार देखी। इसकी सूचना आस-पास के ग्रामीणों को दी। तदोपरांत पंचायत प्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी टिक्कन पुलिस चौकी को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर क्षत विक्षत शवों को सड़क मार्ग तक पहुंचाने के लिए स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया है। मृतकों की पहचान राजेश, गंगू, कर्ण, सागर और अजय के रूप में हुई है। मृतकों की उम्र सोलह से 30 वर्ष के बीच की बताई जा रही है। इस दुखद हादसे से चौहार घाटी में शोक की लहर छा गई है।

बहरहाल पुलिस शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर भेजा है। पंचनामे के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किए जाएंगे। एसपी मंडी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को निकालने के लिए ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया है। हादसा किन कारणों से हुआ इसकी छानबीन की जाएगी। इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने सड़क दुर्घटना के प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन द्वारा मृतकों के परिजनों को फौरी राहत के रूप में 25-25 हजार रुपये प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की है।

## केदारनाथ उपचुनाव: कांग्रेस से मनोज प्रत्याशी घोषित

**नयी दिल्ली/देहरादून।** उत्तराखंड के केदारनाथ विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस ने पूर्व विधायक मनोज रावत को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे की ओर से राष्ट्रीय महामंत्री के सी वेणुगोपाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मनोज रावत केदारनाथ विधानसभा के उपचुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी होंगे।

## चौदह वर्ष से फरार धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार



**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर के क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने 14 वर्षों से फरार धोखाधड़ी के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थानाप्रभारी अरविंद सिंह चारण ने रविवार को बताया कि वर्ष 2011 में दर्ज जमीन की धोखाधड़ी मामले में वांछित जगदीश मेहरा (47) जगह बदल-बदल कर छिप रहा था और पुलिस से बचा हुआ था । मुखबिर की सूचना पर आरोपी को उसके निवास से गिरफ्तार कर लिया गया गया।

## पुलिस हिरासत का नाम बदल अत्याचार गृह रख दे भाजपा: अखिलेश

एजेंसी ◂ लखनऊ
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि नाम बदलने में माहिर भाजपा सरकार को अब पुलिस हिरासत का नाम बदलकर अत्याचार गृह रख देना चाहिए। यादव ने रविवार को जारी बयान में कहा कि पुलिस निर्दोष लोगों को फर्जी मामलों में पकड़कर प्रताड़ित करती है। लखनऊ में एक पखवारे में दो युवाओं की पुलिस हिरासत में पिटाई से मौत हो चुकी है।

उन्होने कहा कि हम पीड़ित परिवार के साथ हैं। पीड़ित परिवार की हर मांग पूरी की जाये। उन्होंने कहा कि पुलिस हिरासत में मौतों के मामले में भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश नम्बर एक पर है। इसी तरह से फर्जी एनकाउंटर में भी यूपी देश में सबसे ऊपर है। सत्ता संरक्षण में पुलिस खुद अराजकता पर उतारू हो गयी है। कानून का राज खत्म हो गया है। लोगों में डर का माहौल है। भाजपा सरकार और पुलिस से जनता का भरोसा खत्म हो गया है। पुलिस गरीबों, निर्दोष लोगों पर रौब झाड़ती है और उन्हें प्रताड़ित करती है। भाजपा सरकार के संरक्षण में अपराधी और माफिया बच जाते है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश की चर्चा विकास और सकारात्मक कार्यों के बजाय हत्या, लूट, बलात्कार, पुलिस हिरासत में मौत, भ्रष्टाचार, दंगे और बवाल जैसे नकारात्मक वजहों से है। भाजपा सरकार महिलाओं, बहन, बेटियों को सुरक्षा देने में नाकाम है। लगातार हो रही अपराध की घटनाओं से महिलाएं, बेटियां दहशत में है। महिला सुरक्षा को लेकर भाजपा की पोल खुल गयी है। आने वाले समय में आधी आबादी महिलाएं और प्रदेश की जनता भाजपा के दुःखदायी शासन का अंत कर देगी।

## धामी ने किया राष्ट्रीय ध्वज स्मारक का लोकार्पण

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत, देहरादून में सर्वे चौक में 66 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्मारक का लोकार्पण किया। साथ ही, उन्होंने पल्टन बाजार के मुख्य द्वार का भी लोकार्पण किया। राष्ट्रीयता एवं देश प्रेम के भाव के लिए सर्वे चौक में यह राष्ट्रीय ध्वज स्मारक स्थापित किया गया है। यह मार्ग देहरादून के मुख्य स्थल राष्ट्रपति आशियाना, राजभवन, मुख्यमंत्री आवास, उत्तराखंड शासन का सचिवालय एवं अन्य महत्त्वपूर्ण संस्थानों को जोड़ता है। इस स्थान पर राष्ट्रीय ध्वज स्मारक की स्थापना जन सामान्य के हृदय में देश प्रेम एवं राष्ट्रीयता का भाव जाग्रत करने का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर, विधायक खजान दास, उपाध्यक्ष उत्तराखंड संस्कृति साहित्य एवं कला परिषद मधु भट्ट, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल एवं स्मार्ट सिटी परियोजना के अधिकारी उपस्थित थे।



## पीडीए ना तो बंटेगा ना कटेगा: शिवपाल सिंह यादव

वार्ता ◂ इटावा/मैनपुरी
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर प्रहार करते हुए कहा है कि पिछड़ा, दलित, अंलसंख्यक (पीडीए) ना तो कटेगा, ना ही बटेगा बल्कि ऐसी बातें करने वाले पिटेंगे। करहल विधानसभा से सपा उम्मीदवार तेज प्रताप यादव के समर्थन में चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से बात करते हुये उन्होने कहा पीडीए ना तो बटेगा ना तो कटेगा जो ऐसी बातें करेगा बाद में पिटेगा। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि हम संविधान की रक्षा करना चाहते हैं। वह वोट नहीं डाले दे रहे। वह वोट मांगने का काम करते हैं और भारतीय जनता पार्टी के लोग जनता से वोट थोड़ी मांगते हैं अधिकारियों से वोट मांगते हैं। भाजपा को जिताओ जनता को धमकाओ यह काम भाजपा से जुड़े हुए अधिकारियों का रह गया है। सपा उम्मीदवार तेज प्रताप यादव के लिए वोटो की अपील करते हुए शिवपाल ने कहा कि करहल में लोगों में चर्चा बहुत जोर से है कि जसवंतनगर से भी ज्यादा बड़ी जीत होगी। शिवपाल ने भाजपा उम्मीदवार अनुदेश यादव को भगोड़ा करार दिया। उन्होने कहा कि अब रिश्तेदारी टूट चुकी है और पार्टी में भी कभी वापस नहीं लिया जाएगा,ऐसे भगोड़ों को कभी नहीं लिया जाएगा उन्होंने कहा कि दीपावली हिन्दू धर्म का बहुत पुराना पर्व है और सब लोग अपने घरों पर दीपक जलाते हैं जैसा कि आपको पता ही है कि एक दिन बाद दीपक जलता,दूसरे दिन कई दीपक जलते हैं जितना जिसकी जो इच्छा होती है वह जलाएं। अब जो भारतीय जनता पार्टी के लोग हमेशा ड्रामा करते हैं और सुबह से लेकर शाम तक प्रचार करते हैं काम करेंगे नहीं फिजूल खर्च नहीं करने चाहिए। प्रशासन की ओर से मंगाई गई।

# काली पूजा की तैयारियां अंतिम चरणों पर, होगा भव्य आयोजन

## वार्षिक उत्सव को लेकर बंगीय समाज काफी उत्साहित

पायनियर संवाददाता ∢ सुकमा
www.dailypioneer.com



काली पूजा की तैयारीयां अंतिम चरणो पर है। काली पूजा को महज कुछ ही दिन अब शेष रह गये है। ऐसे में पूजा आयोजन समिति पूजा की तैयारीयों को अंतिम रूप देने में लगा हुआ हैं। वर्षो से चली आ रही काली पूजा इस वर्ष कार्तिक माह के अमावस्या को, जो दिवाली की रात यानी 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इस रात को काली पूजा के समय के रूप में मनाई जाती हैं, जिसे श्यामा पूजा के नाम से भी जाना जाता है। ढोल ढाक, संख, काशा के गुंज का पुजा मे बडा महत्व है विधिवत प्रतिवर्ष सम्पन्न होने वाली इस पुजा मे साज सज्जा का विशेष महत्व होता है पुष्पो से मंदिर को भव्य रूप से सजाया जाता है जो आकर्षक का केंद्र होता है। दीपावली की रात होने वाली मां काली की पूजा बंगीय समुदाय के लिए विशेष महत्व रखता है। बता दे की मां बंगीय समाज की कुलदेवी के रूप में पुज्य होने से वजह से समाज काफी उत्साहित है वार्षिक उत्सव मे छोटे बडे सभी वर्ग उपस्थिति होकर विधिवत मां की आराधना करते है मुख्यालय स्थित श्रीमहाकाली मंदिर शक्तिकानन में काली पूजा की तैयारिया अंतिम चरण पर है। 45 वर्षो से लगातार चलती आ रही मां काली की पुजा को लेकर आयोजन समिति उत्साहित है प्रतिवर्ष होने वाली पुजा जिले मे काफी लोकप्रिय है। जिले मे एक ही मंदिर होने के कारण उत्साह काफी बड जाता है

**भजन संध्या का होगा आयोजन :** वार्षिक काली पूजा के अध्यक्ष विशाल शाह ने बताया की 31 अक्टूबर को मध्य रात्रि में माता का वार्षिक उत्सव के रूप मे विविध कर्मकांड के अलावा माता जी की आरती, ज्योत, जागरण ,हवन व महाप्रसाद (भण्डारा) का आयोजन किया जाता है। एक दिवसीय भजन संध्या का आयोजन अन्य राज्यो से आऐ कलाकारो द्वारा सम्पन्न होगा तीन दिवसीय कार्यक्रमों में मां की विधिवत पुजन व विभिन्न प्रकार से आरती व पुजा की तैयारी अब अपने अंतिम चरण में है। सुकमा सहित आस पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते है।इस वर्ष काली पूजा धूमधाम से मनाए जाने की हमारी तैयारी पुर्ण हो गई है। उन्होंने बताया की यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए हर संभव सुविधा की व्यवस्था की गई है। पूजा का शुभारंभ गुरुवार से होगा। उन्होंने आगे कहा की तैयारिया पूरी होने के बाद 31अक्टुब को रात्रि विधिवत मां काली की पूजा अर्चना प्रारंभ होगी।

### बंगीय समाज काली पूजा को लेकर काफी उत्साहित

बंगीय समाज मे काली पूजा को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है, समाज के लोग मां काली मंदिर में पूजा की तैयारी को लेकर तैयारियां कर रहे हैं। वहीं मंदिर परिसर में पूजा के आयोजन के लिए टेंट इत्यादि की व्यवस्था की जा रही है। युवा वर्ग इस पूजा को और भी खास बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए है, काली पूजा के आयोजन में बड़ी संख्या में बंगीय समाज के सदस्य शामिल होंगे। वहीं वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन में पूजा की तैयारियां अंतिम रुप देने मे लगे है।

### श्रीश्री महाकाली मंदिर का उद्भव

वर्तमान मे मंदिर के व्यस्थापक व पंडित के दायित्व का निर्वाहन कर रहे क्तसुजीत वैदिक द्वारा बताया गया की काली मंदिर पूर्व मे हुए साधनाओं का प्रतिफल है, जिले मे मां काली का एक ही मंदिर है हमारे परिवार द्वारा सुचारू रूप से व्यवस्था वर्षो से संचालित होता आ रहा है वर्तमान में परिसर सौन्दर्य व विधिवत पुजा के लिए लोकप्रिय है। मेरे पिता आचार्य स्वः क्तनरेन्द्र गिरी वैदिक मां काली के प्रथम पुजारी होने के साथ मंदिर के संस्थापक के रूप मे 1977 मे मंदिर की नीव रखे थे, जिस परंपरा को बनाऐ रखने प्रथम पुजा हमारे परिवार के ही द्वारा वर्षों से सम्पन्न होता आ रहा है। आगे उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष काली पूजा को लेकर विशेष तैयारी बंगीय समाज द्वारा की जाती रही है जिसे समाज प्रमुखो द्वारा सम्पन्न कराई जाती है वही हर्षोउल्लास के साथ मनाई जाने वाली इस पुजा को विधिवत सम्पन्न कराने हम प्रतिबद्ध रहते है।

# संगठन ही राष्ट्र की प्रमुख शक्ति होती है : संजय



पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भाटापारा नगर में भाटापारा नगर खंड का संयुक्त विजयादशमी एवं भव्य पथ संचलन का आयोजन हुआ, 203 स्वयंसेवक उपस्थित रहे, निर्धारित समय पर एकत्रीकरण होकर ध्वजारोहण के साथ रावणभाठा से पथ संचलन प्रारम्भ हाथनीपारा, सुभाष वार्ड बस्ती, महाकाल मंदिर, सिविल लाइन, महारानी चौक से यज्ञ स्थल में पूर्ण हुआ, संचलन में 5 वाहिनी, ध्वज रक्षक दल ,1 घोष पथक के साथ संचलन सम्पन्न हुआ, अनुशासित व्यवस्था के साथ संचलन में मातृशक्ति एवं भाटापारा के वरिष्ठ नागरिको के द्वारा अभूतपूर्व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, स्वयंसेवकों ने यज्ञ स्थल में दण्ड, पदविन्यास, समता, नियुद्ध एवं सामूहिक व्यायाम योग का शारीरिक प्रदर्शन किया, कार्यक्रम में मंच पर नगर संघचालक क्तसंतोष पाण्डेय, खण्ड संघचालक क्तबिहारी लाल अग्रवाल, मुख्य अतिथि सतनाम समाज के क्तरामफल बांधे , मुख्य वक्ता प्रान्त प्रचार प्रमुख क्तसंजय तिवारी जी का बौद्धिक प्राप्त हुआ, इस कार्यक्रम में नगर कार्यवाह रविन्द्र शर्मा, खण्ड कार्यवाह, शुभम वर्मा सहित जिला, खण्ड नगर कार्यकारणी के साथ नगर के साथ बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# रायपुर-भाटापारा-रायपुर के मध्य मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग

- रायपुर मंडल में टिकट चेकिंग अभियान के दौरान 63150 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ

पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com

यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से 26 अक्टूबर, 2024 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के स्टेशनों एवं ट्रेनों में रेलवे मजिस्ट्रेट क्तआनंद कुमार सिंह के साथ में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया । इस अभियान में सहायक वाणिज्य प्रबंधक (गुड्स) क्तअरबिंद कुमार साव के साथ में 01 वाणिज्य निरीक्षक, 18 टिकट चेकिंग स्टाफ, शामिल हुए साथ ही 05 रेलवे सुरक्षा बल के जवान एवं 04 जीआरपी स्टाफ शामिल थे। इस टिकट चेकिंग अभियान में गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस में रायपुर से भाटापारा के मध्य एवं गाड़ी संख्या 12069 जनशताब्दी एक्सप्रेस में भाटापारा से रायपुर एवं रायपुर स्टेशन पर चेकिंग की गई। इस मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान में कुल 149 मामलों से 63150/- रुपये बतौर जुर्माना राजस्व प्राप्त हुआ। इसमें बिना टिकट के 80 मामलों से 37660 एवं अनियमित टिकट के 63 मामलों से 24890 /-रुपए अनबुक्ड लगेज के 06 मामलों से 600/- रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। रेल प्रशासन यात्रियों से आग्रह करता है कि वे यात्रा हेतु उचित टिकट एवं रेल परिसर में प्रवेश करने के पहले प्लेटफॉर्म टिकट अवश्य खरीदें। रेलगाड़ी एवं रेल परिसर को साफ सुथरा रखने में भी रेल प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

# बिलासपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल-बिलासपुर के मध्य एक फेरे के लिए दीवाली स्पेशल ट्रेन की सुविधा

- दीवाली के दौरान रेल यात्रियों को स्पेशल ट्रेन में मिलेगी अधिकाधिक कन्फर्म सीट की सुविधा

पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com



दीवाली त्यौहार के दौरान ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़भाड़ को कम करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए बिलासपुर - लोकमान्य तिलक टर्मिनल - बिलासपुर के मध्य 01 फेरे के लिए दीवाली स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है । यह ट्रेन बिलासपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल के लिए 08293 नंबर के साथ दिनांक 29 अक्टूबर' 2024 को रवाना होगी। इसी प्रकार लोकमान्य तिलक टर्मिनल से बिलासपुर के लिए 08294 नंबर के साथ दिनांक 30 अक्टूबर' 2024 को चलेगी। इस ट्रेन में 02 एसएलआर/एसएलआरडी, 04 सामान्य, 10 शयनयान, 02 एसी-3, 02 एसी-2 सहित 20 कोच रहेगी ।

08293 बिलासपुर - लोकमान्य तिलक टर्मिनल दीवाली स्पेशल दिनांक 29 अक्टूबर को बिलासपुर से 09.35 बजे प्रस्थान, रायपुर आगमन/ प्रस्थान 11.05-11.10, दुर्ग आगमन/ प्रस्थान 12.10-12.15, गोंदिया आगमन/ प्रस्थान 14.06-14.08, नागपुर आगमन/ प्रस्थान 16.20-16.25, वर्धा आगमन/ प्रस्थान 17.33-17.35, बडनेरा आगमन/ प्रस्थान 19.20-19.22, अकोला आगमन/ प्रस्थान 20.22-20.24, भुसावल आगमन/ प्रस्थान 23.10-23.15, मनमाड़ आगमन/ प्रस्थान 01.32-01.37, नासिक आगमन/ प्रस्थान 03.45-03.50, इगतपुरी आगमन/ प्रस्थान 04.45-04.50, कल्याण आगमन/ प्रस्थान 07.10-07.13 बजे एवं लोकमान्य तिलक टर्मिनल दिनांक 30 अक्टूबर 2024 को 08.00 बजे पहुंचेंगी ।

इसी प्रकार विपरीत दिशा में 08294 लोकमान्य तिलक टर्मिनल - बिलासपुर दीवाली स्पेशल दिनांक 30 अक्टूबर को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 11.50 बजे प्रस्थान, कल्याण आगमन/ प्रस्थान 12.37-12.40, इगतपुरी आगमन/ प्रस्थान 14.25-14.30, नासिक आगमन/ प्रस्थान 15.10-15.15, मनमाड़ आगमन/ प्रस्थान 16.20-16.25, भुसावल आगमन/ प्रस्थान 19.05-19.10, अकोला आगमन/ प्रस्थान 21.05-21.07, बडनेरा आगमन/ प्रस्थान 22.35-22.37, वर्धा आगमन/ प्रस्थान 23.50-23.52, नागपुर आगमन/ प्रस्थान 01.50-01.55, गोंदिया आगमन/ प्रस्थान 04.09-04.11, दुर्ग आगमन/ प्रस्थान 06.10-06.15, रायपुर आगमन/ प्रस्थान 06.50ए06.55 बजे एवं बिलासपुर दिनांक 31 अक्टूबर 2024 को 08.50 बजे पहुंचेंगी।

# स्काउट्स एवं गाइड्स के दीक्षा संस्कार कार्यक्रम का टेमरी में आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट्स एवं गाइड संघ के अन्तर्गत शिवाजी ओपन रोवर क्रू द्वारा एडवांस रोवर लीडर सुरेन्द्र प्रधान के नेतृत्व में शिशुपाल पर्वत की गोद में बसे ग्राम टेमरी के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में रोवर्स के लिए टू ओवर नाइट कैम्प एवं रोवर दीक्षा संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दो रोवर का परम्परा अनुसार दीक्षा संस्कार कराया गया।ध्वज समारोह के साथ ग्रुप फ्लैग को क्षैतिज रुप से रोवर बाएं हाथ से पकड़कर दाहिने हाथ से स्काउट साइन बनाकर सेवा धर्म अपनाने प्रतिज्ञा लिया जिन्हें सदस्यता बैज,शोल्डर स्ट्राइप्स,ग्रुप स्कार्फ और वॉगल,कैप प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में उन्होंने बायां हाथ मिलाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाशचंद्र मांझी बीईओ एवं पदेन सहायक जिला आयुक्त (स्काउट)के साथ स्थानीय संघ सचिव यशवन्त कुमार चौधरी, पूर्व सचिव हेमन्त चौधरी, स्काउटर अजय कुमार आर्य, योगेन्द्र प्रधान एवं अन्य सहयोगी ग्रामीणों की सक्रिय उपस्थिति रही। दीक्षा संस्कार का सूक्ष्म अवलोकन करते हुए इस अवसर पर बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा धर्म जीवन को एक नया आयाम देता है। दक्ष/कुशल रोवर्स का महत्व काफ़ी अधिक होता है क्योंकि वे विभिन्न कार्यो का सक्रियता के साथ उत्साह से नेतृत्व करते हैं, उन्होंने रोवर लीडर सुरेन्द्र प्रधान एवं उपस्थित रोवर्स की सराहना करते हुए उत्तरोत्तर प्रगति हेतु शुभकामनाएं दी। स्थानीय संघ सचिव यशवन्त कुमार चौधरी ने रोवर लीडर सुरेन्द्र प्रधान एवं उपस्थित रोवर्स को आवश्यक मागदर्शन करते हुए रोवरिंग के आवश्यक घटकों पर प्रकाश डाला और इस कैम्प की सराहना किया। पूर्व सचिव हेमन्त चौधरी ने कहा कि सेवाकार्य में रोवर्स अग्रणी रहते हैं इसलिए सभी इनके प्रगति हेतु सहयोग देने प्रयत्नशील रहते हैं। योगेन्द्र प्रधान ने कहा कि रोवर्स विश्वनीय होने के साथ राष्ट्र सेवा हेतु तत्पर रहते हैं इसलिए रोवर्स की अपनी एक अलग पहचान है। स्काउटर अजय कुमार आर्य ने कहा कि विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाले शिविरों को सफल बनाने में दक्ष रोवर्स की भुमिका महत्वपूर्ण होती है। प्रभारी प्राचार्य सरधाराम सिदार का पूर्ण सहयोग एवम् मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । ज्ञात हो कि प्रथम रात्रि कैम्प में सचिव यशवंत कुमार चौधरी, स्काउटर चक्रधर प्रसाद डडसेना एवं दयानंद चौधरी, सेवानिवृत्त शिक्षक अनिरुद्ध पटेल ने अपनी उपस्थिति शिविरार्थियों के बीच देते हुए आवश्यक मार्गदर्शन किया। इस दौरान स्थानीय संघ सचिव यशवंत कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउटिंग/रोवरिंग अनुशासित ढंग से सेवा सहित जीवन जीने की कला सिखाता है। रोवर्स की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए सेवाकार्य करने,दक्षता संवर्धन हेतु प्रेरित किया और शिविरार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए एडवांस कोर्स प्रशिक्षित रोवर लीडर सुरेन्द्र प्रधान की इस प्रयास की सराहना किया। स्काउटर चक्रधर प्रसाद डडसेना ने कहा कि रोवर्स को आगे बढ़ाने पूरा सहयोग दिया जाएगा,टीम भावना का पूर्ण सम्मान किया जाएगा।

# ग्रामीण भाई बहनों के साथ सरला कोसरिया ने मन की बात सुनी

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व छग राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया सरायपाली विधानसभा के भाजपा मंडल भंवरपुर के बूथ क्रमांक 64 भंवरपुर इंदिरा नगर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' का 115 वां संस्करण कार्यकर्ता भाई बहनों एवं ग्रामीण बंधुओं के साथ सुनते हुए। प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाने का आह्वान किया गया , आजकल तकनीकी का दुरुपयोग करके जो डिजिटल धोखाधड़ी हो रहा है उससे सावधान रहने की बात बोले,आम भोले भाले लोगों को शिकार बनाया जा रहा है जिससे किसी भी प्रकार के झांसे में नहीं आना है।एनिमेशन सेक्टर को समृद्ध करने से युवाओ को रोजगार के सुअवसर मिलेंगे साथ ही भारत की प्राचीन विरासत गौरवशाली है जिसको और भी अधिक समृद्ध करने की बात बोले जो निश्चित ही विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त करने में हमें नई दिशा प्रदान करेंगे। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष सुशीला बारीक, महिला कार्यकर्ता राधा डडसेना, संतोषी डडसेना, सीतिया डडसेना, लता देवांगन, श्याम बाई चौहान गीतांजलि नाग, देवकी यदु, प्रेमबाई, समारी बाई, शशीकांत बारीक सहित अन्य कार्यकर्ता व महिला उपस्थित रहे।

## नन्हे बाल कलाकारों ने रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया

# शान्ति शिखर नवा रायपुर में हर्षोल्लास से दीपावली मनाई गई

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com








प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नवा रायपुर के सेक्टर-20 स्थित एकेडमी फॉर ए पीसफुल वर्ल्ड-शान्ति शिखर में दीपावली मिलन का कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह में रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी, किरण दीदी, रश्मि दीदी और भावना दीदी सहित रायपुर की छत्तीस ब्रह्माकुमारी बहनों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि दीपावली त्यौहार में हम सब जिस प्रकार घर की सफाई का ध्यान रखते हैं उसी प्रकार अन्तर्मन की सफाई भी जरूरी है। बाहर के अन्धकार को तो मिट्टी के दीपक जलाकर दूर कर सकते हैं किन्तु अर्न्तमन में छाए हुए अन्धकार को दूर करने के लिए हमें सभी के लिए शुभसंकल्पों के दीप जलाने होंगे। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि आओ हम सभी सत्य परमात्मा से सत्य ज्ञान लेकर अपने जीवन को पावन बनाएं। अपनी आत्म ज्योति जगाकर ईश्वरीय मिलन का वास्तविक सुख प्राप्त करें। ऐसे मनोपरिवर्तन से ही पृथ्वी पर स्वर्ग आएगा जहाँ श्री लक्ष्मी और श्री नारायण का राज्य होगा।

उन्होंने कहा कि आत्मा ही सच्चा दीपक है। विकारों के वशीभूत हो जाने के कारण आत्मा की चमक आज मलिन हो गयी है। लोगों का अन्तर्मन काम, क्रोध आदि विकारों के अधीन हो चुका है। ऐसे विकारी मनुष्यों के बीच श्री लक्ष्मी का शुभागमन भला कैसे हो सकता है? यह कैसी विडम्बना है कि अन्तर्मन की सफाई करने की जगह हम लोग घर की सफाई करके ही खुश हो जाते हैं। सविता दीदी ने बतलाया कि हमें हमेशा दूसरों के लिए अच्छा सोचना चाहिए। शुभ सोचेंगे तब हमारा लाभ होगा। इसीलिए हमारी भारतीय संस्कृति में जब कोई नया कार्य शुरू करते हैं तो स्वस्तिक के साथ शुभ और लाभ लिखते हैं क्योंकि शुभ के साथ लाभ जुड़ा हुआ है। इस अवसर पर पश्चात रायपुर के बाल कलाकारों ने बहुत ही सुन्दर स्वागत नृत्य किया। साथ ही रायपुर की गायिका कुमारी शारदा नाग ने मधुर स्वर में गीत गाकर सभी को भाव विभोर कर दिया।

# पीडब्ल्यूडी विभाग के गुणवत्ताहीन सड़क चौड़ीकरण कार्य से नाराज संजय ने किया जांच की मांग




पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

इंजीनियर एसडीओ एवं कार्यपालन अभियंता से मिलीभगत कर ठेकेदार द्वारा करोड़ों की गुणवत्ताहीन सड़क चौड़ीकरण कार्य करने से नाराज जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने सामान्य सभा में नाराज़गी जताते जांच की मांग किया है ताकि गुणवत्ताहीन सड़क बनाकर अपनी अपनी झोली भरने वाले ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों पर कार्यवाही का डंडा चलाया जा सके उल्लेखनीय हो की अमलीपदर उरमाल से देवभोग सड़क चौड़ीकरण मजबूती करण के लिए तत्कालीन भूपेश बघेल की सरकार ने 37 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति दिया जिसे पीडब्ल्यूडी ने 27 करोड़ में किया लेकिन कागजी राशि अनुसार बिल्कुल भी खर्चे नहीं होने का दावा संजय नेताम ने किया तभी आज महज साल भर के भीतर सड़क चौड़ीकरण मजबूती करण की दुर्दशा देखने को मिल रहा है मतलब सरकार की राशि बंदरबाट की बलि चढ़ गया यही वजह है कि स्थानीय लोगों से लेकर जनप्रतिनिधियों में काफी ज्यादा आक्रोश देखने को मिल रहा है क्योंकि वर्तमान में अमलीपदर से देवभोग तक कई जगह सड़क उखड़ने के साथ दरार भी देखा जा रहा है और वर्तमान सड़क की हालत यह देखने को मिल रहा है तो आगमी दिनों में होने वाली सड़क दुर्दशा का आंकलन आसानी से किया जा सकता है फिर भी पीडब्लूडी विभाग के ज़िम्मेदार अधिकारी गहरी नींद से जागकर सड़क की हालत सुधारने के लिए कोई पहल नहीं कर रहे हैं जिसके कारण दुर्घटना होने की और अधिक संभावना बढ़ रही हैं इससे पहले भी गुणवत्ताहीन सड़क चौड़ीकरण के चलते कई लोग दुर्घटना का शिकार हो चुके है ।

### कलेक्टर से कार्यवाही की उम्मीद

जिस तरह करोड़ों की सड़क चौड़ीकरण कार्य में भर्रासाही को अंजाम दिया गया है उससे पीडब्लूडी विभाग प्रमुख भी भली भांति अवगत हैं लेकिन गुणवत्ताहीन कार्य में संलिप्त मैरिटल कंट्रोल पर किसी प्रकार कार्यवाही नहीं हो पाया ऐसे स्थानीय लोगों के अलावा जनप्रतिनिधियों में भी कलेक्टर से कार्यवाही की उम्मीद बनी हुई है हालांकि इस्टीमेट को दरकिनार कर गुणवत्ताहीन सड़क चौड़ीकरण कार्य कराने को लेकर पहले भी कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने संज्ञान लेते जांच के निर्देश दिया था मगर वह जांच भी समय के साथ ठंडा बसता में दिखाई दे रहा है जिसका प्रमुख कारण है कि धरातल को छोड़ कार्यालय में बैठे बैठे जांच करने का आरोप भी लगता है।

### इस्टीमेट के अनुरूप मैटेरियल उपयोग नहीं

सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान लगातार शिकवा शिकायत दर्ज किया जा रहा था कि इस्टीमेट अनुसार बिल्कुल भी मैटेरियल का उपयोग नहीं होता था मतलब पीडब्ल्यूडी विभाग के ईई एसडीओ इंजीनियर 37 करोड़ के सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर कितना गंभीर थे यह इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सड़क चौड़ीकरण मिट्टी गिट्टी मुर्मि सहित अन्य सबग्रेट काम बारिश से पहले क्या जाना चाहिए ताकि प्रॉपर कॉम्पेक्शन हो पाए क्योंकि बारिश के दौरान गीली मिट्टी के बीच मजबूती के साथ रोलिंग होना मुश्किल बताते हैं लेकिन अफ़सोस की बात है कि यह सारे कम बारिश के बीच कराया गया वह भी अधिकांश जगह पर मापदंड के अनुरूप बिल्कुल भी मैटेरियल का इस्तेमाल नहीं हुआ सफ़ाई निर्धारित खोदाई से मुर्मी से फिलिंग करने गिट्टी सहित रोलर से सड़क को दबाने में काफी ज्यादा कांटमारी किया गया है तभी समय से पहले सड़क की हालत खराब दिखाई पड़ रही है।

# नंदन स्मेल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र के खिलाफमें ग्रामीण कर रहे न्यायलय की ओर रुख करने की तैयारी





## ग्रामीणों का महिनो से चल रहा विरोध प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

उद्योग स्थापना को लेकर पंचायत द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र को लेकर ग्रामीण जन सड़क की लड़ाई के पश्चात न्यायलय की शरण में जाने की तैयारी कर रहे हैं । गौरतलब हो कि रायपुर जिला तिल्दा-नेवरा जनपद परिक्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत परसदा में नंदन स्मेल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड उद्योग की स्थापना हेतु ग्रांम पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र कुछ माह पूर्व दिया गया था ,इसकी भनक लगते ही ग्रामीणों में आक्रोश का स्वर हिलोरें मारने लगा । विरोध स्वर पंचायत परिसर में गूंजने लगा , आखिरकार ,ग्राम सभा में इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया गया । लेकिन वहीं इधर उद्योग परिसर की निर्माण कार्य जारी रहा । इससे आक्रोशित ग्रामीण जनों ने तिल्दा से सिमगा मार्ग पर बहुतायत संख्या में अनिश्चितकालीन धरना देते हुए चक्का जाम कर भड़ास निकाली । गरमाते माहौल को भांपते हुए तहसील प्रशासन ने सक्षम अधिकारी से ग्रामीणों का बैठकी करवाने का आश्वासन देकर गरमाते माहौल को शांत कराया ,इधर ग्रामीणों को प्रशासन से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर धरना प्रदर्शन अनवरत जारी रहा । वहीं उद्योग को दिये गये अनापत्ति प्रमाण पत्र को रद्द करने व प्रस्तावित उद्योग स्थापना के विरोध में ग्रामीण जनों ने मुख्यमंत्री , राजस्व मंत्री सहित संबंधित विभागीय मंत्रियों के अलावा जिला कलेक्टर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को परिपत्र सौंपा है ,अब ग्रामीण जन इस मामले को हाइकोर्ट ले जाने की तैयारी कर रहे हैं ,इधर माना जा रहा है कि इस मामले पर उद्योग प्रबंधन की सांसें फूलने लगी है ।

# दीपावली पूर्व सौरा डेरा पहुंचकर कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने दी शुभकामनाएं



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

दीपावली पूर्व सौरा डेरा पहुंचकर कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने दी शुभकामनाएं बलौदा बाजार छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री युवा खेल एवं राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा अपने बलौदा बाजार प्रवास के दौरान कुकुदी स्थित सांवरा बस्ती में जाकर वहां के लोगों से मेल मुलाकात कर आने वाले दीपावली सहित गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं सभी सौरा परिवार के लोगों को दी साथ ही साथ वहां के लोगों को मिठाइयां एवं बच्चों को पटाखे देकर दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की तथा सौरा पारा में जल्द ही सीसी रोड सहित आवास की सुविधा देने की बात कही मंत्री जी का काफिला जैसे ही सौरा डेरा पहुंचा ढेरे के लोग लाड़ लगाकर पटाखे फोड़ फूल माला से उनका स्वागत किया तथा आंगनवाड़ी में बस्ती के लोगों से मंत्री जी एक-एक करके मिलते रहे सभी के हाल-चाल तथा सभी की समस्याओं का निराकरण करते दिखे बच्चों को मिठाई पटाखे भी मंत्री जी के द्वारा वितरण किया गया इस अवसर पर भाजपा नेता विजय केसरवानी नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल जिला मंत्री सुनीता वर्मा नरेश भट्टर योगेश अग्रवाल हरिश्चंद्र वर्मा संजू पटेल संजयवास अजय गर्ग कन्हैया सेन शुभमवास सानूवास शहित सौरा बस्ती के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अनहोनी घटना घटते घटते बचे ईश्वर ठाकुर, ईश्वर का ईश्वर ने बचाई जान

**तिल्दा नेवरा ।** रेस्ट हाऊस सासाहोली तिल्दा में कर्मचारी ईश्वर ठाकुर के साथ एक



अनहोनी घटना घटी जो की वे बाल बाल बचे उनके जुते में घोड़ा करायट सांप जाकर घुसा हुआ था वे प्रतिदिन सुबह 10 बजे अपने समय पर ड्यूटी के लिए तैयार हुआ करते थे उसके उपरांत अपनी ड्यूटी में जाया करते है। वे प्रतिदिन की तरह बिते दिन शनिवार को अपने काम रेस्ट हाऊस में चले गये जो की वे जो जुता पहने हुये थे उनमें पहले से ही जहरीले सांप घोडा करायत था । लेकिन उनको ऐहसास ही नही हुआ की उनके जुते के अंदर जहरीला सांप छिपकर बैठा हुआ है। जब वे रात्रि 8 बजे ड्यूटी छूटने के बाद अपने रूम में जाकर जूता उतारा तो देखकर धबरा गया मरा हुआ घोड़ा करायत साँप भी उनके मोजा ( सॉक्स ) के साथ लिपटा हुआ निकला इस अनहोनी घटना से ईश्वर ठाकुर बाल बाल बचे उन्होंने कहां की भगवान ने उनकी जान बचाई है। ईश्वर ठाकुर ने आमजन मानस को यह संदेश दिया है। की जब भी वे जुता पहने तो उसे जाँच करके ही पहने । जैसे की मेरे साथ हुआ है। वैसे किसी और के साथ न हो ।

# शिक्षक द्वारा अपने पुत्री के जन्म दिवस पर दिया गया न्योता भोजन

पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला करनापाली के शिक्षक डॉक्टर वीरेंद्र कुमार कर के पुत्री अलका कर कक्षा पहली के जन्म दिवस के अवसर पर न्योता भोजन दिया गया। भारत सरकार योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री पोषण शक्ति आहार के तहत शासकीय प्राथमिक शाला करनापाली में शिक्षक डाक्टर वीरेंद्र कुमार कर द्वारा शाला परिवार को आंशिक रूप से न्योता भोजन में समोसा जलेबी केला बूंदी चाकलेट आदि दिया गया जिससे बच्चों ने हर्ष व्यक्त किया। कायक्रम में सरायपाली से विवेक शर्मा समाजसेवी निखिल कानूनगो स्वर्ण सिंह सलूजा नोटरी एवं अधिवक्ता वार्ड पार्षद सरायपाली, शशि भूषण पाढ़ी, मयंक पाणिग्रही गौरक्षक संजय डड़सेना, डॉक्टर गिरधारी साहू, प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला करनापाली हेमचरण सिदार, ललिता कर सरोजिनी साहू, संजना नेताम, कमला नेताम, सुलोचना पटेल आदिअतिथि सम्मिलित हुए। कायक्रम हेतु बसना बीईओ जे आर डहरिया एवं बीआरसी डॉक्टर पूर्णानंद मिश्रा ने विद्यालय परिवार को बहुत-बहुत बधाई दी एवं अलका कर को उनके जन्म दिवस पर बधाई दिया। इस प्रकार अपने परिवार के उत्सव में शाला परिवार को जोड़ने पर बच्चों को बहुत लाभ होता है। विद्यालय के प्रधान पाठक डॉक्टर गिरधारी साहू ने सभी पालक बंधुओं को ऐसे पुण्य कार्य हेतु प्रेरित किया।

# मुख्यमंत्री जनदर्शन से कीर्ति को मिली खुशियों की सौगात

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री जनदर्शन में लोगों की समस्या का त्वरित समाधान होने से इस कार्यक्रम के प्रति लोगों में भरोसा बढ़ते जा रहा है। जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय स्वयं लोगों की समस्या सुनते हैं और त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को देते हैं। इसी उम्मीद के सहारे अपनी समस्या लेकर कीर्ति सेन भी मुख्यमंत्री जनदर्शन में पहुंची और अपनी व्यथा मुख्यमंत्री को बताई। संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री साय ने कीर्ति सेन को आस पास के गांव में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता के पद पर समायोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कुछ दिनों बाद ही कीर्ति सेन को अधिकारियों ने बताया कि उन्हें अपने गांव से करीब 8 किलोमीटर दूर गांव के आंगनबाड़ी में कार्यकर्ता के रूप में समायोजित कर दिया गया है और उक्त आंगनबाडी में पद ग्रहण करना है। यह सुनते ही कीर्ति सेन की खुशी का ठिकाना न रहा। कीर्ति ने माना कि मुख्यमंत्री ने सचमुच ही खुशियों की सौगात दे दी है। अब कीर्ति सेन गबौद में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में नौनिहालों को ककहरा सिखाती हुई अपने परिवार की बेहतरी की ओर अग्रसर है और जीवन पथ को नया मोड़ दे रही है। विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम छेरकापुर निवासी श्रीमती कीर्ति सेन बताती हैं कि वर्ष 2017 से ग्राम छेरकापुर के आंगनबाड़ी में क्रेश कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रही थी। पति रोजी- मजूदरी करते हैं। जीवन -यापन में कठिनाई हो रही थी।कुछ माह पहले ही मुझे मोबाइल पर सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। इसे देखकर मुझे अपने समस्या के समाधान के लिए आशा की किरण दिखाई पड़ी। मैंने अपने बेटे धीरज सेन के साथ जनदर्शन में रायपुर गई और मुख्यमंत्री जी के समक्ष अपनी समस्या रखी। मैंने बताया कि मैं अपने क्षेत्र में बेहतर सेवाएं देना चाहती हूं, लेकिन अभी आंगनबाड़ी में केवल क्रेश कार्यकर्ता हूं। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण दिक्कत हो रही है। मुख्यमंत्री जी ने मेरी बात को ध्यान से सुना और तुरंत मेरे आवेदन पर कार्रवाई की। उन्होंने मुझे ग्राम छेरकापुर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में ग्राम गबौद में समायोजित करने का आदेश दिया। यह सुनकर मुझे अत्यंत खुशी हुई। मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम ने न केवल मेरी बल्कि मेरे जैसे अनेक लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया है। यह कार्यक्रम वास्तव में आम जन के लिए बहुत लाभदायक साबित हो रहा है। इस तरह एक पहल ने मेरी ज़िंदगी में बड़ा बदलाव लाया है। मैं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े का दिल से धन्यवाद करती हूं।

# थाना सिमगा एवं कसडोल पुलिस ने ली शांति समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



25 अक्टूबर को सायं थाना सिमगा एवं थाना कसडोल पुलिस द्वारा दीपावली त्यौहार के संबध मे शांति समिती की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सिमगा नगर में एसडीएम सिमगा थाना प्रभारी सिमगा तथा कसडोल नगर में एसडीएम कसडोल, तहसीलदार कसडोल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, थाना प्रभारी कसडोल सहित एवं सिमगा एवं कसडोल नगर के गणमान्य नागरिकों जनप्रतिनिधीगण एवं सर्व समाज के प्रमुख लोगों की उपस्थिति में दीपावली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से नगर में आपसी सौहार्द एवं प्रेम पूर्वक दीपावली पर्व मनाने एवं नगर में आपसी सद्भाव एवं भाईचारा का वातावरण बनाए रखने में अपनी सहमति दी।

# आपरेशन विश्वास के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्यवाही के लिए चलाया गया विशेष अभियान

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे 26.10.2024 को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 11 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 11 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। चेकिंग अभियान में यातायात की शाखा बलौदाबाजार द्वारा 04, यातायात कसडोल 01, यातायात भाटापारा 03 एवं थाना गिधपुरी द्वारा 03 चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सखूती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे।

# आधार कार्ड अपडेशन शिविर में 1390 हितग्राहियों का हुआ पंजीयन




पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर आधार अपडेशन के लिए छूटे हुए हितग्राहियों के लिए विशेष शिविर क़ा आयोजन 21 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक किया गया जिसमें 1390 हितग्राहियो ने पंजीयन कराया। आधार अपडेशन के लिए छूटे हुए हितग्राहियों के लिए यह शिविर जारी रहेगा।शासन की विभिन्न योजनाओं क़ा लाभ लेने के लिए आधार अपडेशन जरुरी है।हितग्राही शिविर में अपना आधार अपडेशन कराकर शासन की योजनाओं क़ा लाभ ले सकते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आधार अपडेशन शिविर जिले के 5 विकासखंड के 41 ग्राम पंचायतों तथा 4 नगरीय निकायों में आयोजित किया गया। शिविर आयोजन की जानकारी अमाजनों तक पहुंचाने के लिए वार्डो में मुनादी भी कराया गया था।

# प्रवीण प्रवाह के गजल से हुआ व्याख्यान माला का समापन

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com




राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय, में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी सप्ताह के अंतर्गत 'हिंदी की गद्य विधाएँ' विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन, प्राचार्य पी.के. भोई के संरक्षण एवं विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या भोई के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है । कार्यक्रम के समापन दिवस में साहित्य में गद्य और पद्य विषय पर व्याख्यान हुआ। सर्व प्रथम माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं राज्य गीत गायन के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। दीपक भोई ने सरस्वती वंदना एवं कु. जयंती साहू ने ओड़िया गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रवीण प्रवाह- साहित्यकार एवं ग़ज़लकार, (शृंखला साहित्य मंच के संस्थापक एवं अध्यक्ष) रहे । स्वागत संभाषण डॉ. चंद्रिका चौधरी एवं मार्गदर्शन एवं आशीर्वचन विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या भोई , अध्यक्षीय उद्बोधन, महाविद्यालय के राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष यू.के. बरिहा जी का रहा। मुख्य अतिथि प्रवीण प्रवाह ने साहित्य के मौलिक लेखन पर रोचक, सारगर्भित एवं महत्त्वपूर्ण ज्ञान साझा करते हुए कहा कि अब गद्य और पद्य के मध्य लकीर खींचना कठिन हो गया है। अज्ञेय और मुक्तिबोध की रचनाओं में गद्य के लक्षण दिखाई देते हैं तो नवयुग की कहानियों और उपन्यासों में पद्य से युक्त पंक्तियाँ मिल जाती हैं। उन्होंने साहित्यिक अनुभव के रूप में अपने ग़ज़लों का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार ने किया एवं आभार प्रदर्शन आरती साहू ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षा के छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

# सिविल लाईन दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा माता का जगराता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

## कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित अन्य अतिथियों ने माता की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





हिन्दुस्तान के मशहूर गायक लखबीर सिंह लक्खा का जगराता कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन स्थानीय पं. चक्रपाणी हायर सकेण्डरी स्कूल में किया गया, सिवील लाईन दुर्गा उत्वस समिती एवं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल एवं समिती के कार्यकर्ताओं के सहयोग से माता का जगराता कार्यक्रम का देर रात्रि तक भारी संख्या में उपस्थित लोगो ने आनंद उठाया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधासभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक एवं भा.ज.पा. के जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, विजय केशरवानी, प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय स्काउट गाईड व महामंत्री कृष्णा अवस्थी कार्यक्रम के अतिथी के रूप में उपस्थित रहे व दीप प्रज्वलन कर जगराता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित माता के जगराता कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के सफ्ल आयोजन की सराहना करते हुये कैबिनेट मंत्री ने शुभकामनाएं दिये व जनमानस को इस धार्मिक वातावरण के निर्माण पर नगरवासियों के द्वारा भजन व जगराता आयोजन के प्रति उत्साह पूर्वक उपस्थिति की प्रशंसा की गई, इसके साथ ही पूर्व विधासभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, सनम जांगड़े ने भी आयोजन की प्रशंसा करते हुए उपस्थित जन समुदाय को भक्तिपूर्ण गीतो का आनंद उठाने के साथ ही आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा सभी आमंत्रित अतिथिगणों को स्मृति चिन्ह भेंट किये व मशहुर गायक लखबीर सिंह लक्खा को माता की चुनरी भेंट की गई, इस अवसर पर अपने चिर-परिचित अंदाज में जब माता अम्बे की गानों की धुन छेड़ने पर ही जनसमुदाय व दर्शकगण अत्यंत उत्सहित होकर मंच के करीब चले गये व प्रमुख गीत ''मेरे अखियों के सामने ही रहना ओ मैईया मेरी शेरावाली', 'सर्वमंगलाकाली है वो काली खप्परवाली है'', ''बिगड़ी मेरी बनादे', 'प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी' जैसे माता की गीतो के साथ ही ''मेरे केसरी के लाल मेरा छोटा सा ये काम मेरे रामजी से कह देना जय सिया राम' व 'अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो' जैसे गीतो की प्रस्तुती दी गयी, जिसका दर्शको ने भरपूर आनंद उठाया। जनता के मध्य आकर्षक लाईट से सुसज्जित मंच से प्रस्तुति पर लोग भाव विभोर होकर माता का जगराता कार्यक्रम में प्रस्तुत गीतो को देर रात तक सुनते रहे। लखबीर सिंह लक्खा, मुम्बई के द्वारा गाये गये गीत आज तक लोग दुर्गा पंडाल एवं मंदिरो में ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से सुनते रहे है, ऐसे में उन गीतो के गायक जब स्वयं प्रत्यक्ष उपस्थित होकर कार्यक्रम में पहुचे तो सभी का उत्साह चैगुना बढ़ गया। मोबाईल के माध्यम से रिकार्डिंग एवं सेल्फी लेने के साथ ही सभी गानो पर खुब नाचने व झुमने लगे थे।

नगर पालिका एवं सिविल लाईन दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने आमंत्रित अतिथीगणों का आभार व्यक्त करते हुये आम जनता के मनोरंजन व माता के प्रति सच्ची श्रद्धा के लिए यह आयोजन किया गया है, जिस पर समिती के कार्यकर्ता पदाधिकारी व नगरवासियों सहित स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग, वन विभाग सहित सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन के दौरान मंच संचालन गुरूदत्त तिवारी एवं प्रसुन शर्मा ने किया। इस दौरान सिविल लाईन दुर्गा उत्सव समिति के आनंद वाकड़े, अमित जासवाल (गोलू), पार्षद अमितेष नेताम, गणेश जायसवाल, अनीश ताम्रकार (अंशु), मनोज वर्मा, नितेश शर्मा, अंश जायसवाल (चीनू), राकेश ध्रुव, नवनीत अग्रवाल, लोकनाथ जायसवाल, रोमी साहू, अंशु ताम्रकर, अविनाश वैष्णव, संकेत शुक्ला, टोनू सलूजा, केशकुमार जायसवाल, यशवंत ठाकुर, कृष्णा द्विवेदी, पार्षद कमल टण्डन, राजू सलूजा, कमल भारद्वाज, पीयूष भतपहरी, मोहन ठाकुर, दिलीप कन्नौजे, गोलू ठाकुर, केशकुमार जायसवाल, टीकम दुबे, सुमीत सोनी, अन्ना प्रधान, प्रहलाद तिवारी, भानूप्रताप साहू, दीपक राय, आकाश सिंह, सन्नी भोषले, बबलू चैहान सहित भारी संख्या में जनसमूह उपस्थित थे।

# आईआईटियन्स ने वैश्विक स्तर पर विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में बनाई अपनी विशेष पहचान: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के लिए आज 26 अक्टूबर का दिन स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। देश की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस संस्थान की तृतीय एवं चतुर्थ दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर संस्थान के विभिन्न इंजिनियरिंग शाखाओं के प्रतिभावान विद्यार्थियों को अपने हाथों से स्वर्ण पदक प्रदान किया। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दीक्षांत समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बहुत बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों, प्राध्यापकों, साथियों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन आपके लिए खुद को यह याद दिलाने का दिन है कि आप एक जिम्मेदार नागरिक और सक्षम व्यक्ति के रूप में बाहर की दुनिया में प्रवेश करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आईआईटी भिलाई द्वारा आदिवासी समाज की प्रगति के लिए तकनीकी क्षेत्र में किए गए विशेष प्रयास सराहनीय हैं। आईआईटी भिलाई ने ऐग्रीटेक, हेल्थटेक और थिंकटैंक पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया हैं। आईआईटी भिलाई ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एम्स रायपुर के साथ सहयोग करके मोबाइल फ़ोन ऐप्स बनाए है, जिससे गांव के लोगों को घर बैठे चिकित्सा संबंधी मदद मिल जाती है। इस संस्थान ने इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के साथ भी सहयोग करके किसानों के लिए समाधान बनाएं हैं। जिससे उन्हें अपने संसाधनों का सही उपयोग करने के लिए मार्गदर्शन और सहायता मिलती है। यह सराहनीय है कि 6 लाख किसान क्रॉप डॉक्टर नाम के मोबाइल ऐप्लिकेशन का उपयोग कर रहे हैं। यह संस्थान सामाजिक तौर पर प्रासंगिक अनुसंधान को बढ़ावा दे रहा है। यहां राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा संबंधी प्रोजेक्ट भी चलाए जा रहे हैं। इसके साथ ही महुआ जैसे लघुवनोपज पर भी शोध किया जा रहा है। आईआईटी भिलाई एक समावेशी सोच के साथ आगे बढ़ रहा है और यहां वंचित तथा पिछड़े वर्गों के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस संस्थान ने छात्राओं की संख्या और भागीदारी बढ़ाने के लिए भी कदम उठाए हैं। आईआईटी के छात्रों ने विश्व स्तर पर विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। ग्लोबल कंपनी का नेतृत्व करते हुए हमारे आईआईटियन्स ने अपने तकनीक एवं कौशल से 21वीं सदी की दुनिया में उच्च स्थान प्राप्त किया है। आईआईटी के विद्यार्थियों ने स्वरोजगार एवं उद्यमिता का रास्ता चुना है और रोजगार का सृजन किया है। आईआईटियन्स ने अपनी अग्रणी खोज, अपनी वैज्ञानिक सोच, नवोन्मेषी एवं दूरगामी दृष्टिकोण से देश एवं दुनिया की प्रगति में अपना योगदान दिया है। उन्होंने भारत में डिजिटल ट्रान्सफार्मेशन एवं स्टार्टअप कल्चर को भी बढ़ावा दिया है। तकनीकी विकास के माध्यम से देश को विश्व में उंचा स्थान दिलाने में आईआईटी इको सिस्टम की महत्वपूर्ण भूमिका को हम सब जानते हैं। आप सभी विद्यार्थियों पर इस परम्परा को आगे बढ़ाने का बड़ा दायित्व है। यहां के छात्र अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग करेंगे




# सेवानिवृत्त वरिष्ठ कर्मी अब हमारे मार्गदर्शक की भूमिका में मिश्र

## इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में रिटायर बीएसपी कर्मियों को दी विदाई

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com




भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिकों की प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में विदाई सह संस्था में जमा उनकी निधियों का अंतिम भुगतान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें माह सितंबर-2024 और उसके पूर्व सेवानिवृत हुए भिलाई स्टील प्लांट के कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शाल/श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का खातादेय चेक देकर सम्मानित किया। शुरुआत में अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने इन सभी वरिष्ठ कर्मियों के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि भविष्य में भी यह सभी साथी हमारे मार्गदर्शक की भूमिका में रहेंगे । उन्होंने जीवन के नए पड़ाव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी वरिष्ठ सदस्यों से हमारी सोसाइटी के संबंध हमेशा प्रगाढ़ बने रहेंगे। इन सेवानिवृत्त कर्मियों में रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से सेवा सिंह, ब्लास्ट फर्नेस से रविंद्र बरगढ़, सेंट्रल मैकेनिकल मेंटेनेंस से प्रभु राम पटेल, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन से तिलेश्वर तारम, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से प्रदीप कुमार साखरकर, हीरालाल वर्मा, श्याम मनोहर सिंह, विश्वनाथ भट्टाचार्य मटेरियल रिकवरी डिपार्टमेंट से फलधर शर्मा, मशीन असेंबलिंग एंड रि-इंजीनियरिंग शॉप (मार्स) से निरंजन कुमार साहू, प्लेट मिल से कृष्ण, मेडिकल से पुष्पा, शिक्षा विभाग से राकेश कुमार शुक्ला, सीईडी से बी. डेविड, हॉर्टिकल्चर से राजकुमार अग्रवाल, मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल से राजेश प्रसाद, पीएसडीपी से मोहन बिसाई, एजुकेशन से रिफत अंजुम अली, ब्लास्ट फर्नेस से टेरसराम कांत, पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन से प्रशांत कुमार पटेरिया, सीडीसीपी से आरके तिवारी, पीएचईडी से पवन कुमार, प्लेट मिल से देवप्रसाद, जे के घोष, डीके चतुर्वेदी और सिंटर प्लांट-3 से राजकुमार शामिल हैं। सम्मान के दौरान रिटायर कर्मियों में आर के वर्मा और रमेश तिवारी सहित कई अन्य ने भी अपनी बात रखी और अपना सेवाकाल याद करते हुए सोसाइटी के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन प्रबंधक एम मुरलीधर ने किया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन संचालक मंडल सदस्य जे के गहिने ने व्यक्त दिया।

# कलार समाज की बैठक में लिया गया कई महत्वपूर्ण निर्णय

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छ ग कलार समाज बेमेतरा की बैठक गांधी भवन बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित किया गया है कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश संरक्षक दीपक डडसेना बिरेंद्र जयसवाल अध्यक्ष बेमेतरा बिंदिया जयसवाल महिला अध्यक्ष बेमेतरा अशोक जयसवाल बेमेतरा ईश्वर सिन्हा मंडलेश्वर बेरला अजय सिन्हा नवागड लोकनाथ सिन्हा खमरिया टीकाराम डडसेना पुसउ राम सिन्हा मदन लाल सिन्हा सुरेश सिहोरे जी डामन सिन्हा सहित समाज गंगा के उपस्थिति में भगवान सहस्त्र बाहु के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात समस्त अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया मुख्यआतिथि ने अपने उद्बोधन में लक्ष्य में अडिग रहकर कार्य करने से सफलता अवश्य मिलता है सकारात्मक विचार धारा से व्यक्ति एवं समाज का विकास संभव है अध्यक्ष बिरेंद्र जयसवाल ने समाज में मातृ शक्ति की सहभागिता को सराहा बैठक में राज्योत्सव में होने वाले माता बहादुर कलारिन अलंकरण सम्मान समारोह के बारे में जानकारी सहित आने वाले त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में सामाजिक लोगो को जन प्रतिनिधि बनाने एवं आवश्यक सहयोग करने पर जोर दिया गया सामाजिक समरता कलार समाज की संस्कृति के अनुसार कार्तिक सप्तमी को पूरे जिले में भगवान सहस्त्र बाहु जयंती मनाने से लेकर अनेक महत्व पूर्ण लिया गया विभिन्न चर्चा के सामाजिक प्रकरण का निपटारा किया गया अंत में आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री मोहन सिन्हा ने किया इस अवसर प्रदेश युवा उपाध्यक्ष देवलाल सिन्हा हुकुम सिन्हा बिरेंद्र जयसवाल मोहन सिन्हा शिवझडी सिन्हा जिला अध्यक्ष युवा मंच कुलेश्वर सिन्हा मनोज सिन्हा कामता सिन्हा अशोक सिन्हा रघुवीर सिन्हा दीपक सिन्हा कामता सिन्हा तिहारु सिन्हा कृष्ण कुमार सिन्हा केशरी नंदन सिंहा बाबूराम राम जयसवाल पार्वती सिन्हा ललित सिन्हा सुरेश सिन्हा नरसिंह जयसवाल आजू राम सिन्हा संजय सिन्हा सहदेव सिन्हा मीनाराम संजयसिन्हा ममता सिन्हा पुरुषोत्तम सिन्हा लक्ष्मण सिंहा सहित युवा मंच महिला मंच सहित अधिक संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# निगम की अंतिम सभा में महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपने 5 साल में किए गए विकास कार्यों की गिनाई उपलब्धि

## निगम की आखिरी सामान्य सभा पर सभी पार्षदों ने अपने 5 साल के अनुभव साझा किए

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम दुर्ग की सामान्य सभा की बैठक 11 बजे निगम परिसर में स्थित मोतीलाल वोरा सभागार में हुई।जिसकी शुरुवात राष्ट्रीयगान से किया गया। प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए आचार संहिता लगने से ठीक पहले दुर्ग नगर निगम की अंतिम सामान्य सभा सम्पन्न हुई. अंतिम सामान्य सभा के मौके पर विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें नगर निगम के सभापति राजेश यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल और,नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, उप नेता प्रतिपक्ष देवनारायण चन्द्राकर सभी एमआईसी सदस्य व वार्डों के पार्षद और आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, अधिकारीगण/ कर्मचारीगण मौजूद थे. इस विशेष सामान्य सभा में एक तरफजहां महापौर सहित सभी पार्षदों ने अपने 5 साल का अनुभव साझा किया। निगम की अंतिम सभा में महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपने 5 साल में किए गए विकास कार्यों की उपलब्धि गिनाई और सभी पार्षदों ने अपने-अपने 5 साल के अनुभव साझा किए। निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि हमने जो वादे जनता से किए थे वह पूरा किया। उनके 5 साल के कार्यकाल में जनता को बहुत कुछ विकास कार्य देखने को मिला। एजेंद्र क्रमांक एक जल गृह एवं गंज मंडी शिपिंग कम्प्लेक्स में आरक्षण शब्द को विलोपित करने व पुनः निविदा जारी करने व एजेंडा क्रमांक 2 में विकास शुल्क के प्रस्ताव अनुसार विकसित क्षेत्र वार्ड क्रमांक 6 से 13,व 22 से 36 ओर 44 से 46,20 से 22 एवं 42 से 43 कुल प्लाट एरिया में 45/ रुपये प्रतिवर्ग फुट की दर से एवं अधिकसीत क्षेत्र वार्ड क्रमांक 1 से 5 एवं 14 से 19 और वार्ड 37 से 41,47 से 60 तक प्लांट एरिया में 80/-प्रति वर्ग फुट की दर से प्रचलित दर में नियमानुसार प्रतिवर्ष 5त्न की वृद्धि को बहुमत से पारित किया गया है। इसके अतिरिक्त एजेंडा क्रमांक 3 नियम निगम समिह्नन की व्यवसायिक परिसर की भूतल में निर्मित दुकानों के प्रथम तल रिक्त छत आबंटन किया जाकर लीज पर दिए जाने के संबंध में वर्तमान कलेक्टर गाइड लाइन दर पर भूतल पर निर्मित परिसर के 50त्नदर पर छत आबंटन हेतु नियम शर्तों के अधीन लीज पर दिए जाने बहुतमत से पारित किया गया है। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव ने महापौर, सभापति व पार्षदों का आभार व्यक्त किया।उन्होंने सामान्य सभा मे अपने पार्षद के कार्यकाल पद पर रहे उन्होंने अपने पुराने कार्य का अपना अनुभव सांझा किया। सामान्य सभा की चला-चली की बेला में सभी ने अपने खाटे मीठे अनुभव सांझा किया जिसमे अब्दुल गनी, संजय कोहले,दीपक साहू, भोला महोबिया, ऋषभ जैन, जमुना साहू, हमीद खोखर, शंकर ठाकुर, अनूप चंदनिया, सत्यवती वर्मा, मनदीप सिंह भाटिया, मदन जैन, शिवेंद्र परिहार,नरेंद्र बंजारे, अरुण सिंह, शेखर चन्द्राकर, नीता जैन, राजकुमार नारायणी,नरेश तेजवानी, काशीराम कोसरे, राकेश सेन,कविता तांडी, हेमा शर्मा।

# रास्ता रोककर मारपीट कर लुट करने वाला दो आरोपित पुलिस के गिरफ्त में

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



रास्ता रोक कर मारपीट करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार इस संबंध में पुलिस ने बताया कि 22.10.2024 को प्रार्थी योगेश चंद्राकर उम्र 24 साल साकिन कन्हेरा पुलिस चौकी खण्डसरा थाना व जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराय कि में 22.10.2024 के रात्रि करीबन 12.30 बजे ग्राम उमरिया नर्सरी पास दाढी रोड के पास आरोपी विक्की सोनी ग्राम दाढी एवं उसके 02 अन्य साथी मिलकर प्रार्थी के मोटर सायकल को ओवरटेक कर अपनी गाडी सामने खडा करके रास्ता रोककर तीनो मिलकर प्रार्थी के साथ मारपीट करना तथा विक्की सोनी द्वारा प्रार्थी के मोबाईल वीवो कंपनी का वाई 21 कीमती 10,000/- रूपये, जिसमें जीयो कंपनी का सिम कार्ड लगा को लुट लेना तथा प्रार्थी के पैंट के दाहिने जेब में रखे नगदी रकम 12,500/- रूपये को जबरन निकाल लेने कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 309 (6),127 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया । जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने तत्काल आरोपी के विरूध्द आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी खण्डसरा प्रभारी सउनि सुरेश सिंह राजपूत को अपराध विवेचना हेतु पुलिसचौकी खण्डसरा स्टाफ के साथ लगाया गया।प्रकरण में विवेचना के दौरान जरिये मुखबीर की सुचना पर आरोपी विक्की सोनी एवं उसके साथी लक्की निषाद को ग्राम दाढ़ी में घेराबंदी कर हिरासत में लेकर उक्त घटना के संबंध में पुछताछ करने पर पता चला कि 22.10.2024 के रात्रि करीबन 12.30 बजे तीनो विक्की सोनी, लक्की निषाद एवं एक अन्य साथी मो.सा. होण्डा साइन क्रमांक सीजी 09 जे ई 8464 में उमरिया से ग्राम दाढ़ी जा रहे थे।

# सामान्य प्रसव कराने गर्भवती महिलाओं को सूचीबद्ध करने निर्देश

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की जिला नोडल अधिकारी ने




पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में स्वास्थ्य महकमे की राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा शनिवार को जिला नोडल अधिकारी मातृत्व स्वास्थ्य व शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रभारी डा अर्चना चौहान ने की। उन्होंने सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में सुरक्षित सामान्य प्रसव कराने गर्भवती माताओं की लाइन लिस्टिंग करने निर्देश दिया। उन्होंने ने हाई रिस्क गर्भवती माताओं की ट्रेकिंग सुनिश्चित कर उनके प्रसव का बर्थ प्लान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल में कराने निर्देश दिए। मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभारी डा अर्चना चौहान ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका व संयोजक, नेत्र सहायक चिकित्सा अधिकारी को प्रति माह का एटीपी मेडिकल ऑफिसर के पास माह अंत में जमा करने कड़े निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिदिन दौरा कार्यक्रम अनुसार फील्ड में विजिट करने कहा ताकि हितग्राहियों को पता रहे इस दिन स्वास्थ्य महकमा ग्राम अथवा संबंधित वार्ड में उपस्थित है। डॉ अर्चना चौहान ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में अप्रैल से अब तक 117 सामान्य प्रसव होने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा किसी भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर औसतन इतना प्रसव एक उपलब्धि है। उन्होंने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में प्रति माह कम से कम 3 सामान्य प्रसव कराने कार्य योजना बनाकर प्रसव कराने कड़े निर्देश दिए हैं। इस दौरान बीईईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि भिलाई-3 सेंटर में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सिरसा कला में 7, चरोदा में 4, पचपेड़ी में 2 और कुगदा 1 सामान्य प्रसव हुए है। कार्यक्रम में मेडिकल आफिसर डा आदित्य शर्मा, बी ई टी ओ सैय्यद असलम, सीनियर कंसल्टेंट एल एच व्ही आर विश्वास, पीएडी ए चम्पा कली सोनी सी एच ओ, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका व संयोजक उपस्थित थे।

# महिला महाविद्यालय में आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रकोष्ठ का सफल आयोजन




पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com

यू.जी.सी. भारतीय ज्ञान -विज्ञान परंपरा को लेकर पूरे देश में एक बड़ा अभियान चला रहा है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत बड़ी संख्या में विश्वविद्यालयों और शिक्षकों और शोधार्थियों को पर्याप्त अनुदान राशि दी जायेगी। भारतीय संस्कृति, साहित्य एवं ज्ञान -विज्ञान परंपरा के विशेषज्ञ आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने महिला महाविद्यालय सेक्टर-9 भिलाई में ये बातें बताईं। आचार्य डॉ. शर्मा कॉलेज के आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय ज्ञान -विज्ञान परंपरा पद्धति पर आमन्त्रित विशेषज्ञ अतिथि के रूप में महाविद्यालय परिवार को सम्बोधित कर रहे थे। धर्म - संस्कृति, साहित्य और ज्ञान -विज्ञान को लेकर देश - विदेश के अनेक सफल भ्रमण कर चुके आचार्य डॉ.शर्मा की अनेक पुस्तकें एवं शोध लेख भी प्रकाशित हैं। उन्होंने बताया कि हमारे वैज्ञानिक आर्यभट्ट ने धरती की गति की जानकारी विदेशी वैज्ञानिक गैलीलियो और कॉपरनिकस से बहुत पहले ही दे दी थी। हमारे इसी वैज्ञानिक ऋषि ने शून्य और दशमलव का ज्ञान दुनिया को दिया। भारतीय वैज्ञानिक भास्कराचार्य ने न्यूटन से छः सौ वर्ष पहले गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत खोजा। वैज्ञानिक और दार्शनिक प्रशस्तपाद ने परमाणु की खोज की। मिसाइल, साहित्य,कला, ज्योतिष और धर्म के क्षेत्र में तुलसी, रहीम, रसखान और भारतरत्न डॉ. ए. पी.जे.अब्दुल कलाम आदि के अविस्मरणीय योगदान को भी डॉ. शर्मा ने छात्राओं को बताया। सरस्वती पूजा अर्चना के पश्चात् कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। कालेज की प्राचार्या डॉ. सन्ध्या मदन मोहन ने मुख्य अतिथि डॉ.शर्मा का स्वागत-सम्मान करते हुवे उनका उपलब्धि पूर्ण परिचय कराया और उन्हें स्मृति चिह्न और पौधा भेंट किया। डॉ.शर्मा ने प्राध्यापकों और छात्राओं को रोजगार मार्गदर्शन एवं पर्यावरण प्रोजेक्ट फाइल सम्बन्धी लेखन सामग्री सौंपी।

## प्राचार्य डॉ. आलोक शुक्ला ने कहा- इतिहासकारों ने देश के इतिहास को काफी तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किए हैं

# बिरसा मुंडा ने शोषण के खिलाफ शंखनाद किया–सावर्णी

पायनियर संवाददाता ◂ रानीतराई
www.dailypioneer.com





स्व. दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय रानीतराई में ''जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास'' कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. आलोक शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ बिरसा मुंडा तथा सरस्वती माता के चित्रों पर पुष्पार्पण, दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदन से हुआ। प्रथम सत्र में व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी अंबिका ठाकुर बर्मन के द्वारा संचालन किया गया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भास्कर सवर्णी साहित्यकार पाटन ने कहा-हमारे जनजाति समाज के सम्मान के गौरवशाली, इतिहास के बारे में हर आदिवासी देशभक्त को छोड़ने वाली बात है जो आदिवासी समाज को भुला दिया। महान सम्राट अशोक जिन्हें भारत सरकार ने अशोक के चिन्ह को राष्ट्रीय चिन्ह बनाया। इसी तरह समुद्रगुप्त एवं चंद्रगुप्त का नाम भी आते हैं। उनके शासन काल को स्वर्ण युग कहा जाता था। जनजाति समाज देश का सबसे पिछड़ा समाज माना जाता है। बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के जननायक के रूप में जाना जाता है, उन्हें भगवान का दर्शन दिया जाता है। बिरसा मुंडा ने बहुत कम आयु में ही समाज के बारे में सोचा और संघर्ष किया। बिरसा मुंडा का जन्म 15 नंबर 1875 को बिहार के पुली हाथों गांव जिला रांची में हुआ था। जो आप झारखंड राज्य में सम्मिलित है। इन्होंने हिंदू और ईसाई धर्म दोनों की शिक्षा ली। बिरसा मुंडा को 25 साल में ही आदिवासियों के सामाजिक और आर्थिक शोषण का काफी ज्ञान हो गया था। बिरसा मुंडा ने अल्प आयु में ही अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासियों को एकत्रित कर विद्रोह का सूत्र तैयार कर लिया और उन्हें आवाज उठाने की राजनीति सिखाई बिरसा मुंडा हमेशा अपनी संस्कृति और धर्म को बचाना और बरकरार रखना चाहते थे उन्होंने मुंडा परंपरा और सामाजिक संरचना को नए जीवन दिया स्थानीय की सुरक्षा की राजनीतिक लड़ाई का एक रूप था। इसलिए बिरसा मुंडा को न केवल झारखंड में बल्कि समाज और राष्ट्र के नायक के रूप में देखा जाता है। निर्मल जैन जन भागीदारी विकास समिति अध्यक्ष एवं रानीतराई सरपंच ने कहा- वीरांगना रानी दुर्गावती का जन्म उत्तर प्रदेश के बांदा में 5 अक्टूबर 1524 को हुआ था इनके पिता कीरत राय चंदेल वंश के शासक थे। दुर्गावती को बचपन से ही तीरंदाजी तलवारबाजी और घुड़सवारी का शौक था। वह बचपन में ही पिता के साथ जंगलों में शिकार करने जाया करती थी। रानी दुर्गावती ने अपने राज्य की राजधानी को चौरागढ़ से सिंगापुर घर स्थानांतरित किया सेवा में बदलाव की और एक सुसज्जित सी तैयार किया कई मंदिरों, धर्मशालाओं और तालाबों का निर्माण करवाया। 1556 में मालवा के सुल्तान बाज बहादुर ने गोंडवाना पर हमला बोल दिया लेकिन रानी दुर्गावती के कार्यक्रम के सामने वह बुरी तरह से पराजित हुआ। प्राचार्य डॉ. आलोक शुक्ला ने कहा- इतिहासकारों ने देश के इतिहास को काफी तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किए हैं। जैसे हमे पढ़ाए गए है वैसे हम पढ़े हैं । हमारे देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने संकल्प लिया है कि हम देश के इतिहास के बारे में गौरवशाली परंपरा में अनेक आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी योगदान दिया है। वह इतिहास में दर्ज नहीं है उनको हम स्मरण करेंगे। एक षड्यंत्र के द्वारा आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी के नाम को छिपाया गया। बहुत सारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हुए जिन्होंने जिन्होंने अपनी प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद कराया। हम उनके नाम को ही नहीं जानते। उनका नाम इतिहास में नहीं लिखा गया है अंग्रेजी साम्राज्य से लड़ते-लड़ते देश को आजाद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने संकल्प लिए कि देश की युवा आदिवासी समाज के संग्राम सेनानी को भी याद किया जाएगा।

# नई दिल्ली में अपने सुरों का जादू जगाएंगे परनराज

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com

इस्पात नगरी में पले-बढ़े और इन दिनों अपनी गायकी से देश भर में सुरों का जादू जगा रहे युवा गायक परनराज भाटिया नई दिल्ली में प्रस्तुति देने जा रहे हैं। 2 नवंबर शनिवार को वे इंडिया इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली में विशेष कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। जहां अंजुमन तरक्की-ए-उर्दू (हिंद) की तरफसे प्रशासनिक अधिकारी और शायर विनोद कुमार त्रिपाठी 'बशर' की किताब का विमोचन और उनकी शायरी पर सांगीतिक प्रस्तुति होगी। इस दौरान परनराज यहां उपस्थिति विशिष्ट जनों को 'बशर' की चुनिंदा गजलें सुनाएंगे। खास बात यह है कि परनराज ने इन गजलों को खुद स्वरबद्ध भी किया है। उल्लेखनीय है कि परनराज आकाशवाणी और दूरदर्शन के बी-हाई ग्रेड प्रमाणित कलाकार हैं। वे रिटायर बैंक अफसर जगजीत सिंघ भाटिया के सुपुत्र हैं।



# 22 नवंबर को रिलीज होगी अभिषेक बच्चन की नई फिल्म आई वांट टू टॉक

बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन वापसी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। 2023 में रिलीज हुई फिल्म घूमर में अभिषेक आखिरी बार नजर आए थे। अभिषेक की आगामी फिल्म आई वांट टू टॉक है। फिल्म का रोमांचक और अद्भुत टीजर कुछ ही देर पहले यूट्यूब पर जारी किया गया। फिल्म के टीजर में अभिषेक नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि, कार के डेक पर एक स्टैच्यू रखा है, जिसका सर लगातार हिलता दिखाई दे रहा है। इसके पीछे से अभिषेक का वॉइस ओवर सुनाई दे रहे है। अभिषेक ने टीजर में वॉयसओवर के लिए अपनी आवाज भी दी है। वॉयसओवर में, वह कहते हैं, मुझे सिर्फ बात करना पसंद नहीं है। मैं बात करने के लिए जीता हूं। जिंदा होने में और मरने में बस यही एक बात का अंतर दिखाई देता है। जिंदा लोग बोल पाते हैं और मरे हुए लोग बोल नहीं पाते। टीजर का आखिर में फिल्म का शीर्षक सामने आता है। यूट्यूब के अलावा अभिषेक ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर भी फिल्म का टीजर साझा किया है।

यूट्यूब पर फिल्म का टीजर जारी किया गया। टीजर के आखिर में फिल्म के कलाकारों का भी पता चला। अभिषेक मुख्य भूमिका में हैं, फिल्म में अहिल्या बामरू, जॉनी लीवर, जयंत कृपलानी, पियरले डे और क्रिस्टिन गोडार्ड नजर आएंगे। आई वांट टू टॉक के अद्भुत टीजर को अभिषेक के प्रशंसकों की लगातार प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं विक्की कौशल ने भी फिल्म के टीजर की बड़ी सराहना की है। विक्की ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर टीजर साझा किया और लिखा, शूजित दा का जादू! टीजर पसंद आया। शीर्षक पसंद आया और... एबी का इंतजार नहीं कर सकता! बता दें अभिषेक और विक्की ने मनमर्जियां में साथ काम किया था। आई वांट टू टॉक अभिषेक और शूजित की पहली साथ में फिल्म है। हालांकि, शूजित ने अभिषेक के पिता, अभिनेता अमिताभ बच्चन के साथ पीकू (जिसमें शूजित सरकार सह-लेखक थे) और गुलाबो सिताबो में काम किया है। आई वांट टू टॉक 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# मैं फिल्म में क्रिएटिवली ज्यादा शामिल होना चाहती थी इसीलिए प्रड्यूसर बनने का मन बनाया

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन जल्द ही फिल्म दो पत्ती में नजर आएंगी। इस फिल्म में उन्होंने डबल रोल निभाया है। उन्होंने हमारे साथ बातचीत में बताया कि लॉकडाउन के दौरान ही उन्हें बिजनेस करने का ख्याल आया था। इसीलिए अब वो प्रोडक्शन की दुनिया में भी हाथ आजमा रही हैं।

**ऐक्टिंग में इस साल एक दशक पूरे करने साथ ही अब आप बिजनेस और फिल्म प्रॉड्क्शन में भी उतर चुकी हैं। इन अलग-अलग क्षेत्रों में हाथ आजमाने का ख्याल कैसे आया?**

ऐसा नहीं है कि मेरे दिमाग में आया कि अभी ऐक्टिंग में इतने साल हो गए तो मुझे कुछ और करना चाहिए। हमें कभी किसी चीज की ओर अचानक से जुड़ाव महसूस होता है। जैसे बिजनेस का ख्याल मेरे दिमाग में लॉकडाउन में आया। मैं सोचती हूं कि बचपन में जब कोई पूछता था कि बड़े होकर क्या बनना है तो जवाब एक ही क्यों होता था! हम बहुत कुछ कर सकते हैं ना, बहुत कुछ बन सकते हैं।

**फिल्म दो पत्ती में डबल रोल के अलावा को-प्रड्यूसर की भूमिका निभाने के पीछे भी क्या यही सोच रही?**

मैं असल में ऐसे दौर में थीं जहां मैं फिल्म में सिर्फ ऐक्टर के बजाय क्रिएटिवली और ज्यादा शामिल होना चाहती थी। जब मैं मिमी कर रही थी, तब मुझे यह अहसास हुआ। उस फिल्म से मैं इमोशनली और कई तरीके से इतना जुड़ गई थी कि उसके हर पहलू का हिस्सा बनना चाहती थी। तब मैंने प्रड्यूसर बनने का मन बनाया। दूसरे, बहुत मुश्किल से आपके पास ऐसी स्क्रिप्ट आती है जिसमें आपको इतने गहरे और इंटेंस लेवल पर परफॉर्म करने को मिले तो मैं ऐसा कोई रोल तलाश भी रही थी जो मुझे मिल नहीं रहा था।

**कनिका के मुताबिक, औरतें जब साथ आती हैं तो कमाल करती हैं। आपकी इस पर क्या राय है? आपके हिसाब से औरतें साथ में कैसे एक-दूसरे को सशक्त बनाती हैं?**

मैं कनिका से बिल्कुल सहमत हूं। मेरा मानना है कि जो आप अपने घर में देखते हैं, अपनी मां को करते हुए देखते हैं, वह आपकी पर्सनैलिटी को बनाता है। मैंने हमेशा यही देखा कि मेरी मॉम और डैड दोनों काम करते हैं। दोनों साथ मिलकर फैसले लेते हैं। ऐसा नहीं था कि मेरी मां घर में मेरे डैड से किसी मायने में कम थीं।

**फिल्म में आप पहली बार डबल रोल कर रही हैं और ये दोनों भूमिकाएं एक-दूसरे से और चुनौतीपूर्ण हैं। एक ही समय में इन दोनों पर्सनैलिटीज में खुद को ढालने के लिए क्या तरकीब अपनाई?**

मेरे लिए सबसे जरूरी इन दोनों पर्सनैलिटीज को समझना था कि मैं उनको एक-दूसरे से अलग कैसे कर सकती हूं क्योंकि ये बहनें हैं। ऐसा नहीं है कि वे बचपन में बिछड़ गई हैं और बाद में मिली। वे एक ही घर में, एक ही परिवार के साथ रही हैं, उनकी परवरिश एक है, फिर भी उनके बीच अंतर क्या है? मुझे वह खोजना था और अंतर होता है। जैसे, मैं और मेरी बहन भी अलग है, एक ही सिचुएशन में हम दोनों का रिएक्शन बहुत अलग होता है। उसे गुस्सा बहुत आता है, मुझे नहीं आता है तो इन चीजों को पकड़ा। उसके हिसाब से उनकी चाल-ढाल, एक्सप्रेशन में बदलाव लाया। इन बहनों के बीच दुश्मनी भी है, वह क्यों है? यह साइकॉलजी समझना मुश्किल था, पर इसी का मजा था।



# टल गई यश की फिल्म टॉक्सिक की रिलीज डेट

अभिनेता यश की आगामी फिल्म टॉक्सिक का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है और इससे जुड़ी हर खबर पर उनकी नजर रहती है। बीते दिनों इस फिल्म को लेकर खबर आई थी कि इसकी रिलीज डेट स्थगित कर दी गई है। अब खुद रॉकी भाई ने इस खबर की पुष्टि कर दी है। टॉकिस्क पहले अप्रैल 2025 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

## अप्रैल में रिलीज नहीं होगी फिल्म

कन्नड़ सुपरस्टार यश ने हॉलीवुड रिपोर्टर से बातचीत में इस बात को आधिकारिक रूप से कंफर्म किया है कि टॉक्सिक अप्रैल में रिलीज नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि शूटिंग शुरू होने से पहले फिल्म की रिलीज डेट का एलान जल्दबाजी में कर दिया गया था। इसे लेकर अभिनेताओं के शेड्यूल पर विचार नहीं हो पाया। फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होनी थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

## ये सितारे भी आएंगे नजर

फिल्म टॉक्सिक का एलान बीते वर्ष रिलीज डेट के साथ ही किया गया था। इस फिल्म में यश के अलावा नयनतारा, कियारा आडवाणी और हुमा कुरैशी जैसे चर्चित सितारे भी नजर आएंगे। यह मेगा बजट फिल्म है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।


## यह ऑस्कर विजेता कंपनी करेगी वीएफएक्स का काम

नई रिलीज डेट को लेकर जब यश से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वे फिलहाल इसका एलान नहीं करना चाहते। कुछ वक्त में वे आधिकारिक रूप से चीजों को सामने पेश करेंगे। यश ने यह भी कहा कि टॉक्सिक का वीएफएक्स का काम ऑस्कर और नेशनल अवॉर्ड विजेता कंपनी छ्हश्वत्न करने जा रही है।

# रोलेक्स किरदार की लोकप्रियता को सूर्या ने बताया अप्रत्याशित



सूर्या इन दिनों अपनी आगामी फिल्म कंगुवा के प्रमोशन में व्यस्त हैं। उनकी और बॉबी देओल के अभिनय वाली ये फिल्म इस साल की सबसे चर्चित और बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अभिनेता के फैंस बेसब्री से इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के अलावा फैंस उन्हें रोलेक्स के किरदार में भी देखने को लेकर काफी उत्सुक हैं। सूर्या साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म विक्रम में रोलेक्स के किरदार में कैमियो करते नजर आए थे। हाल में ही अभिनेता ने अपने इस कैमियो को लेकर बात की है। सूर्या ने साल 2022 में दिग्गज अभिनेता कमल हासन की फिल्म विक्रम में रोलेक्स के किरदार में नजर आए थे। साउथ के मशहूर निर्देशक लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उनके कैमियो किरदार की काफी चर्चा हुई थी। अभिनेता इस किरदार में काफी खूंखार और क्रूर नजर आए थे। इस पर बात करते हुए अभिनेता ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनके इस कैमियो को इतने व्यापक तरीके से पसंद किया जाएगा। अभिनेता ने इसमें जोड़ते हुए बताया कि उन्होंने इसके लिए पूरे एक दिन की भी शूटिंग नहीं की थी।



# आलिया भट्ट की ब्रांड वैल्यू को करारा झटका

## 'जिगरा' के फ्लॉप होने के दिखने लगे साइड इफेक्ट्स

फिल्म 'कलंक' के बाद से एक ब्लॉकबस्टर सुपरहिट फिल्म का इंतजार कर रही आलिया भट्ट के लिए उनकी ताजातरीन फिल्म 'जिगरा' करारा झटका साबित हुई है। ब्रांड बाजार में अपनी स्थिति सुधारने के लिए अब उनके पास लंबे समय तक कोई दूसरी फिल्म भी नहीं है। इन दिनों उनकी सिर्फ एक फिल्म 'अल्फा' ही निर्माणाधीन है और इसकी रिलीज अगले साल के आखिर में होने वाली है। उनकी तीन-चार फिल्में लंबे समय से चर्चा में हैं, लेकिन इनमें से किसी की भी शूटिंग हाल फिलहाल शुरू होती नहीं दिख रही है।

साल 2019 तक आलिया भट्ट का करियर शानदार रफ्तार में चला। 'उड़ता पंजाब', 'डियर जिंदगी', 'बदरीनाथ की दुल्हनिया', 'राजी' और 'गली बॉय' जैसी पांच बैक टू बैक हिट फिल्में देकर आलिया ने अपनी पोजीशन हिंदी सिनेमा की नंबर वन हीरोइन की कुर्सी पर पक्की की ही थी कि धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म 'कलंक' ने उनकी इस रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। उसके बाद से लगातार आलिया संघर्ष कर रही हैं। 'कलंक' के बाद इस बीच आलिया ने 'ब्रह्मास्त्र' और 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' जैसी धर्मा प्रोडक्शंस की दो और फिल्मों में काम किया और इन फिल्मों के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर फिल्म 'जिगरा' की तरह ही खूब चर्चाएं होती रहीं।

इस बीच उनकी फिल्म 'सड़क 2' सुपरफ्लॉप रही। 'गंगूबाई काठियावाड़ी' किसी तरह निर्माता जयंती लाल गडा के आर्थिक सहयोग से सिनेमाघरों तक पहुंची और टिकट खिड़की पर औसत कारोबार ही कर सकी। उनकी दो फिल्में सीधे ओटीटी पर प्रसारित हुई, जिसमें फिल्म 'डार्लिंग्स' को मिली जुली प्रतिक्रिया मिली। लोगों को इसमें आलिया भट्ट और शेफाली शाह का काम तो खूब पसंद आया लेकिन विजय वर्मा की मौजूदगी ने और उनके एकरस अभिनय ने फिल्म को नुकसान भी पहुंचाया। 'हार्ट ऑफ स्टोन' कब आई और कब चली गई, लोगों को अब याद भी नहीं है।

एस एस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' के जरिये आलिय भट्ट ने साउथ सिनेमा में प्रवेश करने की कोशिश की है। इस फिल्म के सेट पर उनकी जूनियर एनटीआर से बनी दोस्ती ने फिल्म 'वॉर 2' का रास्ता खोला। आलिया और उनके करीबी निर्देशक अयान मुखर्जी के बीच जूनियर एनटीआर को लेकर जो खिचड़ी पकी, उसी से 'अल्फा' का भी जन्म हुआ। लेकिन, अब 'जिगरा' के फ्लॉप हो जाने के बाद आलिया का एक्शन अवतार 'अल्फा' में दर्शकों को पसंद आएगा भी या नहीं, इसे लेकर यशराज फिल्म्स में अभी से बहसें होने लगी हैं।

आलिया भट्ट ने 'जिगरा' से जो उम्मीदें लगा रखी थीं, वे इसी कहानी पर बनी फिल्म 'सावि' से निराश हुए दर्शकों के चलते पूरी नहीं हुईं। उनकी पीआर टीम ने 'जिगरा' को एक बढ़िया फिल्म बताने की कोशिश पूरी की लेकिन अब फिल्म के निर्देशक वासन बाला ने फिल्म के न चलने की जिम्मेदारी खुद ले ली है। उनका कहना है कि किसी फिल्म को वांछित बॉक्स ऑफिस आंकड़ों तक लाना निर्देशक की जिम्मेदार है। वासन ने अपना एक्स अकाउंट भी इसके बाद से बंद कर लिया है। आलिया की घोषित फिल्मों में 'लव एंड वॉर' की शूटिंग अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गई है। 'इंशाअल्लाह' को लेकर संजय लीला भंसाली के दफ्तर में चूं तक नहीं हो रही और 'ब्रह्मास्त्र 2' पर काम जियो स्टूडियोज और फॉक्स स्टार स्टूडियो के बीच हुई डील पूरी होने तक रुका रहेगा।



# प्रभास को जोकर कहने की ट्रोलिंग से अरशद ने लिया सबक

**बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी को तब से कड़ी आलोचना और नफरत का सामना करना पड़ रहा था, जब से उन्होंने कल्कि 2898 एडी में प्रभास की भूमिका के लिए उन्हें जोकर कहा था। अब अभिनेता ने कहा कि वह फिर कभी किसी फिल्म या अभिनेता की आलोचना नहीं करेंगे। इसके अलावा अरशद ने सोशल मीडिया के बुरे प्रभाव के बारे में भी खुलकर बात की है।**

अरशद ने हाल ही में एक साक्षात्कार में अपनी बेपरवाही जताई और बताया कि सोशल मीडिया पर हुई ट्रोलिंग से वह परेशान नहीं होते हैं क्योंकि वह एक पॉजिटिव व्यक्ति हैं। अभिनेता ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो यह ठीक है। हर किसी का अपना नजरिया होता है। साथ ही, यह एक लोकतांत्रिक देश है, और इसमें सभी को बोलने की अनुमति है।

अभिनेता ने आगे कहा, आप एक सकारात्मक व्यक्ति हैं, तो कोई भी नेगेटिव बात आपको परेशान करती है। हालांकि, हम ऐसी जगह रहे हैं, जहां पत्थर फेंके जाते हैं, इसलिए यह अब मुझे परेशान नहीं करता है। सोशल मीडिया पर आलोचनाओं के बाद अरशद ने अपने कुछ इंस्टाग्राम पोस्ट के कमेंट सेक्शन को बंद कर दिया है। इस पर उन्होंने कहा कि उन्हें यह भी नहीं पता कि ऐसा कैसे करना है, लेकिन उन्होंने कहा कि भविष्य में वे अपनी राय सुरक्षित रखेंगे। उन्होंने हंसते हुए कहा, मैंने तय कर लिया है कि मैं जो भी फिल्म देखूंगा, उसे पसंद करूंगा। मैं अपनी बाकी की जिंदगी में हर एक्टर को पसंद करूंगा। बता दें कि अरशद ने यूट्यूबर समदीश भाटिया से बात करते हुए कहा था कि कल्कि में तेलुगु सुपरस्टार प्रभास का किरदार एक कैरिकेचर था और इस बात ने लोगों को नाराज कर दिया था। उन्होंने कहा था, प्रभास, मैं वाकई बहुत दुखी हूं। उन्हें जोकर की तरह क्यों दिखाया गया? क्यों? मैं मैड मैक्स देखना चाहता हूं। मैं मेल गिब्सन देखना चाहता हूं। आपने इसे क्या बना दिया है? वे ऐसी चीजें क्यों करते हैं? मैं कभी नहीं समझ पाऊंगा। हालांकि, अरशद ने उसी फिल्म में अमिताभ बच्चन के अभिनय की प्रशंसा की थी।

# लॉरेंस की धमकी के बावजूद सलमान कमिटमेंट करेंगे पूरी, 'सिंघम अगेन' में आएंगे नजर



लॉरेंस बिश्नोई की गैंग के द्वारा जान से मारने की धमकी के बाद सलमान खान की चिंता बढ़ गई है। हाल ही में उनके करीबी एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद अभिनेता की सुरक्षा को और भी बढ़ा दिया गया। इन सब के बावजूद सलमान अपने काम को प्रभावित नहीं होने देना चाहते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता अपने कमिटमेंट के मुताबिक अजय देवगन और रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग पूरी करेंगे। सलमान फिल्म में 'चुलबुल पांडे' का कैमियो करते नजर आएंगे। अभिनेता के इस कदम से उनका संवाद याद आता है, 'एक बार जो मैंने कमिटमेंट कर दी तो फिर मैं अपने आप की भी नहीं सुनता'।

# विधायक दीपेश साहू ने बेमेतरा विधानसभा को दी 5.52 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में जनता की सुविधाओं को देखते हुए लगातार विकास कार्य किये जा रहें हैं। बेमेतरा विधानसभा में भी विधायक दीपेश साहू के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार निर्माण कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को मिल रही है। इसी क्रम मे बेमेतरा विधानसभा को पंचायत एवं ग्रामीण विकाश विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 5.52 करोड़ से अधिक राशि के विकास कार्यों की सौगात मिली है । जिसमे ग्राम खुडमुड़ी से भैसा के लिए 1 करोड़ 95 लाख 4 हजार रूपये, ग्राम तिरैया से रवेली 1 करोड़ 45 लाख 96 हजार रूपये, वही बारगाव से बलौदीकला के लिए 1 करोड़ 10 लाख 49 हजार रूपये एवं कुसमी से सुरहोली 1 करोड़ 10 लाख 61 हजार रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति राशि प्रदान की गई है ।

विधायक दीपेश साहू ने विधानसभा की जनता को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव व उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया है। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के नेतृत्व में आने वाले समय में बेमेतरा सहित पूरे प्रदेश का दस गुना तेजी से विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार काम कर रही है। केवल 10 माह में मोदी की गारंटी में किये अपने वादों को पूरा करते हुए डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता की आकाँक्षाओं अनुरूप कार्य किये जा रहें हैं । अधोसंरचना विकास के साथ ही मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क,बिजली,पानी जैसी आवश्यक सुविधाओं पर भी जमीनी स्तर पर कार्य किये जा रहें हैं, जिसका सकारातमक परिणाम दिखाई दे रहा है। बेमेतरा विधानसभा में भी विकास की लहर दिखाई दे रही है, हर गाँव-गली में समृद्धि व खुशहाली आ रही है। विगत पांच वर्षो में कांग्रेस सरकार की अनदेखी और जनविरोधी नीतियों से हमारा बेमेतरा विधानसभा विकास से कोसो दूर हो गया था केवल कुछ ही महीनों में अब भाजपा सरकार में वहां विकास तीव्र गति से आगे बढ़ रही है। दीपेश साहू ने आगे कहा कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव में भी इन सभी विकास कार्यों और जनता की सुविधाओं एवं अपने वादों को जिस प्रकार भाजपा सरकार ने निभाया है एवं प्रदेश के युवा,महिला,किसान, तथा पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है उससे हमें पूर्ण विश्वास है कि नगरीय निकाय व जिला पंचायत चुनावों में भाजपा प्रचंड विजय हासिल करेगी। जनता के मन में भी भी इसके प्रति विश्वास अभी से देखा जा रहा है, कि भाजपा जो कहती है वह करती है। आज महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह आर्थिक सहयता, किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस का भुगतान, 3100 रुपए में धान खरीदी, युवाओं के लिए रोजगार तथा शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को 46त्न से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करके माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हर व्यक्ति एवं वर्ग की आकाँक्षाओं को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में बेमेतरा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी नगरीय निकाय एवं जिला पंचायत चुनाव में अपने इन्हीं जनसरोकार एवं क्षेत्र के विकास के लक्ष्यों के साथ बड़ी जीत हासिल करेगी। यह तो अभी केवल शुरुआत है, आने वाले समय में सौन्दर्यीकरण, तालाबों व उद्यानों का जीर्णोद्धार जैसे कई विकास कार्यों की सौगात डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में बेमेतरा विधानसभा में हम सभी को देखने को मिलेगा। केवल दस माह में जिस प्रकार से बेमेतरा विधानसभा में विकास कार्य प्रगति पर हैं, जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, किसानों को सम्मान और युवाओं को रोजगार के साथ ही हमारे वृद्धजनों को आयुष्मान योजना के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है उससे निश्चित ही बेमेतरा विधासनभा सहित पूरे प्रदेश में नगरीय निकाय व जिला पंचायत चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक जीत का पताका लहराएगी।




# विधायक दीपेश साहू के रेफरल कोड से जुड़े दस हजार से अधिक नए भाजपा सदस्य

## केक काटकर कार्यकर्ताओ ने मनाया खुशी,विधायक साहू ने जताया नागरिकों का आभार

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




संगठन पर्व-भाजपा सदस्यता अभियान-2024 के तहत बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के रेफ़रल कोड से 10,000+ सदस्य विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ चुके हैं।इसी विषय को लेकर नगर के भद्रकाली मंदिर प्रांगण मे संध्या आरती मे शामिल होकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व मे केक काटकर खुशियाँ मनाई द्य इस दौरान विधायक साहू ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सशक्त नेतृत्व में शुरू हुआ यह अभियान अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है।10,000+ सदस्यों की इस उपलब्धि में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बेमेतरा विधानसभा के समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों का विधायक दीपेश साहू ने हृदय से धन्यवाद-आभार व्यक्त किया है। विधायक दीपेश साहू ने अपील की है कि मेरे रेफरल लिंक के माध्यम से जुड़ कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करें और राष्ट्र निर्माण में अपना भी योगदान सुनिश्चित करें । इस दौरान ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, शहर मण्डल अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, युगल देवांगन, योगेश वर्मा, डॉ भुनेश्वर साहू, गौरव साहू, रेवा राम निषाद, गोलू कोशले, छात्र कुमार देवांगन, निखिल साहू, धर्मराज खांडे, लक्ष्मीनारायण यादव, परमेश्वर साहू, ओमकार साहू, नरेश साहू, संजू सिँह राजपूत, दीनानाथ साहू, आशीष साहू, अभिनव ठाकुर, सावित्री रजक, सुनीता साहू, पिंकी गुप्ता, मीनू पटेल, नीतू कोठारी पार्षद, ममता साहू, एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत विगत माह 06 सितम्बर 2024 को थाना बेमेतरा स्टाफ द्वारा आरोपी संजु कश्यप उम्र 35 साल साकिन घिवरी थाना व जिला बेमेतरा को मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 01 किलो 900 ग्राम कीमती करीबन 19,000/- रूपये एवं एक नग मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एजे 4623 कीमती करीबन 20,000/- रूपये, कुल जुमला कीमती 39,000/- रूपये को जप्त किया गया था जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत विधिवत अग्रिम कार्यवाही किया गया था । प्रकरण के विवेचना के दौरान उक्त जप्त शुदा गांजा को बिक्री करने के लिए आरोपी मोहित पटेल पिता बाहरा पटेल उम्र 35 साल निवासी घिवरी थाना व जिला बेमेतरा द्वारा आरोपी संजू कश्यप को देना पाया गया जिससे उक्त प्रकरण मे आरोपी मोहित पटेल उम्र 35 साल निवासी घिवारी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश कुमार साहू, सउनि जितेन्द्र कश्यप, धनेश लहरे एवं अन्य स्टाफकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नवागांव में किसान घर बैठ डॉ सौरभ निर्वाणी ने बुजुर्गों और बच्चों के साथ सुनी मन की बात



## पीएम मोदी ने मन की बात में किया छत्तीसगढ़ का जिक्र

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात की 115 वे एपिसोड को सुनने ग्राम पंचायत नवागांव खुड़मूड़ी के सतनामी मुहल्ले में,किसान साधु दास के घर के परछी में बैठ अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने रेडियो पर मन की बात सुनी,इस दौरान मन की बात सुनने एकत्रित ग्रामवासियों को छत्तीसगढ़ सरकार के मुखपत्र जनमन की प्रति का वितरण भी किया गया,कमल बंजारे,रतिराम,रवि बांधे, दिलीप आडिल,कमलेश,साहू, देवकुमार बंजारे,दुर्गेश साहू,फलेश पाटिल,लक्की रजक, अनुज आडिल, सुमन लहरे, नेहरू,उपसरपंच नवागांव,देवादास, गाँव के वरिष्ठ किसान धनी राम साहू,विमल मानकर, बोधि, साधु दास,नितिन तिवारी, शशांक राजपूत, आदि ने मोदी के मन की बात सुनी, डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात वस्तुतः उनके विशाल सामाजिक राजनैतिक कार्य क्षेत्र के अनुभव के निचोड़ हैं, प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनकर सामाजिक राजनैतिक जीवन मे कार्य करने का उत्साह चौगुना हो जाता है,उनके अनुभव क्षेत्र से कमाया हुआ ज्ञान धन से हम समृद्ध होते हैं,डॉ निर्वाणी ने कहा की वस्तुतः मोदी राष्ट्र नायक हैं उनके नेतृत्व से भारत विश्व में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ रहा है, पीएम मोदी जब देश के बाहर भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं और जो सम्मान उन्हें भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर अन्य राष्टध्यक्षो से मिलता है वह क्षण होता है जब हम सबका सीना 56 इंच का चौड़ा हो जाता है । इस दौरान रवि बांधे ने अपने साथियों के साथ भाजपा की ऑफलाइन सदस्यता भी ग्रहण की।

# सर्व ब्राह्मण समाज के लेखमणी पाण्डेय दूसरी बार बने उपप्रांताध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सर्व ब्राह्मण समाज का दिवाली मिलन समारोह रायपुर सिविल लाईन स्थित वृंदावन वन हाल में सम्पन्न हुआ छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुरेन्दर मिश्रा एवं अध्यक्षता पूर्व महापौर प्रमोद दुबे नें किया इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने कुछ पदाधिकारियों के पदों में परिवर्तन किया है जिसमें जानकी प्रसाद शर्मा धमतरी को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष आमंत्रित सदस्य एवं शशिकांत तिवारी दुर्ग को राष्ट्रीय महासचिव, आशीष त्रिपाठी भिलाई राष्ट्रीय संगठन सचिव, तनु मिश्रा राजिम को महिला मंच के राष्ट्रीय संगठन सचिव, लेखमणी पाण्डेय बेमेतरा को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए पुनः उपप्रांताध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। स्वप्निल तिवारी पिथौरा को प्रदेश उपाध्यक्ष, भूपेंद्र मिश्रा को प्रदेश महासचिव, नरेंद्र दुबे अधिवक्ता महासमुंद प्रदेश महासचिव, मौलेश तिवारी राजनांदगांव प्रदेश महासचिव, संजय मिश्रा अभनपुर प्रदेश महासचिव, प्रसन्ना शर्मा राजिम नवापारा प्रदेश महासचिव, रमेश तिवारी राजिम नवापारा प्रदेश सचिव, छाया शर्मा राजिम प्रदेश सचिव महिला मंच, सीमा शर्मा राजिम प्रदेश सचिव महिला मंच, सुरेन्द्र शर्मा दुर्ग संभागीय अध्यक्ष, जितेन्द्र शुक्ला बेमेतरा को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है लव कुमार मिश्रा राजनांदगांव जिला अध्यक्ष,अटल दुबे बालोद जिला अध्यक्ष, बरखा शर्मा जिला अध्यक्ष धमतरी महिला मंच, टीकम पाण्डेय अध्यक्ष छुरिया परिक्षेत्र, कनक दुबे जिला ग्रामीण अध्यक्ष महिला मंच राजनांदगांव, विजेता शर्मा शहर महिला मंच अध्यक्ष राजनांदगांव, राकेश शुक्ला भिलाई प्रदेश सचिव, निमेष मिश्रा प्रचार सचिव युवा मंच राजनांदगांव एवं विक्रान्त शर्मा धमतरी को युवा मंच प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। गरिमामय इस आयोजन में प्रदेश भर के आए हुए ब्राह्मण समाज के लोग एक दूसरे को दीवाली की बधाई दी एवं नवनियुक्त पदाधिकारी को भी बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ सर्व ब्राह्मण समाज के संगठन को नवनियुक्त पदाधिकारी आगे बढ़ाएंगे ऐसी उनसे अपेक्षा की ।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में साइबर फ्रॉड की समस्या के ऊपर ध्यान अंकित किया



पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com

भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की 115 वी एपिसोड संपन्न हुआ। जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सम्मान बढ़ रहा है इस विषय पर देश का ध्यान केंद्रित किया उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से चर्चा आज इसमें चुनौती के रूप में भगवान बिरसा मुंडा एवं सरदार पटेल द्वारा देश की एकता अखंडता समानता के लिए कार्य को इंगित किया हालांकि दोनों का समय का अलग था फिर भी दोनों का चुनौती एक ही था जिसमें देश का कार्य करना ही मुख्य रूप से था नरेंद्र मोदी ने देश की वर्तमान चलचित्र (पिक्चर) का भी चर्चा की जिसमें उन्होंने विभिन्न पात्रों के द्वारा देश हित कार्य को प्रशंसा की उन्होंने देश की पर्यटन स्थल का भी चर्चा किया जिसमें उन्होंने देशभक्ति अनुशासन जागृत होता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की वर्तमान समस्या पर चर्चा की जिसमें साइबर फ्रॉड वर्तमान समस्या के ऊपर देशवासियों का ध्यान अंकित किया इसमें बचाव के लिए उन्होंने संदेश दिया कि तत्काल कोई निर्णय नहीं लेना है फ्रॉड व्यक्ति सीबीआई बैंक का अधिकारी बन कर देशवासियों को विभिन्न प्रकार से ढग रहा है इससे सचेत रहना है कोई भी शासकीय एजेंसी फोन के माध्यम से पूछताछ नहीं करता है अंत में देशवासियों को आगामी सभी त्योहारों को बधाई देकर अपना संदेश समाप्त किया। इस कार्यक्रम में मुड़पार भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी हर प्रसाद आडिल भोज राम यादव सहित ग्राम मुड़पार ढौर महकाकला महकाखुर्द परेवाडीह के कार्यकर्ता व वरिष्ठ नागरिक जन उपस्थित थे।

# व्यायाम भारत की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिले के 12 खिलाड़ियों ने भाग लिया



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

व्यायाम भारत की राष्ट्रीय प्रतियोगिता 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक जबलपुर में आयोजित हुई जिसमें 13 राज्य के 300 खिलाड़ियों एवं 50 अधिकारियों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से 25 खिलाड़ी एवं 4 अधिकारी व्यायाम भारत की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया । जिसमें दल्ली राजहरा निर्मला स्कूल के 12 खिलाड़ी थे ।

व्यायाम भारत की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सूर्य नमस्कार ,ध्यान, आसन, हनुमान दंड रस्सी चढ़ना, शौर्यकला, शौर्य कुश्ती, आदि जैसे प्रतियोगिताएं संपन्न की जाती हैं इस प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण एवं दो सिल्वर पदक जीत कर पूरे हिंदुस्तान में द्वितीय स्थान पर रहा। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के नाम इस तरह हैं। हर्षदीप साहू ,,हर्षदीप देवांगन ,हिमानी, ट्विंकल ,आयुष यादव ,राधा ,, मोहित साहू, चंद्रप्रकाश , सादीके दुबे,नैतिक कुकरेजा, यह सभी खिलाड़ी स्वर्ण पदक विजेता रहे हैं। राहुल साहू रजत पदक मोहित रजत पदक जीतकर छत्तीसगढ़ राज्य द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य सिस्टर जोसिया मेरी ने सभी खिलाड़ियों को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की यह समस्त जानकारी स्कूल व्यायाम शिक्षक प्रणव शंकर साहू ने दी।

# राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं राजभाषा पखवाड़ा का समापन

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भिलाई इस्पात संयंत्र मानव संसाधन विभाग के सभागार में राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं राजभाषा पखवाडा समापन समारोह में लौह अयस्क समूह ने अपना परचम लहराया । लौह अयस्क समूह दल्लीराजहरा ने लगातार बारहवीं बार बहु-प्रतिष्ठित निदेशक प्रभारी राजभाषा वैजयन्ती पुरस्कार प्राप्त किया । यह प्रतिष्ठित पुरस्कार विभाग को राजभाषा के निरंतर, सर्वत्र, सर्वाधिक प्रयोग एवं योगदान के लिए प्रदान किया गया है । इस समारोह में आर.बी.गहरवार (मुख्य महाप्रबंधक खदान, लौह अयस्क समूह, राजहरा) को प्रतिष्ठित राजभाषा उन्नायक पुरस्कार प्रदान किया गया, जिनके नेतृत्व में विभाग ने राजभाषा के प्रयोग में उल्लेखनीय व विशेष योगदान दिया है। मुख्य महाप्रबंधक द्वारा लौह अयस्क समूह के विभिन्न विभागों में राजभाषा के अनुप्रयोग के लिए विशेष अभिरूचि के साथ सतत पर्यवेक्षण भी किया जाता रहा है । दिनांक 24 अक्टूबर को माइंस ऑफिस के सभागृह मे राजभाषा पखवाड़ा, राजहरा के समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम खदान समूह के मुखिया आर. बी. गहरवार (मुख्य महाप्रबंधक व मुख्य अतिथि), मया राम ठाकुर (महाप्रबंधक व अध्यक्ष) एवं अन्य उच्च अधिकारियों की उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ । मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में राजभाषा के प्रति अपने कर्तव्यों का स्मरण कराया तथा कहा कि सर्वाधिक कार्य हिंदी राजभाषा में ही किये जाने चाहिए क्योंकि प्रायः देखा गया है कि जिन देशों ने अपनी मातृभाषा को अपनाकर कार्य किया उन्होंने विकास की ऊंचाई को स्पर्श किया है । कार्यक्रम के अध्यक्ष मयाराम ठाकुर (महाप्रबंधक, झरनदल्ली खदान) ने कहा कि हिन्दी हमारी राजभाषा होने के बावजूद इसके विस्तार के लिए पखवाडा जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कहीं-न-कहीं हमारी कमतरी का परिचायक है, जिसे हमें मिलजुलकर दूर करने की आवश्यकता है । राजभाषा प्रतिवेदन संयोजक विनीत कुमार सिन्हा, हिंदी राजभाषा समन्वय अधिकारी, राजहरा द्वारा प्रस्तुत किया। राजभाषा पखवाडा 18 से 23 सितम्बर तक मनाया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं, जिसमें ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में शुक्ला-प्रथम, आशुतोष त्रिपाठी-द्वितीय, एस.एन.त्रिपाठी-तृतीय एवं महेंद्र कुमार कछवाहा को सांत्वना पुरस्कार; ऑनलाइन तात्कालिक निबंध प्रतियोगिता में ईश्वर लाल डडसेना-प्रथम, संतोष कुमार ठाकुर-द्वितीय, अरविन्द कुमार पटेल व हीरेन्द्र कुमार देवांगन, संयुक्त रूप से - तृतीय एवं अजय कुमार चतुर्वेदी को सांत्वना पुरस्कार; ऑनलाइन तात्कालिक काव्य लेखन प्रतियोगिता में ईश्वर लाल डडसेना-प्रथम, संतोष कुमार ठाकुर-द्वितीय, अतुल मेश्राम-तृतीय एवं चिरंजीव लाल को सांत्वना पुरस्कार; ऑनलाइन तात्कालिक चित्र देखें-कहानी लिखें प्रतियोगिता में ईश्वर लाल डडसेना-प्रथम, हीरेन्द्र देवांगन-द्वितीय, सुबीर कुमार मंडल-तृतीय एवं बबलू प्रसाद को सांत्वना पुरस्कार; तथा भाषण प्रतियोगिता में संतोष कुमार ठाकुर-प्रथम, राजेंद्र बेहरा-द्वितीय, राम कापरे-तृतीय एवं घनश्याम पारकर को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया । खदान क्षेत्र में कार्यालयीन कार्यों के अधिकाधिक कार्यों को हिंदी में सम्पादित करने के लिए विभागीय स्तर का राजभाषा उत्कृष्टता पुरस्कार अधिकारी वर्ग से डॉ.जे.एस.बघेल एवं कर्मचारी वर्ग से ईश्वर लाल डडसेना को प्रदान किया गया । निर्णायक मंडल के रूप में सहयोग प्रदान करने के लिए मयाराम ठाकुर, अरुण कुमार एवं जी.एस. पलनिवेल को सम्मानित किया गया ।

## अनुसूचित जाति वर्ग के चुनाव लड़ने वाले लोगों में भारी उत्साह

# पालिका चुनावः कांग्रेस ,भाजपा में टिकट को लेकर दौड़ भाग शुरू

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

नगरीय निकायों की चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू हो गया है। मतदाता सूची का प्रकाशन भी किया जा चुका हैं। साथ ही चुनाव को लेकर निर्वाचन अधिकारी अलग अलग स्तर की बैठक भी शुरू कर दिया है वही राजनीतिक पार्टी भी जिताऊ प्रत्याशी की तलाश शुरू कर दिया है। जिताऊ प्रत्याशीयो की सर्वे किया जा रहा है। चुनाव लड़ने वाले लोग भी चरण वंदन शुरू कर दिए हैं। कबीरधाम जिला का नगर पंचायत पंडरिया अब नगर पालिका बन चुका है। यहां पर अनुसूचित जाति की बहुलता है और वर्तमान में अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित है लेकिन इस बार अनुमान लगाया जा रहा है कि यह आरक्षण अनुसूचित जाति मुक्त हो सकता है। अनुसूचित जाति वर्ग के चुनाव लड़ने वाले लोगों में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है और चुनाव लड़ने वाले दावेदारों ने अपना टिकट पक्का कराने आकाओं को खुश करने दौड़ भाग में लगे हुए हैं।




### राजनीतिक दल को जिताऊ प्रत्याशी की तलाश

चुनाव की तारीख नजदीक आते ही राजनीतिक दल जिताऊ प्रत्याशीयो की तलाश शुरू कर दिया है। कांग्रेस - भाजपा ने अपने तीन - तीन नेताओं के नामों पर अलग - अलग स्तर से सर्वे भी कराना शुरू कर दिया है। मिली जानकारी अनुसार जिन तीन - तीन नामों पर सर्वे चल रहा हैं उसमें चौंकाने वाले नाम है और सभी लोग युवा उम्मीदवार हैं। राजनीतिक दल इस बार युवा चेहरा को मैदान में उतार सकता है। सर्वे में उम्मीदवार का पारिवारिक पृष्ठ भूमि, वर्तमान में मतदाताओं से संबंध, आपराधिक मामलों में गतिविधियां, पार्टी के प्रति वफादारी सहित अन्य मुद्दों पर सर्वे जारी है ।

### कांग्रेस में गुटबाजी, भाजपा को मिल सकता है लाभ

पंडरिया नगर पालिका परिषद चुनाव में कांग्रेस में टिकट को लेकर ज्यादा खींचतान रहने की संभावना है जिसका कारण है कि संगठन और युवा नेता आनंद सिंह अपने अपने समर्थक लोगो को टिकट दिलाने के लिए प्रयास करेंगे । वर्तमान में आनंद सिंह के करीबी रजनी गायकवाड़ अध्यक्ष हैं और उम्मीद भी लगाया जा रहा है कि आनंद सिंह के करीबी लोग ही हावी रहेगा । वही भारतीय जनता पार्टी में विधायक भावना बोहरा के पसंदीदा चेहरा ही उम्मीदवार रहेगा । कांग्रेस की गुटबाज़ी और सत्ता पक्ष की लहर के चलते इस बार पंडरिया नगर पालिका में भाजपा के अध्यक्ष बनने की संभावना है।

### इन नामों पर हो सकता है विचार

अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित पंडरिया नगर पालिका परिषद में चुनाव लड़ने वाले दावेदारों की संख्या बहुत लंबी हो सकता है। मिली जानकारी अनुसार कांग्रेस से वर्तमान में अध्यक्ष प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने वाले शिव गायकवाड़, पार्षद राजकुमार अनंत, खोवाराम के अलावा पूर्व अनुसूचित जाति विकाश प्राधिकरण के पूर्व सदस्य दिनेश कोशरिया , पूर्व अध्यक्ष राधे लाल भास्कर , मुन्ना डाहीरे के ऊपर पार्टी विचार कर सकता है। वहीं भारतीय जनता पार्टी से भाजपा मंडल महामंत्री पदम राज टंडन , पूर्व पार्षद भूपेंद्र कुर्रे , श्याम टंडन के नामों पर विचार कर सकता है। इन तीनों चेहरा में से किसी एक को टिकट देता है तो नगर पालिका परिषद पर कब्जा हासिल कर सकता है। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी से उतरा भारतेंदु के अलावा एक दो स्वतंत्र उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में उतर सकते है।

# डी ए वी जांता में दीपोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

## मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी व विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहें

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले के जांता स्थित डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, में दीपोत्सव व छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस मनाया गया, दीपोत्सव के जश्न में सराबोर नज़र आए बच्चे। मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे जी व विशिष्ट अतिथि विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण खरे जी उपस्थित रहें, विशेष अतिथि जनपद पंचायत सदस्य मूलचंद व सरपंच हेमलाल चंद्राकर उपस्थित रहें। गौरतलब है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के तहत उनके सांस्कृतिक भावों को भी दृष्टिगत रखते हुए डी ए वी विद्यालय हमेशा से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। दीपावली पर्व के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शानदार व बालकेंद्रित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। बच्चे बेहद उत्साहित नजर आए व कलात्मक हुनर का लाजवाब प्रदर्शन भी किए । दीपोत्सव व छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में सांस्कृतिक कार्य म व विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे दीपावली उत्सव भव्य आयोजन किया गया :- संस्था के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने विस्तृत जानकारी साझा किया करते हुए उद्बोधन में कहां कि जब एक दीये से दूसरा दीया रौशन किया जाता है तो पहला दीया बुझता नहीं, बल्कि दोनों मिलकर रोशनी को और भी बढ़ा देते हैं। इसी तरह हमे भी एक-दूसरे का साथ निभाते हुए अपने साथ-साथ समाज और राष्ट्र को भी रोशन करना होगा। हम सबका एक ही उद्देश्य हो व हम अंधेरे से प्रकाश की तरफबढ़ना सीखें यह ही हमारा वास्तविक लक्ष्य होना चाहिए। दीपोत्सव के उपलक्ष्य में सर्वप्रथम ओउम मन्त्र,गायत्री मंत्र व डी ए वी गान के साथ दीपप्रज्वलन करके कार्य म का प्रारभ कर अनेकों प्रतियोगिता जैसे रंगोली, बैनर पोस्टर ,पेंटिंग,ग्रीटिंग कार्ड,दिया-थाली सजाओं, तोरण सजाओ, कक्षा सजाओ,हाऊस बोर्ड डेकोरेशन आदि का प्रतियोगिता में बच्चों ने ि यात्मक गतिविधिया सीखे दीपोत्सव के सबसे आकर्षक का केंद्र रहा की गौरा-गौरी की झाँकी व लक्ष्मी पूजा झाँकी, व बिरसा मुंडा आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति व राम आएंगे में भगवान राम,लक्ष्मण, सीता व हनुमान बने झाँकी ने सबके मन को मोह लिया इस भव्य आयोजन में अभिभावको ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लेकर कार्य म का आनंद लिए। साथ ही विभिन्न सामुहिक नृत्य प्रतियोगिता हुए जिसमें सुवा नृत्य, रावत नाचा, सरगुजा व बस्तरिया नृत्य सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न पारंपरिक गीतों, लोक नृत्य और लोक गीतों पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने प्रस्तुति दिया, अभिभावकों ने जज बनकर सभी प्रतियोगिता का रिजल्ट जारी किए जिसमे रंगोली प्रतियोगिता, दिया थाली , तोरण प्रतियोगिता में भाग लिए सभी प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने कर कमलों से सर्टिफिक्रेट देकर पुरुस्कृत किए।

# मसीहियों ने विधायक रायमुनी से मांगा इस्तीफा...बगिया सीएम कैम्प कार्यालय से 1 किमी दूर एसडीएम ओंकार यादव के हाथों सौंपा ज्ञापन

## धारा 144 बीएनएस की धारा 163 के तहत भीड़ को 5 किमी पहले रोक दिया गया

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



विधायक रायमुनी भगत के द्वारा 1 सितम्बर को ग्राम-ढंगनी, थाना-आस्ता में भुईहर समाज के सामुदायिक भवन के भूमिपूजन के कार्यक्रम में दिये गये भाषण में कथित तौर पर ईसाईयों के आराध्यदेव ईसा मसीह तथा ईसाईयों के विषय में बहुत ही अपमानजनक बातें कही गई उक्त मामले को लेकर आस्ता से तीन दिन पहले निकाले गए न्याय यात्रा रविवार को बगिया क्षेत्र में पहुंचा लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से जिला प्रशासन ने धारा 144 भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 के तहत 5 किलो मीटर पहले ही रोक दिया गया। ईसाई महासभा संगठन के प्रतिनिधियों ने सीएम कैम्प कार्यालय से 1 किलो मीटर पहले स्थित अटल चौक में पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम पर बगीचा एसडीएम ओंकार यादव के हाथों ज्ञापन सौंपा और कानूनी कार्रवाई करने की मांग करते हुए विधायक का इस्तीफा दिलाने की मांग की है।

**संगठन ने कहा जानूबझकर किया अपमान**-ईसाई महासभा संगठन का कहना है कि विधायक रायमुनी भगत ने जानबूझकर ईसाईयों के धर्म और धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने के उद्देश्य से ऐसा दुर्भावनापूर्ण भाषण देने का कृत्य किया गया है। विधायक के इस भाषण से ईसाईयों के धर्म और धार्मिक विश्वासों का अपमान हुआ है और उनकी धार्मिक भावना को गहरी ठेस पहुँची है। ऐसा भाषण सामाजिक सौहाद्र को बिगाड़ने वाला और दो समुदायों के बीच कटुता उत्पन्न करने वाला है।

**कई थानों में दिया गया आवेदन**-ईसाई समुदाय के लोगों के द्वारा जशपुर जिले के अतर्गत सिटी कोतवाली जशपुर, पुलिस थाना आस्ता, कुनकुरी, बगीचा, कांसाबेल, पत्थलगांव, तपकरा एवं विभिन्न पुलिस चौकियों सहित रायपुर, बिलासपुर आदि स्थानों के थानों में भी के वीडियो क्लिप सहित प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किए जाने हेतु आवेदन-पत्र दिया गया है।

**संगठन की निम्न मांगे**-ईसाई महासभा संगठन ने कहा, पुलिस थाना आस्ता के थाना प्रभारी द्वारा धारा 174 बीएनएस के तहत बनाये गये पूर्वाग्रहपूर्ण एवं सतही प्रतिवेदन को निरस्त करते हुए रायमुनी भगत, विधायक जशपुर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 196, 299, 302 एवं अन्य सुसंगत कानूनी धाराओं के तहत अपराध पर एफआईआर कर कानूनी कार्यवाही करते हुए विधायक पद से उनका इस्तीफा लिया जाए।

**इन्होंने दिया ज्ञापन**-अनिल कुमार किसपोट्टा प्रदेश अध्यक्ष, वाल्टर कुजूर जशपुर जिलाध्यक्ष, सिंहासन मिंज, जिला महासचिव, अभिनन्द खलखो, प्रदेश महासचिव ने एसडीएम बगीचा ओंकार यादव को ज्ञापन सौंपा।

**अब भीड़ लेकर कैम्प कार्यालय जाना प्रतिबंधित**-ईसाई आदिवासी महासभा के द्वारा निकाले गये न्याय यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 1683 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए डॉ0 रवि मित्तल, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जशपुर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता अधिनियम संहिता 2023 की धारा 163 के तहत् ग्राम बगिया तहसील कांसाबेल जिला-जशपुर के 05 किलो मीटर की परिधि तक आज दिनांक से आगामी आदेश पर्यन्त तक निम्नानुसार आदेश पारित करता है। आदेश के उल्लघंन किये जाने पर सख्त कार्यवाही की जावेगी।

### यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

1. उपरोक्त क्षेत्र में आगामी आदेश तक धरना, प्रदर्शन, सभा, रैली, जुलूस एवं नारेबाजी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, साथ ही उक्त क्षेत्र में किसी भी प्रकार के हथियार (अस्त्र-शरत्र) लाठी-डंडा, नशीला पदार्थ या अन्य कोई खतरनाक पदार्थ ले जाने में पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
2. उक्त क्षेत्र में अगामी आदेश तक किसी भी धर्म, सम्प्रदाय, सामाजिक गतिविधि एवं संघ के सामुहिक प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
3. उक्त क्षेत्र में आगामी आदेश तक मान. सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार उच्च ध्वनि प्रदर्शन भी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# शराब पीकर गाड़ी चलाना महंगा पड़ा चालक को- 10000/-रुपये भरना पड़ा ज़ुर्माना

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिले के यातायात प्रभारी कमल किशोर महतो शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से पेश आ रहे हैं, तथा जिले में समय-समय पर नेशनल हाईवे एवं अन्य प्रमुख मार्गो पर भारी माल वाहक वाहनों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जा रही है, तो वहीं ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई से जहां वाहन चालकों में भी दशहत है, तो वही शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं भी होती थी, किंतु पुलिस की कार्यवाही से जहां सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी देखी जा रही है तो वहीं ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि नशा कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। इसी श्रृंखला में जिला सक्ती पुलिस 26.10.2024 को शराब पीकर वाहन चलाने वाले पर 10000/- रूपये जुर्माना किया गया है, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक सक्ती के निर्देश के मार्गदर्शन में जिला सक्ति में दुर्घटना में अंकुश लाने के लिये सक्ति क्षेत्र में की जा रही पहल की सभी जिलेवासी प्रशंसा कर रहे हैं,वाहन चालको का ब्रिथ ऐनेलाईजर से शराब सेवन करने की चेकिंग की जा रही थी। जिसमें एक कैप्सूल वाहन कमांक छ्त्त 07 छ्त्त 3655 वाहन चालक द्वारा शराब पीकर वाहन चलाते पाये जाने पर वाहन को जप्ती कर माननीय न्यायालय प्रेश किया गया.

जहां माननीय न्यायालय द्वारा शराब सेवन करने वाले चालक पर धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत दस हजार रूपये का समन शुल्क काटा गया है।

# कलेक्टर ने पटाखा विक्रेताओं से आग्रह किया कि कम उम्र के बच्चों को सीधे पटाखा न बेचें,अभिभावकों की उपस्थित में पटाखा दें

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं ज़िला दंडाधिकारी शर्मा ने जारी संदेश में कहा कि बेमेतरा ज़िले में आयातित पटाखे बेचना एवं उनका उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। ऐसा करने पर एक्सप्लोसिव एक्ट की संबंधित धारा के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ज़िले की जनता से अपील की है कि स्थानीय उत्पादों को खरीदा जाए। दीपावली के दौरान मिट्टी के दिये खरीदें, जिससे स्थानीय कुम्हारों को रोजगार मिले। छत्तीसगढ़ में दिवाली, छठ, गुरूपर्व पर दो घंटे पटाखे फोड़े जा सकेंगे. इसके साथ ही ऑनलाइन पटाखों के बिक्री पर बैन लगा दिया है. सरकार ने ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से पालन का निर्देश दिया है।

कलेक्टर ने ज़िले के सभी पटाखों के विक्रेताओं से भी आग्रह किया कि वे कम उम्र के बच्चों को सीधे पटाखे न बेचे। बच्चों को अभिभावक की उपस्थिति में ही पटाखे दें।

छोटे पटाखे जैसे फुलझड़ी, चकरी, अनार भी दुकानदार अभिभावक के सामने ही बच्चों को विक्रय करें ताकि किसी प्रकार की घटना, दुर्घटना न हो सके। किसी पटाखा दुकान पर 18 साल से कम उम्र के बच्चों को काम पर रखने वालों के खिलाफ भी प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। नए निर्देशों के तहत प्रशासन और संबंधित थाना पुलिस पटाखा दुकान पर नजर रखेगी। जो विक्रेता नियमों का उल्लंघन करते मिलेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आयातित पटाखों से ध्वनि प्रदूषण अधिक होने के साथ सेहत पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। कलेक्टर शर्मा ने बताया कि विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत अवैध पटाखों के भंडारण, वितरण तथा विक्रय एवं उपयोग पर 2 साल की सजा का प्रावधान है। अतः कोई भी पटाखों का भंडारण, वितरण, विक्रय अथवा उपयोग न करें। पटाखों के विक्रय के संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा भी जारी गाईड लाइन के उपयोग किए जाने के संबंध में ज़ोर दिया गया है। जो कि न केवल अवैधानिक आयातित पटाखों के संबंध में, बल्कि देश में निर्मित पटाखों के उपयोग के संबंध में है ।इसके तहत आयातित आतिशबाजी को बेचना या भंडारण करना गैरकानूनी है।

# मालखरौदा तहसील के भारतीय किसान संघ ने 16 सूत्रीय मांगों को लेकर सौपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

भारतीय किसान संघ द्वारा अपनी 16 सूत्रीय किसान हितों की मांग को लेकर मालखरौदा तहसील के संघ के पदाधिकारी- सदस्यों ने अपने अध्यक्ष रमाकांत चंद्रा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम से ज्ञापन सोपा है,जिसमें किसानों के हित में 16 सूत्रीय मांगों के त्वरित निराकरण की मांग की गई है, तथा मांगे पूरी न होने पर सड़कों पर उतरकर आंदोलन की भी बात कही गई है, तथा इस संबंध में संघ के अध्यक्ष रमाकांत चंद्रा ने बताया है कि प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार प्रदेश के तहसील मुख्यालयों में यह ज्ञापन दिया गया है तथा ज्ञापन देने के पश्चात संघ के सदस्यों ने संबंधित अधिकारियों को उपरोक्त ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री तक प्रेषित करने का आग्रह किया है।

# दीपक सजाओ, ग्रीटिंग बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में प्रधान पाठक हिम कल्याणी सिन्हा के मार्गदर्शन में दीपावली त्यौहार के अवसर पर दीपक सजाओ, ग्रीटिंग बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बहुत उत्साह से बच्चें भाग लिए। बच्चे अपने हाथों से आटा, मिट्टी, और गोबर के दीपक बनाकर सजाये। साथ ही बच्चें चार्ट पेपर, पुट्ठा आदि से ग्रीटिंग कार्ड बनाकर अपने शिक्षक को दीपावली त्यौहार की शुभकामनायें सन्देश लिखे। बारी बारी से सभी बच्चें दीपक और ग्रीटिंग कार्ड को कक्षा में सजाये सभी बच्चों के सामग्री का अवलोकन करने के पश्चात प्रतियोगिता में मधु कक्षा पांचवी प्रथम स्थान, विशाखा कक्षा पांचवी द्वितीय स्थान, प्रिया कक्षा तीसरी तृतीय स्थान प्राप्त की। सभी प्रतिभागी बच्चों को उपहार भेंट किए।

सहायक शिक्षिका हेमलता ठाकुर दीपावली से सम्बंधित कहानी से बच्चों को अवगत कराई। हिरेश टंडन सुरक्षित त्यौहार मनाने हेतु बच्चों को आवश्यक जानकारी दिए। पंचराम निषाद, मुन्नी यादव बच्चों का उत्साहवर्धन किए, इसी के साथ बच्चों का मुँह मीठा कर हर्षोउल्लास के साथ शाला में दीपावली का त्यौहार मनाये।

# रेलवे कैटनरी तांबा तार चोरी के आरोपी पकड़ाये दो गिरफ्तार, 80 हजार मूल्य का तांबा बरामद

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



घरघोड़ा के बरकसपाली रेलवे लाईन के किनारे से रेलवे कैटेनरी तांबा तार की चोरी का खुलासा करते हुए घरघोड़ा पुलिस ने तीन तांबा चोरों को पकडा है। पुलिस ने इनके पास से चोरी का 80 हजार मूल्य का तांबा भी बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कल प्रार्थी अजय निकुंज, निवासी साडा कॉलोनी कोरबा, थाना पुसौर, जिला रायगढ़ ने थाना घरघोड़ा में शिकायत दर्ज कराया कि 16-17 अक्टूबर की मध्यरात्रि में अज्ञात चोरों ने ग्राम बरकसपाली रेलवे लाइन के पोल नंबर 40/2, 41/7 से लगभग 100 मीटर कैटनरी तांबा तार (कीमत 35,000) चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। माल मुल्जिम पतासाजी के दौरान संदिग्ध नोहर सिंह, निवासी कोगनारा, को मुखबिर की सूचना के आधार पर हिरासत में लिया गया। सख्ती से पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने अपने साथी देवनाथ राठिया के साथ मिलकर बरकसपाली रेलवे लाइन से तांबा तार काटकर चोरी की थी। दोनों आरोपियों ने बांस और लोहे की आरी का उपयोग कर तांबा तार के टुकड़े किए थे। नोहर सिंह के मेमोरंडम पर 30 मीटर कैटनरी तांबा तार (कीमत 25,000) और चोरी में प्रयुक्त आरी पत्ती बरामद की गई। प्रकरण में दो आरोपियों के होने से धारा 3(5) बीएनएस जोड़ी गई। पुलिस ने देवनाथ राठिया की तलाश कर उसे हिरासत में लिया, जिसने पूछताछ में बताया कि उसने नोहर सिंह के साथ मिलकर तांबा तार को काटा और आपस में बांट लिया। देवनाथ राठिया से 69 मीटर कैटनरी तांबा तार (कीमत 55,000) बरामद हुआ, जिसे गवाहों के सामने विधिवत जब्त कर लिया गया है।

गिरफ्तार आरोपी देवनाथ राठिया पहले भी चोरी के अपराध में संलिप्त रह चुका है। दोनों आरोपियों को घरघोड़ा पुलिस द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# रायगढ़ के एनएच 49 में फिर हुआ हादसा, दो युवकों की मौत, मामले की जांच में जुटी पुलिस

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में शनिवार को अलग-अलग सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। पहली घटना में जहां एक ट्रेलर चालक की तो दूसरी घटना में सड़क पार करते समय एक युवक की मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक पहली घटना शनिवार की सुबह तकरीबन 4 बजे के आसपास लकेश्वर पटैल आर.के.एम से कोयला खाली करके ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एएन 7132 को चलाते हुए वापस वेदांता साईडिंग जा रहा था। इस दौरान जब वह कुनकुनी गांव के पास स्थित रेल्वे ओवर ब्रिज के पास लगे डिवाडर में ट्रेलर का चक्का चढ़ गया था, जिसे देखने के लिए वह नीचे उतरा था और रोड किनारे खड़ा होकर देख रहा था। इसी दौरान रायगढ़ की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक सीजी एएन 6939 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाकर लकेश्वर पटैल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इस मामले में खरसिया पुलिस ने मृतक के बड़े भाई की रिपोर्ट के बाद आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। इसी तरह की दूसरी घटना में नोवेल यादव 30 वर्ष पिता रत्थुराम यादव शक्ति जिले के टुंड्री गांव का रहने वाला था। शनिवार की सुबह साढ़े 10 बजे जोरोपाली चैक के पास तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक युवक और उसकी मां पिछले कुछ सालों से रायगढ़ में रहकर रोज-मजदूरी करते अपनी जीवन यापन करते आ रहे हैं।

शनिवार की अपने गांव जाने पहले युवक अपनी मां को बस से भेजा और स्वयं लिप्ट मांग कर शाम तक पहुंचने की बात कही थी। नोवेल यादव सुबह लिप्ट मांग कर जोरापाली चैक के पास पहुंच गया था और जब वह सड़क पार कर रहा था इसी दौरान ट्रेलर के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद कोतरा रोड़ पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजते हुए मामले को जांच में ले लिया है।

## बाईक लुटने की योजना बनाकर दोस्त का ही कर दिया कत्ल

# महज बाईक के लिये दोस्त बन बैठे कातिल, एक-एक साक्ष्य जुटाकर आरोपियों तक पहुंची पुलिस

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में पिछले दिनों केंदाडोंगरी पहाड एक युवक की लाश मिलने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मृतक युवक की बाईक हड़पने के उद्देश्य से सुनियोजित तरीके से हत्या की इस वारदात को अंजाम दिया था। मिली जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों 20 अक्टूबर की सुबह तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले केंदाडोंगरी पहाड पर मिले युवक की लाश मामले में हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर मामले का त्वरित रूप से पटाक्षेप किया गया है। तमनार पुलिस ने अज्ञात मृतक युवक की शिनाख्तगी कर एक-एक साक्ष्य को जोड़ते हुए अज्ञात 03 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें एक नाबालिग है। आरोपियों ने मृतक की बाइक को हासिल करने के लिए उसकी हत्या करने की बात कबूल की गई है। तीनों आरोपियों को हत्या और साक्ष्य छिपाने के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

**क्या है पूरा मामला**-20 अक्टूबर को तमनार थाना क्षेत्र के बांजीखोल जाने वाली केंदाडोंगरी पहाड में एक अज्ञात युवक का शव पडा मिला। मृतक का शव लगभग तीन - चार दिन पूर्व का प्रतीत हो रहा था, पंचनामा पर मृतक के पास से मिले ब्रेसलेट, चाबी, छिंटदार फूलशर्ट, नीला रंग का जींस पेंट प्लास्टिक चप्पल और मोबाइल नंबर लिखा हुआ एक कागज का टुकड़ा मिला जिसे सुरक्षित रख कर शव का कफन-दफ्न किया गया। प्रथम दृष्टिया मामला हत्यात्मक प्रतीत होने पर मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा मृतक की पहचान के लिए मृतक के फोटोग्राफ्स विभिन्न व्हाटसअप ग्रुप में शेयर कर जानकारी ली जा रही थी तथा मृतक के पास से कागज में नोट किया हुआ मोबाइल नंबर से जानकारी जुटाते हुए मृतक के परिजनों तक पहुंची।

**21 अक्टूबर को हुई थी मृतक की शिनाख्त**-दूसरे ही दिन शव का उत्खन्न पश्चात ग्राम बिछिनारा नया रामपुर, घरघोडा निवासी श्यामलाल लोधा द्वारा अज्ञात मृतक की शिनाख्त अपने पुत्र टिकेश्वर लोधा उम्र 19 वर्ष के रूप में की गई। शव के पीएम रिपोर्ट से थाना तमनार में अज्ञात आरोपी के खिलाफ 24 अक्टूबर को धारा 103(1), 238(क) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया गया।

**इस तरह आरोपियों तक पहुंची पुलिस**-तमनार पुलिस टीम मृतक के रिस्तेदारों, दोस्तों से सिलसिलेवार पूछताछ के क्रम को बढ़ाया गया, जिसमें मृतक को अंतिम बार उसके दोस्त नरेन्द्र उर्फ बोनु सारथी निवासी कंचनपुर, घरघोड़ा के साथ देखे जाने की जानकारी मिली। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल नरेन्द्र के घर दबिश दी इस दौरान आरोपी फरार था।

**विजय और नाबालिग पहले पकड़ाये**-तमनार पुलिस को जानकारी मिली कि 16 अक्टूबर को नरेन्द्र, टिकेश्वर को विजय चैहान (सराईडिपा) और नाबालिग बालक के साथ होने की जानकारी मिली। 24 अक्टूबर को ही आरोपी विजय चैहान और नाबालिग बालक को पुलिस ने दबिश देकर पकड़ा। आरोपी विजय चैहान ने नरेन्द्र और नाबालिग लड़के के साथ मिलकर घटना कारित करना स्वीकार किया। छापेमारी में फरार आरोपित नरेन्द्र उर्फ बोनु सारथी को कल हिरासत में लिया गया।

**एक ही बाईक में निकले थे चारो**-आरोपियों ने बताया कि 15 अक्टूबर को टिकेश्वर लोधा अपने केटीएच बाइक से नरेंद्र उर्फ बोनु सारथी के घर आया था। दूसरे दिन 16 अक्टूबर के शाम दोंनो बाइक पर घूमने जाने निकले। रास्ते में ग्राम सराईडिपा पर नरेन्द्र ने अपने दोस्त विजय चैहान और नाबालिक को भी बाईक में बिठाकर मेला देखने जाने साथ लिये। इन्होंने बाइक में पेट्रोल डलाये और करीब आधा लीटर पेट्रोल प्लास्टिक बॉटल में रख लिये फिर चारों रोडोपाली होते बांजीखोल जंगल अंदर गये वहां नशा किये, वहीं टिकेश्वर लोधा घास में लेट हुआ।

**बाईक लूटने बनाई प्लानिंग**-आरोपियों ने बताया कि जब टिकेश्वर नशे में धुत्त था तभी नरेंद्र ने विजय और नाबालिक के साथ मिलकर टिकेश्वर की हत्या कर उसकी केटीएम बाईक हथियाने की प्लानिंग बनाई जिसके बाद बाइक को बारी-बारी रखने की बात कही गई। वहीं पेट्रोल डालकर टिकेश्वर की हत्या को अंजाम देने वाले थे पर टिकेश्वर के जागने से घटना को वहां अंजाम नहीं दे पाये तो वापस चारों घरघोड़ा आ गए।

**आरोपियों ने इस तरह कर दी हत्या**-आरोपियों ने बताया कि रात में घरघोड़ा के एक ढाबा खाना खाने गये, ढाबा में टिकेश्वर और नाबालिग लड़के को छोड़कर नरेन्द्र और विजय बाइक लेकर घूमने निकल गये। रातभर घूमने के बाद सुबह फिर चारों बाइक पर बांजीखोल जंगल गये। बाइक को रोड़ किनारे बुढा मंदिर के पास खड़ी कर पैदल पहाड़ चढने लगे। उसी समय जंगल से सराई की लकड़ी तोड़कर विजय ने टिकेश्वर टिकेश्वर के सिर पीछे से 3-4 बार मारा जिससे टिकेश्वर पत्थर पर गिरा फिर नरेन्द्र ने चाकू, अपचारी बालक ने पत्थर, लात घुसों से टिकेश्वर पर हमला कर उसकी हत्या कर दिया मामले में लूट और षड्यंत्र के अनुरूप धारा 61(2), 309(6),3(5) बीएनएस जोड़ा गया है।

**आरोपियों को भेजा गया जेल**-पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त गेडा (लकडी), चाकू, पत्थर, घटना समय पहने कपड़े, केटीएम ड्यूक बाइक बरामद किया गया है। आरोपी विधि के साथ संघर्षरत बालक तथा विजय चैहान को कल न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल दाखिल किया गया है तथा आरोपी नरेंद्र उर्फ बोनू सारथी को आरोपियों को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा जा रहा है।

# स्वर्णप्राशन एवं बाल रक्षा किट के लिए आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में उमड़ी भीड़

## 2216 बच्चों को कराया गया स्वर्णप्राशन, 300 बच्चों को पांच दवाओं से निर्मित बाल रक्षा किट भी दिए गए

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्तिवर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय, रायपुर में 2216 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। विभिन्न रोगों से रोकथाम एवं इम्युनिटी बढ़ाने के लिए 300 बच्चों को पांच दवाईयों से बने बाल रक्षा किट भी वितरित किए गए। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। स्वर्णप्राशन के साथ ही डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में आयुष विभाग की संचालक इफ्फत आरा, प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह काफी लाभदायक है। महाविद्यालय के कौमारभृत्य विभाग की व्याख्याता डॉ. सत्यवती राठिया तथा स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235, 21 फरवरी को 1420, 18 मार्च को 1720, 16 अप्रैल को 1410, 13 मई को 1256, 10 जून को 1802, 8 जुलाई को 1342, 3 अगस्त को 1370, 30 अगस्त को 1660 और 26 सितम्बर को 2046 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।

# स्वास्थ अधिकारी, एसडीएम व सीईओ ने उल्टी दस्त के रोगियों की निगरानी करने हेतु निर्देशित किया



पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत कोमा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी कुदेसिया द्वारा बैठक कर समीक्षा एवं ग्राम कोमा में फैले उल्टी दस्त के रोगियों की निगरानी सहित घर-घर जाकर सर्वे करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसमें प्रभावित मरीजों का उपचार सहित बचाव एवं रोकथाम करना तथा सर्वे की रिपोर्ट प्रति दिवस दो बार सर्वेकर सर्वे टीम चिकित्सा दल द्वारा घर घर भ्रमण कर उच्च कार्यालय को प्रेषित करना संबंधित निर्देश दिए गए एवं गंभीर मरीज को तत्काल रेफर कर अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार चालू कराना साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश कुमार साहू एवं सीईओ फकीर चरण पटेल द्वारा प्रभावित ग्राम का दौरा कर सर्वे टीम एवं स्वास्थ्य शिविर मे जाकर चिकित्सक से जानकारी लिया गया एवं दिशा-निर्देश दिए। साथ ही ग्राम सरपंच सविता गोस्वामी एवं आमजन से स्वच्छता तथा संक्रमित जल स्रोत को बंद कर टैंकर से शुद्ध पेयजल पेय हेतु अनुरोध किया गया एवं ग्राम पंचायत कोमा में लगे स्वास्थ्य शिविर में प्राथमिक उपचार करने हेतु निर्देश दिया गया है एवं गंभीर मरीजों को तत्काल अस्पताल में भर्ती करने हेतु चिकित्सा दल को निर्देश दिया गया चिकित्सीय टीम को दिन एवं रात मे शिविर लगाकर उपचार करने सहित प्रति दिवस जानकारी प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया है बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी कुदेशिया एवं जिला नोडल अधिकारी आईडीएसपी डॉ छत्रपाल चंद्राकर सहित खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएस बडई एवं खण्ड विस्तार अधिकारी मीनकेतन चौधरी तथा बीपीएम हेम कुमार सोनकर सहित डॉ दिलीप सतपति, बी एल मिश्रा सेक्टर प्रभारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षक मीना चन्द्राकर एवं धनंजय साहू सेक्टर सुपरवाइजर सहित सेक्टर खल्लारी के समस्त कर्मचारी सी एच ओ, आर एच सी महिला एवं पुरुष व ग्राम की मितानिन, कोटवार एवं जनप्रतिनिधि आदि बैठक में उपस्थित रहे।

# पीएमश्री शाला चनाट में इंटरहॉउस क्वीज एवं वादविवाद प्रतियोगिता सम्पन्न

पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पीएमश्री प्राथमिक शाला चनाट मे शाला स्तर पर मंथन मण्डल तहत एक राष्ट्र-एक चुनाव पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन एवं विद्या वैभव तहत क्वीज प्रतियोगिता, डिजिटल क्वेस्ट तथा गाँव मे स्थित मंदिर एवं सरपखोल जंगल की जानकारी एवं मॉडल तैयार बच्चों द्वारा किया गया, जिसमे वाद विवाद प्रतियोगिता मे कु. रोशनी की टीम प्रथम स्थान प्राप्त की, एवं इंटर हॉउस क्वीज मे, ग्रुप ए से कु.देविका एवं खुशबू, प्रथम स्थान, ग्रुप सी से कु. सोनालिका एवं संजना द्वीतीय स्थान प्राप्त किये। सांस्कृतिक धरोहर एवं मॉडल प्रदर्शनी मे कु. रिया गिरी को सबसे अधिक अंक प्राप्त हुआ। उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों मे नेतृत्व क्षमता के विकास के साथ साथ व्यक्तित्व विकास, एवं बौद्धिक क्षमता का विकास करना है। उक्त कार्यक्रम मे निर्णायक विजय धृतलहरे प्रधानपाठक प्राथमिक शाला बिलखंड को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम मे शाला के प्रधानपाठक नीलाम्बर नायक, प्रभा जगत उपस्थित रहे। सभी बच्चों को संस्था की ओर से शुभकामनायें प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देकर जिला स्तर मे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई गई।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया मेकाहारा अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों से की मुलाकात



## अस्पताल की सुविधाओं का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रायपुर के मेकाहारा अस्पताल का निरीक्षण किया। जायसवाल ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया और मरीजों से बात कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। जायसवाल ने इस दौरान दंतेवाड़ा से आए मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने वाले मरीजों से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल के स्टाफ और चिकित्सकों से भी बात कर उन्हें बेहतर काम करने और मरीजों की उचित देख देख करने के निर्देश दिए।

# जिले में अब तक 1161 मरीजों के मोतियाबिंद का हुआ है सफल ऑपरेशन

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर जिले में मोतियाबिंद मुक्त अभियान अंतर्गत 25 एवं 26 अक्टूबर 2024 को कुल 72 मरीजों का ऑपरेशन किया गया। जिसमें 57 मोतियाबिंद मरीजों में से जिला चिकित्सालय में 32 तथा सिविल अस्पताल पत्थलगांव में 25 मोतियाबिंद तथा 15 अन्य आँख विकार जैसे टेरिजियम, डरमोइड व सिस्ट का सफल ऑपरेशन की शुरुआत की गई। जिसका जिला चिकित्सालय में सफलतम सर्जरी विजिटिंग सर्जन डॉ. बलवंत सिंह जिला कोरिया, डॉ. रजत टोप्पो जिला चिकित्सालय अंबिकापुर एवं स्थानीय नेत्र सर्जन डॉक्टर अनिता मिंज सिविल अस्पताल पत्थलगांव के द्वारा किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन मे मोतियाबिंद सर्जरी का आयोजन प्रत्येक सप्ताह विजिटिंग एवं स्थानीय सर्जन द्वारा ऑपरेशन का संपादन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया की इस अभियान के तहत जिला चिकित्सालय एवं सिविल अस्पताल पत्थलगांव मे मोतियाबिंद सर्जरी हो रहा है। जिसमें पात्र मरीजों का सफल सर्जरी किया जा रहा है। इस अभियान में अब तक इस वित्तीय वर्ष में 1164 मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया जा चुका है। जिसमें मरीजों को निःशुल्क परिवहन,भोजन तथा सर्जरी की सुविधा प्रदाय किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने आमजन मानस से अपील कर इस निर्धारित दिवसों मे अधिक से अधिक लाभ उठाने का अपील किया है तथा मोतियाबिंद सर्जरी संबंधित जानकारी के लिए स्वास्थ्य विभाग का का हेल्प लाइन नम्बर 9131318933, 9340797400 जारी कर शिविर की तिथि आदि की जानकारी हेतु सम्पर्क करने का भी अपील किया है। इसके अतिरिक्त विकासखंड चिकित्सा अधिकारी तथा नेत्र सहायक अधिकारियों से भी सम्पर्क किया जा सकता है। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि इस अभियान में लोगों के द्वारा स्वयं जागरूकता दिखाई जा रही है एवं मोतियाबिंद तथा अन्य आँख विकार ऑपरेशन का पहल किया जा रहा है। जिसमें जिला चिकित्सालय में ऑपरेशन के दौरान अन्य सभी सुविधाएं मरीजों को प्रदाय किया जा रहा है एवं जरूरतमंद लोगों को परिवहन,भोजन ,रहने की सुविधा दी जा रही है । इस सफल शिविर हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों, नेत्र सहायक अधिकारियों एवं जिले के मितानिनों का अहम योगदान रहा है।

# व्यवसायिक पाठ्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर के विद्यार्थियों ने पावर प्लांट का किया भ्रमण

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com




हेमसुंदर गुप्त उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महापल्ली में कल संस्था के प्राचार्य जे. सुजाता राव के मार्गदर्शन में व्यावसायिक प्रशिक्षक हेमंत कुमार लहरे के द्वारा इंडस एडूट्रेन के तत्वाधान में व्यावसायिक पाठ्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण का कार्य इंड्स सीनर्जी कोटमार रायगढ़ में कराया गया। विदित हो कि इस विद्यालय में रोजगार परक शिक्षा के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर विषय संचालित हैं। औद्योगिक भ्रमण के दौरान बच्चों ने विभिन्न तरह के जानकारियां जैसे काम के दौरान सुरक्षा और खतरों से बचाव के तरीकों को सीखा। जिसमे बच्चों को सुरक्षा नियम संबंधी गतिविधियां फायर सेफ्टी, फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग एवं वर्कशॉप के विभिन्न प्रकार के मशीनों के काम करने के तरीकों और काम के बारे में समझाया गया, यहां पर विद्यार्थियों ने विभिन्न जॉब पर काम करना सीखा और काम की बारीकियों को भी समझा। जिसमें एक्सपीरियंस्ड टेक्नीशियन के द्वारा उचित सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सभी विद्यार्थियों को पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट की जानकारी दिया गया जिसमें सेफ्टी डिपार्मेंट के विश्वजीत पात्र एवं पवन पांडे के द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न प्रकार के सुरक्षा से संबंधित एवं पावर प्लांट के संचालन की सारगर्भित जानकारियां प्रदान किया गया तथा विशाल के द्वारा इलेक्ट्रिकल सिस्टम जिसमें पावर जेनरेशन टरबाइन कक्षा, डी.एम.प्लांट एवं बॉयलर के बारे में बच्चों को जानकारी दिया गया और पैनल कंट्रोल रूम मैं विभिन्न प्रकार के पैनलों की जानकारी लक्ष्मीचरण जैना के द्वारा दिया गया। औद्योगिक क्षेत्र के इन समस्त जानकारी को प्रत्यक्ष रूप से जानकर विद्यार्थियों में ज्ञानवर्धन के साथ-साथ बहुत ज्यादा प्रसन्नता हुई। औद्योगिक भ्रमण के दौरान इंडस सिनर्जी के प्रबंधक अनिल सोनी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# नई दिशा अभियान के तहत पण्डित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी कन्या विद्यालय के 223 छात्राओं ने संगोष्ठी में लिया हिस्सा



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में जिले के युवाओं को नशा से बचाने हेतु हर सप्ताह स्कूल, कॉलेज एवं ग्राम पंचायतो में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्यक्रम के माध्यम से लगातार जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में बलौदाबाजार में स्थित पण्डित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या विद्यालय में गुरुवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 9 वी से 12 वीं तक के लगभग 223 छात्राओं ने भाग लिया। संगोष्ठी में नशामुक्त समाज व जीवन जीने की कला के बारे में बताया गया। संगोष्ठी में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अरविंद गेडाम ने बताया कि परिवार में एक व्यक्ति भी नशा करता है तो उसका असर पूरे परिवार पर पड़ता है और परिवार बर्बादी के कगार पर पहुंच जाता है। दृढ संकल्प एवं सकारात्मक सोच से नशे की लत से छुटकारा पाया जा सकता है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशामुक्ति केंद्र भी नशा छोड़ने में सहयोग करता है। केंद्र में मनोचिकित्सक द्वारा ईलाज के साथ दवाई भी दी जाती है। संगोष्ठी में छात्राओं को परिवार, मोहल्ले के आस-पास के वातावरण को नशे से मुक्त करने हेतु जानकारी दी गई तथा संकल्प वाचन किया गया। खैरघाट स्थित नशामुक्ति केंद्र में प्रतिदिन योगाभ्यास, पूजा -पाठ एवं सामाजिक कार्यक्रम किया जाता है। इस अवसर पर मनोचिकित्सक एवं सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल, तूलिका परघनिया सहित समाज कल्याण विभाग कर्मचारी, विद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिविर लगाकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी दी जा रही है जानकारी



पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। बगीचा विकासखंड के सन्ना के ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसके साथ ही बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डां. साक्षी और डॉ अदिति की टीम द्वारा महिलाओं का स्वास्थ्य जांच कर स्वास्थ्य संबंधी विशेष जानकारी दी जा रही है। उनको पोष्टिक आहार हरी साग सब्जी, आयर और खून की मात्रा बढ़ाने वाली दवाईयां की जानकारी देकर दी जा रही है। बुजुर्गों को ठंड से बचाव के लिए उचित परामर्श दिया जा रहा है। मरीजों को निःशुल्क दवाई भी उपलब्ध कराई जा रही है।

# देवी अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी जन्मजयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पांचजन्य विद्यालय में हुआ रोचक कार्यक्रम





पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई जी होलकर के त्रिशताब्दी जन्मजयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पांचजन्य विद्यालय, कुशालपुर रायपुर में रोचक कार्यक्रम आयोजित हुआ। पूरे भारतवर्ष में औरंगजेब और अन्य मुस्लिम आक्रांताओं द्वारा तोड़े गए हिंदू मंदिरों का पुनर्निर्माण कराने वाली, वहां धर्मशाला, तालाब और अखण्ड भंडारे के लिए रसोई की व्यवस्था कराने वाली देवी अहिल्याबाई की अद्भुत गाथा सुनकर मन भाव विभोर हो गया। एक-एक कर अपने समस्त स्वजनों को खो देने के बाद भी लोकमाता अपने संकल्प पर दृढ़ रहीं और उनका अभियान चलता रहा। उन्होंने हिंदुत्व रक्षा के लिए अपना पूरा धन और जीवन सबकुछ न्योछावर कर दिया।

# विशेष ग्राम सभा के अवसर पर ग्रामों में हुआ एनीमिया रोकथाम शपथ कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में विशेष ग्राम सभा के अवसर पर जिले के समस्त ग्रामों तथा ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम सभा में एनीमिया रोकथाम शपथ का आयोजन किया गया। एनीमिया रोकथाम शपथ कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, मितानीन प्रशिक्षक, मितानीन की उपस्थिति में पंचायत प्रतिनिधि, पंचायत सचिव, ग्रामवासियों द्वारा एनीमिया रोकथाम हेतु शपथ ली गई। उल्लेखनीय है कि 0 से 59 माह के बच्चों को निःशुल्क विफएस सीरप, किशोर बालक बालिका को आईफए टेब, गर्भवती माताओं को रेड आईफए टेब का सेवन करने से शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होता है। समय पर एनीमिया जांच करने से आवश्यक उपचार निःशुल्क नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध हैं। जिले में कुपोषण मुक्ति के लिए पोट्ठ लईका पहल अभियान चलाये जाने से कुपोषण में कमी आयी है। एनीमिया मुक्ति हेतु जन भागीदारी का विशेष महत्व है। निरंतर जागरूकता कार्यक्रम करने से लोगों में एनीमिया रोकथाम में विशेष कमी आयी है। आयरन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से आयरन की कमी को दूर किया जा सकता है।

## गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का संचालन

# जशपुर जिले में 24 हजार से अधिक गर्भवती महिलाओं को मिला योगाभ्यास का लाभ

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन की ओर से जशपुर जिले में गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम परियोजना के तहत छत्तीसगढ़ योग आयोग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, यूनिसेफ एवं जिला प्रशासन जशपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय योग मित्रों, प्रशिक्षकों की समीक्षा बैठक व जशपुर मंगल भवन में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। योग मित्रों (प्रशिक्षको) की समीक्षा बैठक व प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें जशपुर जिले में संचालित 50 हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटरो के योग मित्रों को प्रशिक्षण तथा समीक्षा भी किया गया। योग मित्रों ने अपने अपने हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटरो में गर्भवती महिलाओं को उनके तिमाही अनुसार से योगाभ्यास कराते हैं तथा गर्भवती महिलाओं के घरों में भी जाकर गर्भवती महिलाओं को योगाभ्यास कराते है तथा योग मित्रों ने आंगनबाड़ी केन्द्रो स्कूलों टिकाकरण में सहयोग किया जा रहा है। बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को योगाभ्यास कराते है। जिला प्रशासन के अंतर्गत संचालित परियोजना जशपुर जिले में चलते हुए 17 माह पूर्ण हो गया है। 17 माह में इस परियोजना से बहुत ही अच्छा परिणाम सामने आया है। इस परियोजना के तहत अभी तक कुल 24380 गर्भवती महिलाओं को पंजीकृत कर योगाभ्यास का लाभ दिया जा चुका है तथा 4704 गर्भवती महिलाएं पंजीकृत है। इस परियोजना को जिला योग समन्वयक अशोक कुमार यादव के द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग किया जाता है। तथा योग प्रशिक्षकों को जिला योग समन्वयक द्वारा बराबर मार्गदर्शन भी मिलते रहता है। तथा समय-समय पर सभी योग मित्रों को छत्तीसगढ़ योग आयोग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, यूनिसेफ एवं जिला प्रशासन जशपुर द्वारा समीक्षा बैठक व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस प्रशिक्षण व समीक्षा बैठक का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकार डॉ.जी.एस. जात्रा, डीपीएम गनपत कुमार नायक, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक तिलकेश प्रसाद भावे, यूनिसेफ से डॉ. इंपना बीलगी, आई.आई.टी. बाम्बे से संदीप घुसले, छत्तीसगढ़ योग आयोग रायपुर से रविकांत कुम्भकार (परिवीक्षा अधिकारी), राज्य परियोजना समन्वयक ज्योति साहू, योग प्रशिक्षक रश्मी पटेल, तथा जिला योग समन्वयक अशोक कुमार यादव ने विशेष रूप से उपस्थित थे तथा कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न किया गया।

# अवैध शराब का रैकेट सक्रिय... शासकीय दुकानों से पार हो रही थी शराब, पुलिस ने 570 पौवा शराब बरामद की

## रोजाना सैकड़ों बोतलें खपाई जा रही, प्लेसमेंट कंपनी से लेकर आबकारी तक की भूमिका

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




सरकारी शराब दुकानों से एक बार फिर बड़ी मात्रा में शराब तस्करी सामने आई है। शहर के भीतर ही तीन अलग-अलग तस्करों से पुलिस ने सैकड़ों पौवा देशी शराब बरामद की है। इस मामले में जहां दो तस्कर गिरफ्तार हुए हैं वहीं एक फरार हो गया। सायबर और बसंतपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई ने एक बार फिर शहर में अवैध शराब बिक्री की रैकेट को एक्सपोज किया है।

मोहारा से फरहद चौक की ओर जाने वाली बाईपास रोड तिरूपति इन्टरप्राईजेस के सामने से आरोपी वासुदेव सिंग राजपुत ऊर्फ देवा (27) के कब्जे से 230 पौवा, दीपक ढीमर (22) 200 पौवा शराब बरामद की गई है। वहीं एक अन्य आरोपी 140 पौवा शराब छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट तहत अपराध कायम किया है।

यह शराब शासकीय दुकानों से लाई जा रही थी। पूरे मामले में शराब दुकानों का संचालन संभाल रही प्लेसमेंट एजेंसी के लोकेशन ऑफिसर, सुपरवाईजर और दूसरे कर्मचारी संदेह के घेरे में है। आरोप लग रहे हैं कि आबकारी विभाग की सांठगांठ के साथ शराब कोचियों तक पहुंच रही है। शासकीय दुकानों से ही सैकड़ों पौवा की खेप कोचियाओं को उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें हर पेटी के पीछे कमीशन निर्धारित है।

कांग्रेस ने इस मुद्दे पर संगीन आरोप मढ़े हैं। कांग्रेस प्रवक्ता रुपेश दुबे ने आरोप लगाया है कि, प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से पूर्व में शराब तस्करी में शामिल आरोपी युवकों को सुरप वाइजर के तौर पर दुकानों में रखा गया है। यही नहीं निर्धारित अर्हताओं के खिलाफ जाकर भी युवकों को दुकानों में नौकरी दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि, आबकारी के अधिकारी इस रैकेट को संरक्षण दे रहे हैं और इसमें बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। उन्होंने इन मामलों में कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# अवैध कारखाने में बनाई जा रही थी नकली बीड़ी, बाजार में खपा रहे थे

■ डोंगरगढ़ पुलिस की कार्रवाई, एक आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




बीड़ी कारिगरों के लिए जाने जाने वाले डोंगरगढ़ में बड़ी कंपनियों के नाम पर नकली बीड़ी बनाए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में डोंगरगढ़ पुलिस ने दो अलग अलग जगहों पर छापामार कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मौके से गोला छाप, मेघना और भोला छाप जैसी ब्रांडेड कंपनी के नकली रैपर, होलोग्राम और अन्य सामग्री बरामद की गई है।

बताया जा रहा है कि धमतरी के गोला बीड़ी वर्क्स के मालिक जतीन मिरानी ने राजनांदगांव एसपी से शिकायत की थी कि उनकी कंपनी के नाम पर नकली बीड़ियां बाजार में बेची जा रही हैं। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने डोंगरगढ़ के दंतेश्वरी पारा इलाके में रविंद्र साखरे के दो ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की।

इस दौरान पुलिस ने सैकड़ों कट्टे नकली गोला बीड़ी, बिना लेबल की बीड़ी, हजारों रैपर, होलोग्राम और लगभग सभी बड़े ब्रांड्स के नकली लेबल बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह सस्ती बीड़ियां खरीदकर उन्हें ब्रांडेड बीड़ी के रूप में पैक कर बेचता था, जिससे उसे अच्छा मुनाफा होता था।

फिलहाल, पुलिस ने आरोपी रविंद्र साखरे के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट और अन्य कानूनी धाराओं के तहत कार्रवाई की है, पुलिस ने देवेंद्र साखरे और उनके परिवार के अन्य सदस्यों को नोटिस जारी कर जांच शुरू कर दी है।

# 46वीं राजश्री टूर्नामेंट हैंडबॉल अंडर 19 के लिए राजनांदगांव की टीम तैयार



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्टेट स्कूल हैंडबॉल ग्राउंड में खिलाड़ियों का चयन ट्रायल रखा गया जिसमें लगभग 30 खिलाडी शामिल हुए जिसमें से श्रेष्ठ 10 खिलाड़ियों की टीम गठित किया गया। जो रायपुर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने रायपुर साइंस कॉलेज जाएंगे और अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे। ट्रायल कोच शबनम अंसारी, राजाराम, रजा कुरैशी, ओमन तंबोली साथ ही अध्यक्ष सूर्यकांत जैन और सचिव प्रिंस भाटिया के नेतृत्व में संपन्न कराया गया। जिला हैंडबॉल संघ राजनांदगांव के सभी सदस्यों ने टीम से अच्छे प्रदर्शन की अपेक्षा करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

# उप मुख्यमंत्री साव ने दिया घुमका को नगर पंचायत बनाने का आश्वासन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव से घुमका के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर नगर पंचायत की मांग को लेकर चर्चा की। उप मुख्यमंत्री साव ने राजनांदगांव जिले के घुमका के प्रतिनिधि मंडल की मांग पर घुमका को नगर पंचायत बनाने का आश्वासन दिया है। उप मुख्यमंत्री साव से रायपुर स्थित उनके निवास पर घुमका के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर घुमका को नगर पंचायत बनाने की मांग रखी। इस दौरान भाजपा नेता भी मौजूद थे।

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि गांववाले काफी दिनों से इसकी मांग कर रहे हैं। गांव की आबादी छह हजार से अधिक हो गई है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री को गांववालों की तरफ से आवेदन सौंपते हुए इसके लिए आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया। उप मुख्यमंत्री साव ने ग्रामीणों की मांग और उनकी भावनाओं को देखते हुए घुमका ग्राम पंचायत के जल्द ही नगर पंचायत के रूप में उन्नयन का आश्वासन दिया।

इस दौरान पंचायत के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ मंडल भाजपा अध्यक्ष जागेश्वर साहू, महामंत्री परदेशी सोनबोईर, महेश यादव, नरेन्द्र वर्मा, दिलीप पटेल, शिला सिंह, गणेश साहू, नोहेन्द्र सिंघा, राकेश साहू, नुनकरण वर्मा, लक्की, ललित साहू व बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वनांचल के गोड़लवाही पहुंचे कलेक्टर एवं एसपी

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग गत दिनों वनांचल के दूरस्थ ग्राम गोड़लवाही पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम गोडलवाही में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम में निर्मित उच्च स्तरीय टंकी और नल कनेक्शन के माध्यम से घरों तक पहुंच रहे जल प्रदाय को देखा। उन्होंने पंप ऑपरेटर के कार्य प्रणाली, टैंक कैपिसिटी एवं क्लोरिनेशन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्राम के सबसे ऊपर में बसे घर में नल कनेक्शन से मिल रहे पानी की स्पीड और गुणवत्ता का परीक्षण किया। उन्होंने पानी की गुणवत्ता जांच निर्धारित समय समय पर कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने यूजर चार्ज के संबंध में भी जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के सभी घरों में पर्याप्त मात्रा में सुबह-शाम साफ पानी उपलब्ध हो रहा है। रखरखाव के लिए यूजर चार्ज के रूप में प्रति कनेक्शन 50 रूपए लिया जाता है। ईई पीएचई ने बताया कि ग्राम में उच्चस्तरीय टंकी के माध्यम से 387 घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। कलेक्टर अग्रवाल ने उच्च स्तरीय पानी टँकी के सिस्टम की तकनीकी जानकारी ली। ईई ने कलेक्टर को पंप ऑपरेटर, सबमर्सिबल पंप, क्लोरिनेटर रूम, क्लोरिनेटर सिस्टम, विद्युत कनेक्शन, स्वीच रूम और बाउण्ड्रीवाल के संबंध में जानकारी दी। इस दरम्यान ग्राम के गणमान्यजन उपस्थित थे।

# 30 किलो तांबे की चोरी पर कार्रवाई, एक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



रेलवे का तांबे का तार जलाकर व तोडक़र बंडल बनाकर छुपाकर रखने वाले आरोपी को रेल्वे पुलिस ने पकडक़र कार्रवाई की। रेल्वे पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 किलो रेल्वे का तांबे का बंडल बरामद किया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की। बताया गया कि गर्मी के दिनों में आरोपी तांबे के लालच में काटकर घर लाकर छुपाकर रखा था। ट्रेन नं. बीएसपी/एसटीएल मुड़ीपार रेल्वे स्टेशन में दो दिन खड़े रहने के दौरान इलेक्ट्रिक वायरिंग कट एवं मिसिंग की सूचना रेल सुरक्षा बल राजनांदगांव को होने पर 8 अगस्त को धारा रेल्वे संपत्ति (अवैध कब्जा) अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच निरीक्षक तरूणा साहू द्वारा मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद आर्य के दिशा-निर्देशन में किया जा रहा था। जांच के लिए पोस्ट प्रभारी तरूणा साहू रात में लगातार गश्त और मुखबीर से समन्वय कर रही थी। प्रधान आरक्षक एसके मिश्रा आरक्षक प्रमोद यादव के साथ रात्रि में गुप्त निगरानी के दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में रेल्वे स्टेशन और मुड़ीपार फाटक में घूमता हुआ पाया गया। उसका पीछा करने पर गांव बघेरा में गया। इसके बाद उसके घर में दबिश देकर उसके घर को चेक करने पर कबाड़ी सामान भरा हुआ पाया। इसी बीच दो बोरी लगभग 30 किलो रेल्वे का तांबे का तार जलाकर तोडक़र गोल बंडल बनाकर छुपाकर रखा था। नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम राजेन्द्र साहू उर्फ राजू उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बघेरा बताया। उक्त तांबे के तार के संबंध में अधिकार पत्र की मांग करने पर कोई पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। उसके द्वारा बताया गया कि मई के महीने गर्मी के दिन में रात के समय मुड़ीपार रेल्वे स्टेशन में खड़ी गाड़ी के नीचे से वायर जैसा तांबे के लालच में आरी से काटकर घर लाया था और छुपाकर रखा था। उसके द्वारा घटनास्थल की पहचान की गई और मौके की कार्रवाई करने के पश्चात उसे 25 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। 26 अक्टूबर को अग्रिम कार्रवाई के लिए रेल्वे न्यायालय के समक्ष पेश किए जाने पर उसे जेल वारंट का आदेश हुआ और उसे जेल भेजा गया।

# स्वच्छता त्यौहार : यूनिसेफ के प्रतिनिधियों ने किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को आयोजित किये जा रहे स्वच्छता त्यौहार कार्यक्रम अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तुमड़ीबोड में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का यूनिसेफ के प्रतिनिधियों द्वारा अवलोकन किया गया। व्यवहार परिवर्तन प्रमुख यूनिसेफ के डेनिस, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के लोपामुद्रा, एसबीसी स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह ने स्वच्छता त्यौहार अंतर्गत किए जा रहे कार्यों एवं विभिन्न गतिविधियों को देखा। स्वच्छता त्यौहार के तहत स्कूली बच्चों एवं युवोदय वॉलिंटियर्स द्वारा स्वच्छता से संबंधित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डोर टू डोर कचरा संग्रहण, प्लास्टिक प्रतिबंध, यूजर चार्ज, ग्रे वॉटर प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनाने के लिए जनसमुदाय को प्रोत्साहित एवं जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता त्यौहार मनाया जा रहा है। प्रत्येक शनिवार को अलग-अलग थीम पर किए जा रहे स्वच्छता त्यौहार की गतिविधि जैसे ग्राम के सभी स्थानों की साफ-सफाई, बॉटल ब्रिक्स, कचरा संग्रहण, दुकानदारों के साथ अनुबंध, यूजर चार्ज, घरेलू स्तर पर गीले कचरे का निपटान, शोकपिट का निर्माण, कबाड़ से जुगाड़ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए जनसामान्य को अवगत कराया गया। एसबीसी स्पेशलिस्ट यूनिसेफ अभिषेक सिंह द्वारा पर्यावरण स्वच्छता के विषय में संदेश दिया गया। व्यवहार परिवर्तन प्रमुख यूनिसेफ डेनिस द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिला स्तर पर किए जा रहे समस्त स्वच्छता सम्बंधित कार्यों की प्रशंसा की गई।

## शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में महावीर चौक पर हुआ पुतला दहन

# भाजपा सरकार की नाकामी से कानून व्यवस्था चरमराई : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



बलरामपुर जिले में पुलिस अभिरक्षा एवं पुलिस प्रताड़ना से युवक गुरुचरण मंडल की हुई मौत व प्रदेश में लगातार बढ़ रही अपराधिक गतिविधियों को लेकर कांग्रेस ने महावीर चौक पर मुख्यमंत्री व गृहमंत्री का फूंका पुतला।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि बलरामपुर में जिस प्रकार की घटना हुई वह बड़े ही शर्मनाक बात है। 10 माह में ही इस भाजपा सरकार से आम जनमानस भयभीत व डरे सहमे हुए है। पहले बलौदा बाजार में आक्रोशित भीड़ व असामाजिक तत्वों ने जिला कार्यालय को फूंक डाला था। इसके बाद कवर्धा में लोहारीडीह कांड में पुलिस अभिरक्षा में एक व्यक्ति की मौत हो गई। भाजपा के मुख्यमंत्री प्रशासन के कान में जू तक नहीं रेंगती। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री इस्तीफा दें और गृह मंत्री को बर्खास्त किया जाए। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने प्रदेश की भाजपा पर निंदा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के राज में प्रदेश में चारों ओर अराजकता फैली हुई है। सरकार चलाने वाले कानून व्यवस्था को नहीं संभाल पा रहे है। पुतला दहन में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, पीसीसी प्रवक्ता रूपेश दुबे, महामंत्री झम्मन देवांगन, हनी ग्रेवाल, ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# जनता कालोनी में कम पानी आने की शिकायत



■ पाईप लाईन चेक करने तथा कंचन बाग टंकी पूरा भरने पश्चात सप्लाई के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लखोली के कई क्षेत्रों में पानी नही आने व कम पानी आने की शिकायत है। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सुबह अधिकारियों के साथ कंचनबाग, जनता कालोनी में पैदल भ्रमण कर लोगों से रूबरू हो पानी सप्लाई के संबंध में चर्चा की और अधिकारियों को व्यवस्था दुरूस्त करने निर्देश दिये। लखोली क्षेत्र के जनता कालोनी तथा आस पास कम पानी आने की प्राप्त शिकायत के आधार पर आयुक्त ने क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों से जानकारी ली, लोगों ने कहा कि जनता कालोनी ठीक से पानी नहीं आ रहा है। आयुक्त ने उनकी बातों को सुन, पार्षद मनीष साहू व गप्पू सोनकर से चर्चा कर कंचन बाग टंकी का निरीक्षण कर कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके से कहा कि पानी नही आने व कम आने के कारणों की जांच करें, टंकी पूरी भरने के पश्चात पानी सप्लाई करे, वाल्वमेन को चेतावनी देने कहा। उन्होंने कहा कि जिन जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या है, वहां पाईप लाईन की जांच कर निराकरण करे। उन्होंने टाका घर पहुंच जल विभाग सहित मोटर विद्युत के कर्मचारियों की जानकारी ली तथा प्रभारी से कहा कि सभी कर्मचारी समय में उपस्थित होकर फिल्ड में जावे और शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करे।

# अपुलिस अधीक्षक ने कई पुलिस कर्मियों को किया लाइन अटैच

## बलरामपुर थाने में मृत स्वास्थ्य कर्मचारी गुरु चंद मंडल का मामला

पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com




8 पुलिसकर्मियों को किया गया लाइन अटैच

स्वास्थ्य कर्मचारी गुरु चंद मंडल के पुलिस थाना में संदिग्ध मौत के बाद पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल के द्वारा प्रधान आरक्षक समेत 8 पुलिस कर्मियों को लाइन अटैच किया गया है।

लाइन अटैच किए गए पुलिस कर्मियों में प्रधान आरक्षक और आरक्षक भी शामिल है। इससे पहले निरीक्षक प्रमोद रूसिया एवं आरक्षक क्रमांक 1064 अजय यादव को सस्पेंड कर दिया गया था। उक्त मामले की न्यायिक जांच करने की आदेश पारित हो चुकी है। गौरतलब है कि बलरामपुर थाने में पुलिस हिरासत में गुरू चंद मंडल नामक युवक की मौत हो गई थी इसके बाद परिजनों और क्षेत्र के लोगों ने बलरामपुर थाने में तोड़फोड़ करने के बाद कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई थी दूसरी तरफ परिजनों ने भी युवक का शव लेने से इनकार कर दिया था और बलरामपुर में खूब हंगामा हुआ था इसके बाद यहां कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित कांग्रेस के बड़े नेता पहुंचे थे तो रामानुजगंज विधायक राम विचार नेताम भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे।

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने पुलिस के कार्य प्रणाली पर उठाय सवाल

दीपक बैज ने उक्त मामले को लेकर कहा कि गुर चंद मंडल की मौत हुई तो उनके स्वजन को अलग बंद क्यों रखा गया ? पंचनामा करने के बाद शव को क्यों नहीं उत्तारा गया? पोस्टमार्टम के समय स्वजन को शव क्यों नहीं देखने दिया गया? उनके समक्ष पंचनामा क्यों नहीं हुआ? पोस्टमार्टम के बाद सबूत मिटाने के लिए शव को जलाने के लिए जबरदस्ती ले जाया गया? पुलिस सच को छिपाना चाहती थी? गुरुचंद मंडल की हत्या हुई है जिसे आत्महत्या का स्वरूप देने का प्रयास पुलिस के द्वारा किया गया?

### स्वजन को पांच लाख रुपए तो पुत्र की पढ़ाई का खर्च उठाने का लिया जिम्मा

रामानुजगंज विधायक रामविचार नेताम शनिवार की शाम संतोषी नगर पहुंचे। उन्होंने गुरुचंद मंडल के माता-पिता के अलावा पीड़ित परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। घटना के संबंध में स्वजन से जानकारी लेने के साथ ही उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने ने अपनी ओर से पीडित परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। उन्होंने मृतक के पुत्र की पढ़ाई का सारा खर्च वहन करने की घोषणा करते हुए कहा कि गुरुचंद मंडल का पुत्र जहां भी पढ़ेगा,जब तक पढ़ेगा,उसे पढ़ाएंगे। व्ही छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से मृतक के स्वजन को पांच लाख रुपये देने की घोषणा करते हुए कहा कि प्रकरण की जांच चल रही है। जांच में जो भी रिपोर्ट सामने आएगा,उसके आधार पर कानून अपना काम करेगी।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के शपथग्रहण समारोह तथा महाशिविर ज्वाल कार्यक्रम में विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढफुलझर में भारत स्काउट एवं गाइड संघ के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह एवं महाशिविर ज्वाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। मिस्टर एंड मिसेज बेडेन पावेल के छायाचित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों एवं पदाधिकारियों का स्वागत स्कार्फ से किया गया। विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने कहा भारत स्काउट गाइड सेवा का एक माध्यम है। इसके माध्यम से मानवता के अनेकों कार्य किए जाते हैं। संघ इन्हीं गतिविधियों को आगे बढ़ाने का काम करता है। स्काउट गाइडस समाज के पथ प्रदर्शक के रूप में अग्र पंक्ति में खड़े होने वाले आदर्श होते हैं, जो रोल मॉडल की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने स्काउट गाइड के महत्व को बताते हुए कहा कि यह संगठन बच्चों में चरित्र निर्माण एवं सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाली एक महत्वपूर्ण संगठन है। स्काउटिंग सेवा भाव जागृत करता है यह समाज में एक बेहतर वातावरण तैयार करने हेतु आवश्यक है।स्काउट संघ नैतिक मूल्यों की वृद्धि के साथ जीवन को आदर्श बनाने के लिए यह संगठन कार्य करता है। स्काउट गाइड से अनुशासन का बोध होता है और अनुशासन में रहकर कार्य करने पर सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनकी उज्वल भविष्य की कामना की। पूरे शिविर के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा शिविरार्थियों को स्काउटिंग क्या है, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्रार्थना, राष्ट्रगान, बच्चों में चारित्रिक विकास, विकासात्मक प्रशिक्षण बालकों की विकासात्मक वेस्को की प्रशिक्षण, सिगनलिंग, मैपिंग, हैकिंग, नोटिंग, प्राथमिक चिकित्सा, दल संचालन, ग्रुप प्रणाली, टोली विधि, के बारे में जानकारी दिया गया। भारत में स्काउटिंग की शुरुआत साल 1909 में हुई थी। भारत स्काउट गाइड का प्रतीक चिह्न तिपतिया घास पर लगा हुआ एक पुष्प-पत्ती है। भारत स्काउट गाइड का मकसद मानवजाति की सेवा और प्रकृति के संरक्षण के लिए तैयार रहना है। स्काउट गाइड से जुड़ी गतिविधियों से छात्र-छात्राओं के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और भावनात्मक विकास में मदद मिलती है।

# बहादुरों का किया पुलिस ने सम्मान, नदी में गिरी 19 स्कूली बच्चों की बस से सकुशल बच्चों को निकालने वाले ग्रामीणों का हसौद पुलिस ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com





थाना - हसौद जिला - सक्ती (छ0ग0) के अंतर्गत अनियंत्रित होकर स्कूल वैन पिसौद एनीकट सोन नदी पानी मेंगिरने से डूब रहे 19 स्कूली बच्चों को निकालने वाले चारो युवकों को पुलिस थाना हसौद में सम्मान किया गया, तथा इस कार्यक्रम में जिले की उप पुलिस अधीक्षक अंजली गुप्ता सहित थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ मौजूद थे. मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 23.10.2024 को हैप्पी पब्लिक स्कूल हसौद का स्कूल वैन सुबह करीबन 07.30 से 08.00 बजे के मध्य ग्राम बरेकेलखुर्द, ग्रामपिसौद के बच्चों को लेकर ग्राम पिसौद और ग्राम हसौद के बीच सोन नदी मे बने एनीकट से होकर हसौद जा रहा था जहां स्कूल वैन अनियंत्रित होकर नदी में गिर गया, स्कूल वेन में 19 स्कूली बच्चे सवार थे जो डूब रहे थे जिसे बीरबल यादव ग्राम पिसौद, संतोष कुमार यादव, महेन्द्र भार्गव ग्राम हसौद एवं ग्राम धमनी का विकास कोयल द्वारा साहस दिखाते हुए सभी बच्चो को एक एक करके सोन नदी के पानी से सकुशल बाहर निकाले थे। उन सभी का पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के आदेशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चंद्रपुर (डभरा)जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा शाल-श्रीफल, मिठाई एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया उक्त कार्यक्रम मे थाना प्रभारी निरीक्षक विंटन साहू एवं थाना स्टॉप उपस्थित थे।

# एसर का सर्वश्रेष्ठ नया गूगल टीवी की मांग अब प्रदेश में सबसे ज्यादा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




मोबाईल ऐंडसेट एवं एलईडी टीवी का एक्सक्लूजिव भव्य शोरुम मालवीय रोड एवं कटोरा तालाब स्थित लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं शापिंग माल में सुप्रसिद्ध कंपनी 'एसर का सर्वश्रेस्ठ नया पूरे प्रदेश में सबसे अच्छी डिमांड इस बार एसर एलईडी आ रही है इस में पहली बार गुगल एनराइड 14 AI का प्रोसेसर का इस्तमाल ष्थ्ठ्ठ की है 32 इंच से 85 इंच तक आप को ये प्रदेश के सारे नामी टीवी और मोबाइल के शो रूम में उपलब्ध है। गूगल टीवी QLED एवं जी सीरीज गूगल टीवी में नई रेंज को उपलब्ध कराया गया है जिसकी अच्छी मांग बनी हुई है। धनतेरस एवं दीपावली पर्व को देखते उए संस्थान के संचालक राजेश वासवानी एवं कैलाश वासवानी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि एसर का नया 4K अल्ट्रा एचडी जी सीरिज गूगल टीवी 32" HD, 43" FHD, 43" UHD, 50" UHD एवं 65" UMD की लेटेस्ट नई रेंज व 80 वाट का साउंड को उपलब्ध कराया गया है। इस टीवी को 12999/- प्रारम्भ किया गया है यही सुपर सीरीज गूगल टीवी QLED को 32" HD, 43" UHD, 50" UHD, 55" UHD, 65" UHD, 75" UHD एवं 85" UHD की लेटेस्ट नई रेंज आकर्षक खूबियों के कारण उपलब्ध कराया गया है। Q LED टीवी की प्रारंभ रेंज 14,999/- रखी गई है। उन्होंने आगे बताया कि एसर टीवी के अधिकृत वितरक जय बाबा किशाराम इंटरप्राइजेस को नियुक्त किया गया है। इस बार मोबाइल के व्यापार के साथ एसी को अपनी कंपनी शॉप में एसी और एलईडी को अपनी शॉप में ग्राहकों के लिए प्रस्तुत किया हैं जिसकी बहुत भारी सफलता हमें इस बार देखने को मिली और अमेरिका की कंपनी ब्लैक एंड डेकर एसी जो 52 डिग्री सेल्सियस तक कॉलिंग कश्मीर की जैसी काम करती है और उसे ग्राहकों को देने के पश्चात ग्राहकों का रिजल्ट भी हमें बहुत अच्छा प्राप्त हुआ है। हमारे यहाँ ब्रांडेड कंपनी की एसी 30000 से लेकर 52000 तक की रेंज में उपलब्ध है साथ साथ एसर एलईडी एच प्रो 4द्म अल्ट्रा इसमे आपको मिलते है Dual Band के साथ जिसमे आपको इंटरनेट का अनुभव बहुत ही हाइ लेवल पर मिलता है। इसके अंदर सारे ओ टी टी प्लेट फार्म देखने को मिल जाएंगे और फ्रेंनलेस डिस्प्ले के साथ मे एसर स्मार्ट टीवी के अन्दर अल्ट्रा ए ई डी डिस्प्ले है जिसमे आपके गेम खेलने का मजा भी बढ़ जायेगा अनेको खूबियों के कारण ब्लैक एंड डेकर प्रोडक्ट की मांग भारी बनी हुई है।

# मेटल स्क्रेप पर कर अपवंचन को रोकन के लिए लाये गये कड़े प्रावधान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



केन्द्र सरकार ने 54वीं जीएसटी काउंसिल की अनुशंसा को मानते हुए मेटल स्क्रेप खरीदी बिक्री पर नये जीएसटी कर प्रावधान लागु किये गये है जो 10 अक्टूबर 2024 से प्रभावी हो गए इसके तहत नोटिफिकेशन नंबर 6/2024 (रेट) के द्वारा सरकार यह प्रवाधानित की है कि अगर स्क्रेप की खरीदी पंजीकृत व्यापारी द्वारा अपंजीकृत व्यापारी से की जायेगी तो पंजीकृत व्यापारी को 18 प्रतिशत की दर्ज से रिवर्स चार्ज के माध्यम से कर चुकाकर आगत कर लेना होगा इसी तरह यह भी प्रवाधानित किया गया है कि अगर अपंजीकृत व्यापारी का व्यापार पंजीकरण की सीमा 40 लाख से उपर हो जाता है तो उस दशा में उसे अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन लेना पड़ेगा उसे इस बात की छुट नही रहेगी कि उसके व्यापार में आर.सी.एम. के प्रावधान लागू हैं इसलिये वह रजिस्ट्रेशन से नियम अनुसार छुट प्राप्त करता है। एक अन्य अधिसूचना क्रमांक 25/2024, 09.10.2024 के तहत यह प्रवाधानित किया गया है कि अगर पंजीकृत स्क्रेप के व्यापारी दूसरे पंजीकृत व्यापारी को स्क्रेप सप्लाई करता है और स्क्रेप का मूल्य 250000 रूपये से अधिक होता है तो क्रेता व्यापारी पर यह दायित्व डाला गया है कि वह 2 प्रतिशत की दर से जीएसटी टीडीएस काटे, जो विक्रेता व्यापारी अपने रिटर्न के माध्यम से उक्त रकम को या तो अपने कर दायित्व से समायोजित कर सकेगा अथवा रिफण्ड प्राप्त कर लेगा। क्रेता व्यापारी को धारा 52 के तहत टीडीएस रजिस्ट्रेशन आर.ई.जे. - 7, के माध्यम से पोर्टल में करवाना पड़ेगा और आगामी महिने के 10 तारीख तक विक्रेता व्यापारी की काटी गई टीडीएस की राशि अनिवार्य रूप से जीएसटी आर 7 के माध्यम से पोर्टल के माध्यम से जमा करवाना पड़ेगा।

# अमेजन.इन के साथ अपने दिवाली त्योहार को करें रोशन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

पार्टी के लिए एकदम सही चीजों के साथ अपने दिवाली त्योहार को इस बार सही रूप में यादगार बनाएं। चाहे आप पार्टी बीट्स की खोज कर रहे हों या दिवाली गेट-टुगेदर के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं, अमेजन.इन पर सैमसंग गैलेक्सी द्वारा प्रायोजित और सोनी प्लेस्टेशन द्वारा सह-प्रयोजित दिवाली स्टोर आपको हर वो चीज उपलब्ध कराएगा जिसकी आपको जरूरत है। अमेजन.इन पर दिवाली स्टोर को एक्सप्लोर करें और पार्टी के लिए जरूरी उत्पादों पर रोमांचक ऑफर्स हासिल करें। आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एचएसबीसी बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड ट्रांजैक्शन और क्रेडिट कार्ड ईएमआई पर 10 प्रतिशत या 9,000 रुपए तक की बचत करें। अमेजन.इन की ओर से सोच-समझकर बनाए गए विशेष ऑफर्स के साथ दिवाली मनाएं, जिसे इस त्योहारी सीजन को वास्तव में खास बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। 10,000 रुपए से अधिक की खरीदारी पर चुनिंदा होम और किचन एप्लाएंसेस पर 1000 रुपए की छूट के साथ अपने घर को रिफ्रेश करें, या 1500 रुपए के न्यूनतम खर्च के साथ घर, किचन और आउटडोर सामान पर 300 रुपए तक की छूट का फायदा उठाएं। एथनिक वियर, वॉच और स्मार्टवॉच पर एक्सक्लूसिव डील्स के साथ प्रमुख फैशन और ब्यूटी ब्रांड्स पर 80 प्रतिशत तक की बचत का लाभ उठाएं। प्रीमियम स्मार्टफोन पर 40 प्रतिशत तक की छूट और 999 रुपए प्रति माह से शुरू होने वाली ईएमआई के साथ हर यादगार पल को कैप्चर करें। एप्लाएंसेस पर 75 प्रतिशत तक की छूट, और 16,000 रुपए तक के अतिरिक्त एक्सचेंज डिस्काउंट और 12,000 रुपए तक के इंस्टैंट बैंक डिस्काउंट के साथ अपने घर को करें अपग्रेड।

# सैमसंग ने भारत में सैमसंग हैल्थ के लिए नया मेडिकेशंस ट्रैकिंग फीचर लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने अपने सैमसंग हेल्थ ऐप2 में मेडिकेशंस ट्रैकिंग फीचर1 को जोड़ा है। इससे यूजर्स को उनके स्वास्थ्य को ज्यादा बेहतर ढंग से मैनेज करने में मदद मिलेगी। यह फीचर न केवल यूजर्स को उनकी निर्धारित या ओवर-द-काउंटर दवाओं पर नजर रखने में मदद करेगा, बल्कि महत्वपूर्ण चिकित्सा जानकारी और टिप्स भी मुहैया कराएगा। यह फीचर उन लोगों के लिए समय पर दवा लेने की निरंतरता पर निगरानी रखने में मदद कर सकता है, जो हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, पीसीओएस, पीसीओडी और अन्य पुरानी बीमारियों की वजह से लंबे समय से दवा ले रहे हैं और जिन्हें समय पर दवा लेने की आवश्यकता होती है। सैमसंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, नोएडा के मैनेजिंग डायरेक्टर क्यूंगयून रू ने कहा, सैमसंग एक ऐसा ब्रांड है जो अपने ग्राहकों को सबसे अधिक महत्व देता है और उनकी रोजाना की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए लगातार उत्पादों और सेवाओं पर काम करता है। हम डिवाइसेस और सेवाओं को जोड़कर लोगों को उनके स्वास्थ्य को बेहतर ढंग से समझने और उसे मैनेज करने के लिए एक संपूर्ण हेल्थ प्लेटफॉर्म बनाना चाहते हैं। सैमसंग हेल्थ ऐप में भारत के लिए मेडिकेशन फीचर के जुड़ने के बाद हमारा मानना है कि यूजर्स अपनी दवाओं को अधिक आसानी से मैनेज करेंगे, समय पर दवा लेंगे और आखिरकार अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाएंगे। मेडिकेशन फीचर सैमसंग की अनुसंधान एवं विकास, डिजाइन और उपभोक्ता अनुभव टीमों के बीच सहयोगात्मक कोशिशों का नतीजा है।

# स्वाद, शक्ति व शुद्धता ही 'गाया' की वास्तविक पहचान




- वामा डेयरी प्लांट से लिए गए सभी उत्पाद शुद्धता की कसौटी पर खरे उतरे

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मिल्क प्रोडक्ट में बाजार में कई ब्रांड्स मौजूद हैं,पर आम लोगों के बीच सेहत के लिए शुद्धता ही 'गाया' की वास्तविक पहचान हैं। अमूमन त्यौहारी सीजन में किसी प्रकार की मिलावट को लेकर लोगों में संशय की स्थिति बनी रहती है। लेकिन हम बात गाया प्रोडक्ट की करें तो वामा डेयरी प्लांट से लिए गए सभी दूध और दुग्ध उत्पाद हाल ही में शुद्धता के मानकों पर सौ फीसदी खरे उतरे हैं। महासमुंद जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा की गई इस टेस्टिंग में सभी उत्पादों की गुणवत्ता और शुद्धता का प्रमाण दिया गया है। हालांकि यह जांच की नियमित व सतत प्रकिया के तहत थी,आपको बता दें कि किसी प्रकार की कोई शिकायत आज तक गाया के किसी प्रोडक्ट को लेकर नहीं मिली है। इसलिए कहते हैं गाया है.. तो भरोसा है..। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त नीतेश मिश्रा ने कहा कि हमारी जांच में गाया के सभी उत्पाद पूरी तरह से शुद्धता के सभी मापदंड पर खरे उतरे हैं। किसी भी प्रकार की मिलावटी वस्तु का जांच के दौरान कोई प्रमाण नहीं मिला है प्लांट में सभी सुरक्षा और स्वछता मानकों पर खरा पाया गया, त्यौहारी समय में हम लगातार इस प्रकार की जांच करते है जो हमारी निरंतर कार्य की प्रक्रिया है। वहीं इस संबंध मे वामा डेयरी के डायरेक्टर मोहित धारीवाल का कहना है कि वामा डेयरी का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को शुद्ध और पौष्टिक उत्पाद प्रदान करना है और इस जाँच ने इस प्रतिबद्धता को और भी मजबूत कर दिया है। हमने हमेशा गुणवत्ता व क्वालिटी प्रोड्क्ट दिया है। लोगों के सेहत का ध्यान रखना हमारी भी जिम्मेदारी है। यही वजह है पूरे भरोसे के साथ गाया के प्रोडक्ट बाजार में बिकते हैं।

# शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही और पहली छः माही में किया शानदार प्रदर्शन

- वित्तीय वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में राजस्व 635 करोड़ रुपये, वित्तीय वर्ष 25 की पहली छः माही में रहा 1,202 करोड़ रुपये

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड (एसपीआईएल) ने 30 सितंबर 2024 को खत्म होने वाली तिमाही और छः माही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा की। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन, दिनेश पाटीदार ने कंपनी के हालिया प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, 'हमें यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमारी कंपनी ने एक और तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि और लाभप्रदता में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी हुई है। इसने वित्तीय वर्ष की पहली छः माही को भी महत्वपूर्ण बना दिया है। हमारी उपलब्धियाँ डोमेस्टिक और इंटरनेशनल दोनों क्षेत्रों में ऑर्डर के तेज एक्सक्यूशन का प्रत्यक्ष परिणाम है। प्रॉफिट मार्जिन में भी उल्लेखनीय विस्तार देखा गया, जो मुख्य रूप से इकोनॉमीज ऑफ स्केल के साकार होने के कारण हुआ है, जिसे तिमाही के दौरान बढ़ी हुई ऑपरेशनल ऐक्टिविटी द्वारा बेहतर बनाया गया था। हमारे आर्डर का प्रवाह मजबूत बना हुआ है, सितंबर 2024 तिमाही के अंत तक, हमारी कंपनी की बकाया ऑर्डर बुक लगभग रु. 1,800 करोड़ थी। पीएम-कुसुम योजना में अग्रणी स्थिति को देखते हुए, हमें विश्वास है कि हमें भविष्य में भी बड़ी मात्रा में ऑर्डर मिलते रहेंगे, जो हमारे निरंतर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आखिर में, हमारे मजबूत ऑर्डर बुक और लगातार नए ऑर्डर पाने की सफलता को देखते हुए, हमें विश्वास है कि हम इस वर्ष अपेक्षा से बेहतर परिणाम देंगे। यह विश्वास हमारी उन्नत बैकवर्ड इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कैपिबिलिटीज के सपोर्ट से वर्तमान ऑर्डरों को कुशलतापूर्वक निष्पादित करने की हमारी क्षमता से भी पैदा हुआ है। इसके साथ ही, हम खुदरा व्यापार और ईवी व्यापार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने पर भी केंद्रित रहेंगे, जो भविष्य में लगातार बेहतर वित्तीय प्रदर्शन में योगदान देगा।

## जशपुर में 40 लाइका घर किया जा रहा संचालित, 80 केयर टेकर बच्चों की देखभाल कर रहे है

# जशपुर नगर के ललिता नाग एवं सुंदर लाल साय को दिल्ली में चाइल्ड केयर अवार्ड से किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com







जिले की पोषण महिला कार्यकर्ता ललिता नाग एवं किनकेल सरपंच सुंदर लाल साय को शुक्रवार को दिल्ली में फोर्सेस द्वारा अंतरराष्ट्रीय देखभाल और सहायता दिवस 2024 के अवसर में भारत के बाल देखभाल श्रमिकों का जश्न मनानेश् के अवसर पर चाइल्ड केयर चौंपियंस अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया स जिला प्रशासन और एकजुट संस्था के माध्यम से जशपुर जिले में लइका घर का बेहतर संचालन किया जा रहा है।

जिले के जशपुर विकासखंड में 40 लइका घर संचालित किया जा रहा है। और 80 केयर टेकर बच्चों की देखभाल कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि एकजुट भारत में एक गैर-लाभकारी/सरकारी स्वैच्छिक संगठन है जो छत्तीसगढ़ में जशपुर एवं धरमजयगढ़ प्रखंड में बच्चों के कुपोषण की रोकथाम पर कार्य कर रहा है। दोनों को एकजुट संगठन द्वारा नामित किया गया था। वर्तमान में यह संगठन कई राज्यों छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, बिहार, राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में 500 से अधिक क्रेच / लाइका घर चला रहा है, जिसमें लगभग 10,000 छोटे बच्चे शामिल हैं। जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले,विभिन्न राज्यों से नामांकित व्यक्ति थे, जिनमें पंचायतीराज संस्थाओं के सदस्य भी शामिल थे, जिन्होंने बच्चों के लिए कुछ अच्छे काम किए हैं और पूरे भारत में सभी नामित कार्यकर्ता थे। 8 पुरस्कार विजेताओं में से 4 विजेता एकजुट से थे। एकजुट के क्रेच मॉडल में संपूर्ण डे केयर सेवाओं का संग्रह है, जिसमें संरक्षित वातावरण, स्वच्छ पेयजल, गर्म पका हुआ भोजन और हस्तनिर्मित खिलौनों का उपयोग करके इंटरैक्टिव गेम जैसी सुविधाएं शामिल हैं। काम का यह व्यापक चक्र प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास एवं देखभाल, वृद्धि निगरानी, बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और महिलाओं के सशक्तिकरण को सुनिश्चित करता है। एकजुट 22 वर्षों से काम के लिए प्रतिबद्ध है।

### बच्चों की देखभाल में दोनों की भूमिका सराहनीय

ललिता नाग जशपुर से नीमगांव के लाइका घर में कार्यरत है और एकजुट संस्था से जुड़कर 6 महीनों से तीन साल के बीच के छोटे बच्चों की देखभाल और सहायता में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। सुंदरलाल साय किनकेल सरपंच जशपुर से है जो उनके पंचायत अंतर्गत चल रहे लाइका घर केरे और किनकेल गांव में महत्पूर्ण योगदान प्रदान करते आ रहे हैं ।

# 67 वर्षो से विश्वास की कसौटी पर खरा अनोपचंद तिलोक चंद ज्वेलर्स

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



माध्यभारत का सबसे प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड एटी अपनी उत्कृष्ट ज्वेलरी के लिए एक प्रख्यात नाम है। चाहे चांदी के गहने, गिफ्ट आयटम, एंटीक या फिर लाइट, हैवी वेट गोल्ड ज्वेलरी या फिर डायमंड ज्वेलरी, पोलकी, रजवाडा ज्वेलरी ही क्यूँ न हो एटी की हर एक ज्वैलरी यूनिक डिजाइन, सूक्ष्म कारीगरी, वाजिब मूल्य को प्रगट करती हैं। एटी के रायपुर में तीन शो रूम संचालित है कोतवाली चौक, सदर बाजार और न्यू क्लाथ मार्केट पंडरी उपरोक्त जानकारी देते हुए तिलोक बरडिया, शांतिलाल बरडिया, अशोक बरडिया ने बताया कि 67 वर्षो से वे सराफा व्यवसाय में लगे हुए हैं। ग्राहकों की हर वो पसंद को जानते हैं, उसी अनुरूप वे अपने ज्वेलरी कारखाने में हुनरमंद ज्वेलरी डिजाइनर के द्वारा की गई विश्वस्तरीय ज्वेलरी डिजाइन तैयार करते हैं, जो कि अपने आप में यूनिक हो। हर शुभ अवसरों के अलावा वैवाहिक ज्वेलरी की डिजाइने शो रूम में उपलब्ध हैं। बरडिया ने बताया कि वे अपने ग्राहकों की पसंद और उनके बजट को ध्यान में रखते हुए ज्वेलरी का निर्माण रायपुर, मुंबई, अहमदाबाद, कोलकाता के अपने कारखाने में कराते हैं, जो कि कैडमियम के टांके और हॉलमार्क की सत्यता को प्रमाणित होने के बाद ही शो रूम में बिक्री के लिए उपलब्ध होती है। ग्राहकों को जरूरत अनुसार ज्वेलरी रिपेयरिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

# डिप्टी सीएम साव ने मनियारी नदी पर बनने वाले पुल का किया शिलान्यास

## 5.81 करोड़ की लागत से बनेगा उच्च स्तरीय पुल, 11 गांवों को मिलेगी राहत

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड में मनियारी नदी पर बनने वाले उच्च स्तरीय पुल का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम कारीडोंगरी में पांच करोड़ 81 लाख रुपए की लागत से इसका निर्माण किया जाएगा। मनियारी नदी पर इस पुल के निर्माण से क्षेत्र के 11 गांवों को राहत मिलेगी और वहां के रहवासी बारहों महीने निर्बाध आवागमन कर सकेंगे। इससे दरवाजा, कन्सेरी, अखरार, खाम्ही, घनाघाट, डोंगरिया, कारीडोंगरी, जाखड़बांधा, खुड़िया, महामाई और लमनी गांवों की करीब 11 हजार की आबादी लाभान्वित होगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा 120 मीटर लंबे इस उच्च स्तरीय पुल के निर्माण का कार्य एक वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विभागीय अधिकारियों को पुल के निर्माण में पूरी गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री साव ने पुल के भूमिपूजन और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं। गांवों, गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुंगेली जिले में भी सड़क, पुल, पुलिया सहित विभिन्न निर्माण कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। उन्होंने कारीडोंगरी में मनियारी नदी पर उच्च स्तरीय पुल के निर्माण के लिए क्षेत्रवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह स्थानीय रहवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग थी, जिसके आज पूरे होने की शुरूआत हो गई है। कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, वनमंडलाधिकारी संजय यादव और जिला पंचायत के सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधि तथा नागरिक भी शिलान्यास कार्यक्रम में मौजूद थे।

### घुमका जल्द बनेगा नगर पंचायत डिप्टी सीएम साव ने दिया आश्वासन

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने राजनांदगांव जिले के घुमका ग्राम पंचायत की सरपंच, पंचों और ग्रामीणों की मांग पर घुमका को नगर पंचायत बनाने का आश्वासन दिया है। उप मुख्यमंत्री साव से रायपुर स्थित उनके निवास पर घुमका की सरपंच फूलमती वर्मा ने अपने पंचों और ग्रामीणों के साथ मुलाकात कर घुमका को नगर पंचायत बनाने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि गांववाले काफी दिनों से इसकी मांग कर रहे हैं। गांव की आबादी छह हजार से अधिक हो गई है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री को गांववालों की तरफ से आवेदन सौंपते हुए इसके लिए आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया।

# मृत्यु पूर्व दिया बयान ही दोषसिद्धी के लिए विश्वसनीय माना जाएगा : हाईकोर्ट

पायनियर संवाददाता ᐸ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बलौदा बाजार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। डिवीजन बेंच ने मृत्यु पूर्व बयान के आधार पर कोर्ट द्वारा दिए जाने वाले फैसले के संबंध में महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। कोर्ट ने साफ कहा है कि ऐसे मृत्यु पूर्व बयान स्वीकार किए जाने चाहिए जिसमें बयान देने वाले या वाली बिना किसी दबाव व झलकपट से दूर पूरी मानसिकता के साथ मजिस्ट्रेट के समक्ष अपनी आपबीती बता रहा हो। डिवीजन बेंच ने इस टिप्पणी के साथ द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बलौदा बाजार के फैसले को बरकरार रखते हुए अपील खारिज कर दी है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम करमाडीह निवासी धरमदास चतुर्वेदी ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में अपील पेश की थी। ग्राम सिरसा निवासी गौतम धृतलहरे की शादी मृतक दुलौरिन बाई से एक साल पहले हुई थी। गौतम पर आरोप है कि पत्नी दुलौरिन बाई के ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगा दी थी। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना तिथि 20/03/2012 को नायब तहसीलदार द्वारा मृत्यु पूर्व बयान दर्ज किया गया था। मृत्यु पूर्व बयान में बुरी तरह घायल पत्नी ने बताया कि मामूली विवाद पर उस पर मिट्टी तेल डालकर पति ने आग लगा दी। मृतका की मां, पिता और बहन ने भी इसकी पुष्टि की। मृतका को इलाज के लिए पहले बलौदा बाजार के शासकीय अस्पताल लेकर आए थे। इसके बाद, उसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर के मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित कर दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण गंभीर रूप से जलने के कारण बताया गया। मृत्यु पूर्व बयान के आधार पर पुलिस ने पति गौतम धृतलहरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया। मामले की सुनवाई द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बलौदा बाजार के कोर्ट में प्रारंभ हुई। गवाहों के बयान के आधार पर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने मृत्यु पूर्व दिए गए बयान पर विश्वास नहीं किया और आरोपी पति को संदेह का लाभ देते हुए रिहाई का आदेश दिया। अपीलकर्ता के अधिवक्ता ने डिवीजन बेंच के समक्ष पैरवी करते हुए कहा कि सत्र न्यायालय विषय-वस्तु को समझने में पूरी तरह से विफल रहा। मृत्यु पूर्व बयान मृतक द्वारा मानसिक रूप से सचेत अवस्था में दिया गया था और नायब तहसीलदार सुंदरलाल हिरवानी द्वारा सिद्ध किया गया है। घटना सुबह 11 बजे हुई और मृत्यु पूर्व बयान दोपहर 1 बजे दर्ज किया गया, जो घटना के तुरंत बाद था, इसलिए ऐसे मृत्यु पूर्व बयान पर भरोसा करने के लिए कोई अस्पष्टता नहीं बची थी। स्वतंत्र गवाह होने के नाते, उक्त मृत्यु पूर्व बयान को खारिज नहीं किया जा सकता था।

# सहकारिता सचिव ने धान उपार्जन केंद्र का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



सहकारिता विभाग के सचिव तथा बेमेतरा जिले के प्रभारी डॉ. सी. आर. प्रसन्ना ने गत दिवस बेमेतरा जिला के धान उपार्जन केंद्र लोलेसरा पहुचें। उन्होंने वहां धान खरीदी के लिए की गयी तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने बायोमेट्रिक से की जाने वाली और अन्य कम्प्यूटर आधारित प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डॉ. प्रसन्ना ने अधिकारियों से कहा कि धान बेचने आने वाले किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े यह सुनिश्चित किया जाये। उन्हें छाव, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था पहले से ही कर ली जाए। किसानों को भुगतान भी समय पर हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने केंद्र में मौजूद किसानों से बातचीत की और फसल आदि की जानकारी ली। पिछले साल बेची धान और मिले बकाया बोनस की भी जानकारी ली। किसानों ने कहा कि पिछले साल बेची धान का भुगतान भी समय पर मिला और बकाया बोनस की राशि भी बैंक खाते में आ गयी थी।

# पूर्व सांसद और रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी ने किया जनसंपर्क

- बृजमोहन अग्रवाल के साथ मिलकर रायपुर दक्षिण विधानसभा की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम करेंगे : सुनील सोनी

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व सांसद और रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी ने आज मंडल- लाखे नगर, चंद्रशेखर आजाद वार्ड और मंडल- सदर बाजार, ब्राह्मण पारा वार्ड में जनसंपर्क किया इस दौरान क्षेत्र की जनता ने प्रत्याशी सुनील सोनी का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। पूर्व सांसद सुनील सोनी ने जनसंपर्क के दौरान भाजपा सरकार आने के बाद छत्तीसगढ़ में स्थापित हुए सुशासन पर चर्चा करते हुए प्रदेश की प्रगति को बताया और रायपुर दक्षिण विधानसभा में विकास को लेकर अपने विजन भी साझा किए जिसमें उन्होंने क्षेत्र में सब ओर सड़क, पानी, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की जनता ने वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल को अपना आशीर्वाद देते हुए लगातार 8 बार विधायक चुनकर भाजपा पर अपने अटूट विश्वास का परिचय दिया है और इसी का परिणाम है कि रायपुर दक्षिण में उन्नति के कमल भी लगातार खिलते रहे हैं। इस बार रायपुर दक्षिण विधानसभा में जब कमल खिलेगा तो बृजमोहन अग्रवाल और आपका सुनील सोनी हम दोनों मिलकर दोगुनी रफ़्तार से क्षेत्र के विकास के लिए करेंगे और रायपुर दक्षिण की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल जाएगी। जनसंपर्क में प्रत्याशी सुनील सोनी के साथ रायपुर पश्चिम से विधायक राजेश मूणत, मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा, पार्षद सावित्री जय मोहन साहू, सत्यम दुआ, रमेश ठाकुर और भाजपा के कार्यकर्तागण भी शामिल हुए।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कोषा की साड़ी भेंट कर अभिनंदन किया



पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के छत्तीसगढ़ आगमन पर विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने सौजन्य मुलाकात मे गुलदस्ता, कोषा की साड़ी भेंट कर अभिनंदन किया। वही दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपने सोशल मिडिया मे पोस्ट कर लिखा, राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू का आगमन छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है, माता कौशल्या, भांचा श्री राम जी के ननिहाल में आपके आगमन से प्रदेशवासी गौरवानीत हुआ है।

# युवक की मौत मामले में आठ पुलिसकर्मियों को हटाया पुलिस पर हमला करने वालों पर एफआईआर दर्ज

पायनियर संवाददाता ᐸ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

बलरामपुर जिले के थाने में युवक की मौत मामले में एक और बड़ी कार्रवाई एसपी ने की है। एसपी ने थाने में पदस्थ 8 पुलिसकर्मियों को हटा दिया है। इससे पहले थाने के टीआई और एक अन्य पुलिसकर्मी को सस्पेंड किया था। अब थाने के आठ पुलिसकर्मियों को हटा दिया गया है। साथ ही थाने में पथराव और पुलिस पर हमला करने वालों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक, थाने में सुसाइड करने वाले युवक का नाम गुरूचरण मंडल था और संतोषीनगर गांव में रहता था। मृतक एलआरएचएम में चपरासी के पद पर तैनात था। कोतवाली पुलिस एक मामले में गुरूचरण को पूछताछ के लिए आये दिन बुला रही थी। घटना वाले दिन भी पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इस दौरान थाने के बाथरूम में गुरूचरण मंडल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया ये भी जा रहा है कि मृतक की पत्नी भी गायब है, इसी संबंध में पूछताछ के लिए उसे थाने बुलाया गया था। इस घटना के विरोध में ग्रामीण थाने पहुंचे थे और चक्काजाम भी किये थे। बीते गुरुवार 24 अक्टूबर की देर शाम फिर से ग्रामीणों की भीड़ थाने का घेराव कर दिए। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ था। आक्रोशित लोगों की भीड़ ने थाने की रेलिंग भी तोड़ दी थी। अगले दिन 25 अक्टूबर को जिला अस्पताल के बाहर लोगों ने जमकर हंगामा मचाया।

# नव संकल्प शिक्षण संस्थान में प्रतियोगी परीक्षा की कराई जा रही तैयारी



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जशपुर जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ मद अंतर्गत संचालित नवसंकल्प शिक्षण संस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता सुनिश्चित करने हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। संस्थान में वर्तमान में नगर सैनिक एवं आगामी छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक भर्ती की तैयारी आवासीय सुविधा के साथ कराई जा रही है। यहां के छात्रों को नवसंकल्प एवं जशपुर पुलिस के द्वारा आयोजित फिजिकल ट्रेनिंग में पुलिस ग्राउंड जशपुर में प्रतिदिन अंतिम चरण हेतु तैयारी कर रहे हैं। छात्रा नमिता बड़ा ने बताया कि दुलदुला क्षेत्र में शासकीय नौकरी की तैयारी करने का कोई विकल्प नहीं था। फिर मुझे अपने दोस्तों से नवसंकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के बारे में जानकारी मिली। मेरा एंट्रेंस परीक्षा के माध्यम से नव संकल्प के लिए चयन हुआ। नमिता ने बताया कि वे ग्रेजुवेशन 2022 में पास की है। अब वह नवसंकल्प शिक्षण संस्थान में सीजी पुलिस और होम गार्ड का साथ-साथ में तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में होम गार्ड का फिजिकल टेस्ट पास की है। नवसंकल्प जशपुर में सुबह से ग्राउण्ड में फिजिकल की ट्रेनिंग दी जाती है। इसके पश्चात् क्लास चलती है। संस्थान में खाने-पीने की अच्छी सुविधा दी जाती है और पढ़ाई बहुत अच्छी चलती है। नमिता ने कहा कि यहां पढ़ाई करके क्वालिफाई जरूर करूंगी।

# भाजपा विकास और कांग्रेस विनाश के लिए कार्य करती है : मीनल चौबे



पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा है कि पिछले 15 वर्षों में कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम क्षेत्र में विकास के नाम पर एक ईंट तक नहीं रखी और एक फूटी कौड़ी तक खर्च नहीं की। चूँकि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं होता, विकास के नाम पर बताने को कोई उपलब्धि नहीं है, इसलिए कांग्रेस अब रायपुर दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव में जातिवाद व धर्म के नाम पर समाज को बाँटकर राजनीति करने का शर्मनाक पैंतरा अपना रही है। कांग्रेस अपने इन ओछे पैंतरों में कतई कामयाब नहीं होगी। भाजपा कार्यालय आहूत पत्रकार वार्ता में रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में कांग्रेस के तीन-तीन महापौरों के कार्यकाल में राजधानी का विकास ठप हो गया है।उन्होंने कहा भाजपा विकास और कांग्रेस विनाश के लिए कार्य करती है। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के महापौर कार्यकाल में जो विकास कार्य हुए, कांग्रेस की निगम सरकार ने न तो उनको सहेजने और सँवारने का काम किया, न ही विकास की ऐसी किसी नई योजना पर काम किया, जिसे वह गिना सके। मीनल चौबे ने कांग्रेस के दो पूर्व महापौर किरणमयी नायक व प्रमोद दुबे और वर्तमान महापौर एजाज ढेबर पर जनहित और विकास की अनदेखी करने का आरोप लगाया और कहा कि आज शहर में न तो लोगों को शुद्ध पानी मिल रहा है, न त्योहारों पर भी पर्याप्त बिजली सुविधा मिल रही है। चहुँओर प्रदूषण ने लोगों का साँस लेना तक दूभर कर दिया है। अवैध कबजों के कारण लोगों को चलने की जगह भी नहीं मिल रही है। उन्होंने यूनीपोल घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 15 वर्षों में नगर निगम को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर रख दिया है। स्मार्ट सिटी फंड की राशि का खुलकर दुरुपयोग किया गया। बहुत सारा टेंडर घोटाला हुआ है। बिना टेंडर के काम करवाए गए।

28 Oct. 2024 Pride Of Raipur

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

DYNAMO
ESCAPE EXPLORE EXHILARATE
Price 72000/- Offer 59,990/- Today Only
3 Year Warranty
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं। बाकि आसान किश्तों में पाएं।
निश्चित उपहार प्रत्येक बुकिंग पर 2999/- देकर बुक करें।
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कैशबैक 5000/-
सिर्फ 9999/- देकर घर ले जायें
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

SAVI Arts ONE STOP SHOP FOR ALL FINE ART ITEMS
Deals In
Resin work and material
Festival decoration
Handmade bandhanwar (Toran)
Diyas
Painting
Crockery items
Tealight holder (Metal/ cloth/ wood etc)
Call Now 8964029818, 8319103510
Savi Arts And Craft Store, Shop No. 4, Business Apartment Near Shankar Nagar, Chowpaty, Beside Post Office, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

9575261555
Vastu समाधान
दीपक गुप्ता
(PGD In Vaastu, MBA, MA, LLB, MSW)
(वास्तुशास्त्री एवं अंक वास्तुशास्त्र)
Life Designer and Mentor
वास्तुशास्त्र- घर, दुकान, ऑफिस, प्लॉक, फैक्टरी, कारखाना का नींव से लेकर निर्माण तक संपूर्ण वास्तु।
अंक वास्तुशास्त्र- हस्ताक्षर वास्तु, नाम स्पलिंग वास्तु मोबाईल नंबर, घर का नंबर, कार एवं अन्य किसी भी प्रकार के नंबर अंक से जीवन में सुख शांति, सफलता और संपन्नता प्राप्त करने के अचूक सरल उपाय।
पता- उषा इस्टेट, B8/6 फ्लोर, पंडरी मोवा ब्रिज के बगल में, रायपुर

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईव देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

बेचना है
रायपुर से 12 किलोमीटर पाटन के बेहतरीन लोकेशन वॉल्फोर्ट ग्रीन के पीछे कोपडीह खुडमुड़ा रोड पर कमर्शियल काम्प्लेक्स, घर एवं गोडाउन बनाने हेतु पूर्व दिशा में 2250 Sqft फीट 58 का फ्रंट प्लाट 1050/- फीट एवं अभनपुर में विशाखापट्टनम रोड से वॉकिंग डिस्टेंस नगरसीमा अंतर्गत 1000 फीट प्लॉट बेचना है।
मो. 8770262964

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्यज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्यज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403